CMYK
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 8 नवम्बर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –190 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





तेलंगाना में कांग्रेस ने केसीआर के खिलाफ रेवंत रेड्डी को उतारा पृष्ठ 3
■ इन चुनावी संकेतों से उभरती भावी सियासी तस्वीर
■ आरएसएस : 'भावनात्मक एकता' के बहाने यथास्थिति कायम ... पृष्ठ 4
■ इजरायली सेना ने हमले के मास्टरमाइंड को खत्म किया
■ फिलिस्तीनियों के तुर्किए आने पर कोई समझौता नहीं : एर्दोगन प्रशासन पृष्ठ 9
जम्पा संभवतः दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सफेद गेंद स्पिनर : आरोन फिंच पृष्ठ 10

# मतदान में भारी उत्साह, सुबह से लंबी-लंबी कतारें, 71 फीसदी पड़े वोट

## भानुप्रतापपुर में सर्वाधिक 79.1 और बीजापुर में सबसे कम 40.98 फीसदी मतदान

**रायपुर, 7 नवम्बर (देशबन्धु)।** पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित 20 सीटों और मिजोरम के सीटों पर मतदान हुआ। छत्तीसगढ़ में मामूली नक्सली वारदात के बीच ही मतदाताओं का उत्साह देखते बना। प्रदेश में लगभग 71 फीसदी मतदान होने की खबर है। कुछ पोलिंग पार्टियों के नहीं लौट पाने के कारण मतदान के प्रतिशत में घट-बढ़ की संभावना है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रों पर मतदान समय बीतने के बाद भी मतदान के लिए मतदाता खड़े रहे। युवा, महिला, बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान में बड़ा उत्साह दिखाया।



छत्तीसगढ़ में आज 20 विस सीटों के लिए हुए मतदान में भानुप्रतापपुर में सर्वाधिक 79.1 फीसदी मतदान और सबसे कम बीजापुर में 40.98 फीसदी मतदान हुआ। पंडरिया में 71.06, कवर्धा में 72,.89, खैरागढ़ में 76.31, डोंगरगढ़ में 77.4, राजनांदगांव में 74, डोंगरगांव में 76.8, खुज्जी में 72.01, मोहला मानपुर में 76, अंतागढ़ में 70.72, भानुप्रतापपुर में 79.1, कांकेर में 76.13, केशकाल में 74.49, कोंडागांव में 76.29, नारायणपुर में 63.88, बस्तर में 71.39, जगदलपुर में 75, चित्रकोट में 70.36, दंतेवाड़ा में 62.55, बीजापुर में 40.98, कोंटा में 50.12 फीसदी मतदान हुआ।

**कई प्रमुख नेताओं का भविष्य ईवीएम में कैद**–इस चरण में जिन प्रमुख नेताओं का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया उसमें पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह भी शामिल है। उनकी हाई प्रोफाइल सीट राजनांदगांव में भी इस चरण मे मतदान हुआ। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की चित्रकोट सीट,राज्य के वरिष्ठ मंत्री मोहम्मद अकबर की सीट कवर्धा,वरिष्ठ मंत्री कवासी लखमा की सीट कोन्टा तथा वरिष्ठ मंत्री मोहन मरकाम की सीट कोन्डागांव में भी आज ही मतदान हुआ। भाजपा के चार वरिष्ठ नेताओं पूर्व मंत्री केदार कश्यप की सीट नारायणपुर,पूर्व मंत्री महेश गागड़ा की सीट बीजापुर तथा पूर्व मंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेन्ड़ी की सीट कोन्डागांव में भी मतदान सम्पन्न हुआ। नक्सल प्रभावित दस विधानसभा क्षेत्रों ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## मिजोरम में 77 फीसदी मतदान

### जोरमथंगा की सीट पर कम मतदान

मिजोरम में सभी 40 सीटों पर वोटिंग हुई। पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार मिजोरम में 77.39 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अब 3 दिसंबर को पता चलेगा कि जनता ने किसे चुना। जिन सीटों पर आज चुनाव हुए उनमें एक चर्चित सीट आइजोल पूर्व-1 है। यहां से मुख्यमंत्री जोरमथंगा मैदान में हैं। इस सीट पर 65.97 फीसदी वोट डाले गए। 2018 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर 80.3 फीसदी मतदान हुआ था। पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, इस बार सेरछिप सीट पर सबसे ज्यादा 83.73 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद तुइकुम सीट सीट पर 83.07 फीसदी और सेर्लुइ सीट पर 83.03 फीसदी मतदान हुआ।

# आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद दूसरी जगह मुठभेड़ में दो घायल



**सुकमा, 7 नवम्बर (देशबन्धु)।** विधानसभा निर्वाचन के दौरान आज नक्सली घटनाओं में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान की मौत हो गई वहीं सर्चिंग के दौरान मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 90 कोण्टा जिला सुकमा के निर्वाचन हेतु मंगलवार को मतदान दिवस के अवसर पर जिले के मतदाता स्वस्फूर्त मतदान करने मतदान केन्द्रों में पहुंचे। हालांकि कुछ क्षेत्रों में पुलिस नक्सली मुठभेड़ आईईडी ब्लास्ट जैसी घटनाएं भी हुई उसके बावजूद मतदाताओं में मतदान करने के लिए उत्साह देखा गया और जिले में 50 फीसदी से अधिक मतदान किया गया। युवा और महिला ने मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। वहीं पर वरिष्ठ और बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया। वे उत्साह से वोट डालने मतदान ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने वाले लोगों से रहें सावधान : प्रियंका



**बालोद, 7 नवम्बर (देशबन्धु)।** । छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण के चुनावी प्रचार के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी मंगलवार को बालोद के जुंगेरा और धमतरी के कुरुद पहुंची। प्रियंका गांधी ने कहा गलती करोगे तो पांच साल भुगतोगे सोच समझकर वोट देंगे तो फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। देशभर में महंगाई चरम पर है लेकिन छत्तीसगढ़ में इसका कोई असर नहीं है। इसलिए कांग्रेस को वोट देकर कांग्रेस की सरकार बनाएं और भरोसे को बरकरार रखें। आप जागरूक रहे। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### राहुल की अंबिकापुर व जशपुर में आज चुनावी सभा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी 8 नवंबर को जशपुर में दोपहर 1 बजे आमसभा को संबोधित करेंगे। वहीं दोपहर 3 बजे अंबिकापुर के कतकालो में आमसभा को संबोधित करेंगे।

# यह चुनाव नहीं छत्तीसगढ़ के नव भविष्य के निर्माण का उत्सव : मोदी

**सूरजपुर, 7 नवम्बर (देशबन्धु)।** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह छत्तीसगढ़ का सिर्फ चुनाव नहीं बल्कि राज्य के नव भविष्य के निर्माण का उत्सव है और इसमें सबको ज्यादा से ज्यादा भागीदारी निभानी है। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भाजपा ने किया, बनाया भी इसी ने और अब यही संवारेगी भी ।राज्य के लोगों के साथ विश्वासघात करने वालों को हटाना होगा।



हमारा घोषणा पत्र संकल्प पत्र, कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का कारोबार

प्रधानमंत्री श्री मोदी जिले के दतिमा जंबूरी ग्राउंड में भाजपा की विजय संकल्प महारैली को संबोधित कर रहे थे ।उन्होंने कहा कि अटलजी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया और छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया। भाजपा ही इसे संवारेगी। हम सत्ता पर नहीं बल्कि सेवा में विश्वास करते हैं। उन्होंनें स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव को याद करते हुए कहा कि सरगुजा ने एक समर्पित नेतृत्व दिया था। ऐसा नेतृत्व, जो गरीबों , शोषितों , वंचितों और ➤➤ शेष पृष्ठ 2

# पिछड़े-अतिपिछड़े का आरक्षण बढ़ना चाहिए : नीतीश

**पटना, 7 नवम्बर (एजेंसियां)।** बिहार सरकार ने मंगलवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जातीय गणना से जुड़ी रिपोर्ट पेश की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सदन में आरक्षण बढ़ाने के मुद्दे पर बड़ा प्रस्ताव रखा है। नीतीश कुमार ने कहा कि पिछड़े और अतिपिछड़े का आरक्षण बढ़ना चाहिए। 50 की जगह 65 फीसद किया जाना चाहिए. पहले से अगड़ी जातियों को 10 प्रतिशत है तो इस 65 प्रतिशत के बाद कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो जाएगा, तब अनारक्षित 25 प्रतिशत बचेगा ।नीतीश कुमार ने एससी के लिए 20, एसटी के लिए 2 और ओबीसी एवं ईबीसी के लिए 43 फीसद आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा।

# कांग्रेस फिर शुरू करेगी भारत जोड़ो यात्रा

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली, 7 नवम्बर (देशबन्धु)।** भारत जोड़ो यात्रा के पहले चरण की सफलता से उत्साहित कांग्रेस अब इसके दूसरे चरण की यात्रा की तैयारी कर रही है। यह यात्रा आगामी 2 दिसम्बर से शुरू हो सकती है। जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा भी कर दी जाएगी। हालांकि इस बार की भारत जोड़ो यात्रा पहले चरण की यात्रा से थोडा भिन्न होगी। यह हाईब्रिड होगी, लोग कहीं पैदल तो कहीं वाहनों का भी इस्तेमाल करेंगे। पहले चरण की यात्रा 7 सितम्बर 2022 को कन्या कुमारी से शुरू हुई थी और 30 दिसम्बर 2023 को श्रीनगर में जाकर खत्म हो गई थी। 126 दिनों की यह यात्रा 12 राज्यों के 75 जिलों से होकर गुजरी थी।

■ **2 दिसम्बर से शुरू हो सकती है यात्रा, घोषणा जल्द**

**गुजरात के गांधीधाम से शुरू हो सकती है**–पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस बार यह यात्रा गुजरात के गांधीधाम से शुरू हो सकती है और फरवरी 2024 में जाकर पूर्वी उत्तरप्रदेश के बलिया में जाकर खत्म हो जाएगी। इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। विस्तृत कार्यक्रम और रोडमैप को तैयार किया जा रहा है। पांच ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



# छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार बन रही- मुख्यमंत्री

- लोरमी से फेरी वाला आया जो टिकाऊ माल नहीं है जिसमें कभी कांग्रेस, जोगी कांग्रेस फिर भाजपा में हुए शामिल
- तखतपुर के ग्राम बीजा में सीएम ने भाजपा पर किया जमकर साधा निशाना



**तखतपुर** 07 नवंबर (देशबन्धु)। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में लोरमी से फेरी वाला है जो टिकाऊ माल नही है जिसने कभी कांग्रेस, जोगी कांग्रेस फिर भाजपा से आए है इनका कोई ईमान धरम नही है और न ही ये भरोसे के लायक है। जहां से माल आया है वहां वापस भेजने की जवाबदारी आप लोगों की है। उक्त बातें तखतपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बीजा में आयोजित सभा में कहीं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज हुए छत्तीसगढ़ के 20 सीटों में हुए मतदान में कांग्रेस पार्टी जीत रही है छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार बन रही है भाजपा ने किसानों से झुठ बोला है और उन्हें धोखा दिया है। इस बार जनता भाजपा को पहचान गई है और रमन सिंह 20 हजार वोटों से हार रहा है। हमारी सरकार ने एपीएल के साथ बीपीएल राशन कार्ड बनाए है और भाजपा ने पीडीएस में घोटाला किया था। इस बार अगर भाजपा को वोट दिए तो राशन कार्ड में पांच किलों चांवल देगा। आपके क्षेत्र में लोरमी से फेरी वाला है माल असली है नकली है इसकी कोई गारेंटी नही है। 21 सौ रूपए भाजपा ने धान खरीदी करने की बात कहीं थी पर किसी कि भी धान 21 सौ रूपए में नही खरीदा गया है। हमनें पिछले पंचवर्षी में 25 रूपए धान खरीदी की बात कहीं थी और ईमानदारी से धान को खरीदा। सबको समय पर पैसा और बोनस दिया गया। जो भाजपाई 21 सौ रूपए धान का नही दिए थे वे 31 सौ रूपए कहां देंगे। भाजपा ने दो साल तक बोनस दिया और तीन साल कोनस बोला। आदिवासीयों को जर्सी गाय देने का वादा किया था पर नही दिया। भाजपा रामनाम जपना और पराया माल अपना यहीं काम है। रमन सिंह ने प्रदेश की जनता को ठगा और मोदी ने पूरे देश को ठगा है। देश के लोगों को मित्रों कहकर 15ड्ड15 लाख रूपए खाते में आऐंगे बोलकर सत्ता में आया था और एक रूपए नही आया। कोरोना काल में हमने पूरे प्रदेश की सेवा की है नि- शुल्क राशन वितरण के साथ आंगनबाड़ी के माध्यम से सूखा राशन भेजवाया है। तेंदूपत्ता तोड़ने और महुआ बिनने वाले के खाते में पैसा डाला और प्रदेश के प्रधानमंत्री गरीबों से ताली और थाली बजवाते रहे। जनता को यह तय करना है कि देश और प्रदेश में कौन मद्द करता है और कौन ठगता है। 15 साल तक भाजपा के शासन काल में किसान कर्जे में रहा है। कांग्रेस को आपने जिस विश्वास के साथ 68 सीट दी थी हमने अपने वादों पर खरे उतरकर सरकार बनते ही सबसे पहले अन्नदाता का कर्ज माफ किया और घोषणा पत्र के आधार पर धान खरीदा गया। आदिवासीयों को जमींन वापस दिलाने का काम किया हमारी सरकार ने। हमने प्रदेश की जनता का भरोसा जीता है हर वर्ग को लाभ पहुंचाया है। एक कहावत है गुड गोबर होता है पर हमने गोबर को 2 रूपए में तो गोबर को ही गुड़ बना दिया। कांग्रेस सरकार आऐगी तो कर्जा माफ और 32 सौ रूपए धान खरीदी और महिला समूह को कर्जा माफ होगा। हम जब गरीबों को सुविधाएं देते है तब उसे भाजपा रेवड़ी कहती है। केंद्र की सरकार ने केवल महंगाई बढ़ाई है प्याज 80 रूपए का किलों हो गया है। प्रदेश के जितने भी गैस सिलेण्डर धारी है प्रत्येक के खाते में पांच सौ रूपए सब्सिडी दी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी केवल उज्जवला में दे रही है पर हमारी सरकार आने पर हर गैस सिलेण्डर धारी को लाभ दिया जाएगा। 49 लाख घरेलू बिजली कनेक्शन है जिसमें 42 हजार कनेक्शन ऐसे है 2 सौ यूनीट बिजली जलेगी उसका बिजली बिल माफ होगा।

भूमिहीन किसानों को 7 से बढ़ाकर 10 हजार रूपए देंगे। दूर्घटना में ईलाज के लिए पैसा सरकार देगी। केजी से लेकर पीजी तक निःशुल्क शिक्षा की गारेंटी सभी वर्ग के लोगों को दी जाएगी जो देश में पहली बार होगा जब सरकार स्कूलों और कालेज में केजी से लेकर पीजी तक शिक्षा निःशुल्क होगी। भाजपा शासन काल में जो दो बोनस केंद्र सरकार ने रोका हुआ है जिस दिन केंद्र से यह राशि आऐगी दोनों बोनस को भी देने का वादा करता हूं। मोदी सरकार ने 24 लाख करोड़ रूपए मोदी अड़ानी का कर्जा माफ किया है। जिसका कोई ईमान धरम का पता नही है कभी कांग्रेस कभी छजका और अभी भारतीय जनता पार्टी में आकर चुनाव लड़ रहे है ऐसे व्यक्ति का क्या भरोसा करना जहां का माल आया है वहां वापस करना है।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव संतोष कौशिक ने कहा है कि पूरे पांच वर्ष तक कांग्रेस ने पूरे प्रदेश की ईमानदारी से सेवा की है जिस भरोसे और विश्वास के साथ आपके बीच में है उसी भरोसे और विश्वास के साथ आगे भी सेवा करते रहेंगे। कार्यक्रम में आशीष सिंह ठाकुर, संतोष कौशिक, जितेंद्र पाण्डेय, जगजीत सिंह मक्कड़, सुनील शुक्ला, आतमजीत सिंह मक्कड़, शिवबालक कौशिक, आदित्य उपाध्याय, राजेश्वर कौशिक, नितेश मिश्रा, राधेश्याम कौशिक, अजय देवांगन, बिरझेराम सिंगरौल, बिहारी देवांगन, रामकुमार टण्डन, अनिल कौशिक, शिवेंद्र कौशिक, सुरेश ठाकुर, उमादत्त घिलहरे, गरीबा यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सभापति को ले उड़े ग्रामी बीजा में आयोजित आमसभा को संबोधित करने आए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा समाप्ति के बाद अपने साथ जिला पंचायत सभापति जितेंद्र पाण्डेय को हेलीकाफ्टर से ले उड़े जो चर्चा का विषय रहा।

## अमावस्या तिथि दो दिन, गोवर्धन पूजा दीपावली के दूसरे दिन

**बिलासपुर**, 7 नवंबर (देशबन्धु)। आमतौर पर दीपावली का त्यौहार पांच दिनों तक मनाया जाता है लेकिन पिछले साल की तरह इस बार भी छह दिन तक दीपावली का त्यौ्हार मनाया जाएगा। सुख समृद्धिए वैभव का पर्व दीपावली यानी लक्ष्मी पूजा 12 नवम्बर को मनाया जाएगाए लेकिन दूसरे दिन गोवर्धन पूजा नहीं मनाया जाएगा क्योंकि इस बार अमावस्या तिथि दो दिन पड़ रही है। ऐसे में दिवाली के अगले दिन स्नानदान अमावस्या होगी और 14 नवंबर को गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाएगा। 13 नवंबर को सोमवती अमावस्या का संयोग रहेगाए जो तीर्थ स्थलों पर स्नानए पूजा पाठ के लिए विशेष शुभ रहेगा। पंडितों के अनुसार दीपावली पर्व की रात्रि व्यापिनी अमावस्या तिथि पर मनाया जाता हैए जिस दिन रात्रि में अमावस्या रहती हैए उस दिन दीपावली पर्व होता है।

इस बार अमावस्या तिथि दो दिन रहेगी। अमावस्या 12 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 46 मिनट पर आएगी और अगले दिन 2 बजकर 58 मिनट तक रहेगी। ऐसे में 12 नवंबर को दीपावली पर्व मनाया जाएगाए वहीं 13 नवम्बर को स्नानदान की अमावस्या रहेगी। इस दिन सोमवार होने से सोमवती अमावस्या भी रहेगी। दीपावली उत्सव पिछले साल भी छह दिन का था। पिछले साल दिवाली के अगले दिन सूर्यग्रहण थाए इसके चलते एक दिन बाद गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया था। इस बार भी 12 को दीपवली और 14 नवम्बर को गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाएगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## मतदान में भारी उत्साह...

मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में मतदान तीन बजे समाप्त हो गया। इन क्षेत्रों में मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था। जबकि 10 विधानसभा क्षेत्रों पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट में मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। इन सीटों पर मतदान सवेरे आठ बजे शुरू था। मतदान के लिए कुल 5304 मतदान केन्द्र बनाए गए थे ,इनमें 102 आदर्श मतदान केन्द्र जबकि 200 सौ संगवारी मतदान केन्द्र थे। इसके साथ ही 20-20 मतदान केन्द्र दिव्यांगों एवं युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित किया गया। 5304 मतदान केन्द्रों में 2431 मतदान केन्द्रों पर बेव कास्टिंग की व्यवस्था की गई थी। इन 20 विधानसभा क्षेत्रों में दो विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव एवं कवर्धा में प्रत्याशियों की संख्या 16 से अधिक थी इस कारण इस क्षेत्र में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दो ङ्कदो ईवीएम मशीने लगाई गई थी। प्रथम चरण में मतदान वाले अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13, भानुप्रतापपुर में 14, कांकेर में 9, केशकाल में 10, कोंडागांव में 8, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 11, चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 8 , कोंटा में 8, खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 10, राजनांदगांव में 29, डोंगरगांव में 12, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 9, कवर्धा में 16 तथा पंडरिया में 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

**बस्तर में 93 वर्षीय व्यक्ति ने मतदान किया**

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में आज बस्तर विधानसभा चुनाव में एक 93 वर्षीय व्यक्ति ने मतदान किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर निर्वाचन क्षेत्र के भैसा कनार गांव के निवासी 93 वर्षीय शेर सिंह ने वोट डाला। स्थानीय लोगों और चुनाव पर्यवेक्षकों का ध्यान खींचा है। बस्तर जिले के एक छोटे से गांव भैसा कनार में कुल 93 मतदान केंद्र हैं और यह उन केंद्रों में से एक है जहां शेर सिंह ने दो अन्य वरिष्ठ महिला नागरिकों के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। दो अन्य वरिष्ठ मतदाताओं में दो महिलाएं शामिल है। 1930 में जन्मे शेर सिंह ने आज तक कभी चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया था।

## आईईडी ब्लास्ट में एक जवान...

केन्द्र तक पहुंचे। आज प्रातः से ही मतदाताओं की लम्बी-लम्बी कतार मतदान केन्द्रों पर देखी गई। सभी प्रत्याशियों समेत जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने भी अपने निर्धारित मतदान केन्द्र मे मतदान किया। कलेक्टर ने आज पॉलीटेक्निक कॉलेज सुकमा में कंट्रोल रूम में पहुंचकर जिले में हो रहे मतदान की स्थिति का जायज़ा लिया। वहीं समय और मतदान कराकर मतदान केंद्र क्रमांक 63- गीदम का मतदान दल सबसे पहले 4.30 बजे स्ट्रांग रूम पहुंचा जिसके बाद मतदान केंद्र क्रमांक 178- कुदुकरास 5 बजे स्ट्रांग रूम पहुंचा। विधानसभा क्षेत्र 90 कोण्टा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार और सामान्य प्रेक्षक राजीव रंजन कुमार ने भी जिले के के विभिन्न ग्रामों में बने मतदान केन्द्रों में पहुंचकर वहां पर मौजूद मतदान अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिले में 40 पिंक बूथ/ संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए थे। महिला मतदान अधिकारियों ने उत्साह और सजगता से निर्वाचन कार्य के तहत् मतदान कराने के कार्य को सफलता पूर्वक किया। साथ ही विधानसभा क्षेत्र कोंटा में 05 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे। जहा मतदान केंद्र में मतदान सफलता पूर्वक किया गया। वहीं मतदान केंद्र क्रमांक 155- तोंगगुड़ा में सर्वाधिक मतदान करते हुए 210 मतदाताओं में 209 मतदाताओं ने मतदान किया।

**मतदान सुरक्षा में लगा जवान आईईडी की चपेट में आने से हुआ घायल**

मतदान सुरक्षा हेतु कैंप टोंडामरका से कोबरा 206 एवं सीआरपीएफ के जवान एरिया डॉमिनेशन अभियान में एल्मागुंडा गांव की ओर निकले थे। जहां गश्त के दौरान कोबरा 206 के जवान निरीक्षक श्रीकांत का पैर नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में पड़ने से ब्लास्ट हुआ है और जवान का पैर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज हेतु रायपुर रिफर किया गया । जहां इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई।

**कई जगह किया नक्सलियों ने हमला, मिनपा हमले में कोबरा के 2 जवान घायल**

मंगलवार को नक्सलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अलग अलग क्षेत्रों में चुनाव को प्रभावित करने का कोशिश किया। नक्सलियों ने प्रातः 11-10 बजे मतदान केंद्र क्रमांक 197-बंडा (थाना कोंटा) के आउटर कॉर्डन में लगी डीआरजी बल के ऊपर नक्सलियों के द्वारा फायरिंग किया गया। सुरक्षा बलों के द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई। 10 मिनट के बाद फायरिंग बंद हो गई। जहां पर कुल 369 मत पड़े। इसके अलावा दोपहर 2-20 के बजे चिंतागुफा थाना क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 81-मिनपा की ओर मतदान सुरक्षित संपन्न कराने हेतु मिनपा एवं दुलेढ के बीच एरिया डॉमिनेशन पर निकली कोबरा 206 वाहिनी एवं एसटीएफ के बल के ऊपर नक्सलियों के द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किया गया। लगभग 30 मिनट तक दोनो तरफ से फायरिंग हुआ। हमले में कोबरा 206 वाहिनी के 2 जवान घायल हुए जिनकी स्थिति अभी खतरे से बाहर है एवं अन्य सभी जवान सुरक्षित है। वहीं पुलिस ने मुठभेड़ में 5ङ्क6 नक्सली मारे जाने एवं कई नक्सली के घायल होने का दावा किया है। इसके साथ ही दोपहर लगभग 3 बजे चिंतलनार थाना क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 18- लखापाल की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली कोबरा 201 वाहिनी एवं सीआरपीएफ 223 वाहिनी के जवानों के ऊपर नक्सलियों के द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किया गया। लगभग आधे घंटे तक दोनो तरफ से गोलियां चली जिसके बाद सभी जवान एवं मतदान दल सुरक्षित चिंतलनार थाना वापस हुए।

## उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने वाले...

उद्योगपतियों की कर्ज माफकरने वाली सरकार उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने वाले लोगों से सावधान रहें। प्रियंका गांधी ने कहा छत्तीसगढ़ की सरकार की देशभर में चर्चा है। छत्तीसगढ़ काफी प्रगति कर रही हैं। छत्तीसगढ़ ने किसानों का कर्ज माफकिया। किसानों को 2500 रुपये में धान खरीद रहा है। इस बार कांग्रेस ने तय किया है कि प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदेंगे। धान की कीमत 3200 रुपये तक बढ़ाई जाएगी। किसानों का कर्ज माफ की जाएगी। सभी सरकारी स्कूल आत्मानंद स्कूल में अपग्रेड होंगे। 200 यूनिट फ्री बिजली 500 रुपये सिलेंडर में सब्सिडी वन उपज के लिए 10 रुपये अतिरिक्त 700 इंडस्ट्रियल पार्क जाति जणगणा की जाएगी। महिलाएं समाज को मजबूत बनाती हैं। आपका वोट कीमती इसलिए है क्योंकि इससे आपका भविष्य तय होगा। उन्होंने कहा कि मैं तो पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि आपका वोट कांग्रेस को जाएगा। कांग्रेस पर आपने भरोसा किया और कांग्रेस ने आपके लिए पूरी मेहनत की। प्रियंका गांधी ने कहा किसानों को देने के लिए केंद्र सरकार के पास पैसे नहीं है लेकिन करोड़ों रुपये सौंदर्यीकरण और प्लेन खरीदने के लिए है। 8.8 हजार के दो हवाई जहाज में मोदी घूमते हैं। केंद्र की सरकार ने सार्वजनिक उपक्रमों को उद्योगपति मित्रों को दे रहे हैं। आपकी संपत्ति उन्हें दी जा रही है।

अडानी एक दिन में 16 हजार करोड़ कमाते हैं और किसान 27 रुपये कमाता है। आज महंगाई और बेरोजगारी से पूरा देश परेशान हैं। आपके पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में 18 वर्षों से भाजपा की सरकार है और वहां कुछ नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने महंगाई से बचाया है। आपको महंगाई से बचाने और किसानों को मजबूत करने की कोशिश भूपेश बघेल की सरकार ने की है। प्रियंका गांधी बोलीं ने कहा आज सार्वजनिक उपक्रमों का प्राइवेटाइजेशन हो रहा है। सरकारी नौकरी नहीं है। मीडिल क्लास के लिए बीजेपी नहीं सोचती। पेंशन को बीजेपी ने निवेश कर दिया। आज सरकारी अधिकारी कर्मचारी अब पुराने पेंशन स्कीम की मांग कर रहे हैं इसलिए छत्तीसगढ़ राजस्थान में आज ओपीएस लागू है। बीजेपी के पास गरीबों के लिए पैसे नहीं है। कांग्रेस ने आपके पैसे वापस आपके जेब में डाले हैं। कांग्रेस ने हमेशा आपके हक की बात की है। लेकिन बीजेपी कहती है कि उनके पास किसानों के लिए पैसे नहीं है। आप पर टैक्स लगा रहे हैं आपके पैसे लूटे जा रहे हैं। प्रियंका गांधी ने जातिगत जनगणना नहीं कराने पर मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जनता के लिए सचमुच में काम नहीं करना चाहते। जब डाटा उपलब्ध होगा तभी तो योजना अच्छी से बन सकेंगे।

प्रियंका गांधी ने कहा बीजेपी के अंदर गरीबों के लिए सोच नहीं है। 5 सालों में छत्तीसगढ़ में लाखों लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। यूपी में महिलाएं पूरे दिन खेतों में बैठी रहती हैं। आवारा पशुओं को भगाने लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने गौठान बनाए हैं। यहां से लोगों को रोजगार मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में गोबर खरीदी हो रही है। इस तरह की नीति कांग्रेस की रही है। कांग्रेस ने ग्रामीण जीवन को मजबूत किया है। प्रियंका गांधी बोलीं कि बीजेपी सिर्फ चुनाव के वक्त घोषणा करती है। भूपेश बघेल आपके बीच के हैं भूपेश बघेल आपके काका हैं। वो आपको जानते हैं वो किसान के बेटे हैं वो आपकी समस्या को समझते हैं। कांग्रेस में कई ऐसे नेता तो आपके बीच से आए हैं।

## यह चुनाव नहीं...

पिछड़ों की आकांक्षाओं को समझता है। हर तरफ एक ही गूंज है कि भाजपा आवत है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा मतदान कर छत्तीसगढ़ में मजबूत सरकार बनाने की अपील की और कहा कि कि यह लोकतंत्र का उत्सव छत्तीसगढ़ के नव भविष्य निर्माण का उत्सव है। प्रधानमंत्री ने रैली और भीड़ देख कर लोगों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत में आदिवासी भाई-बहनों की आबादी 9 से 10 करोड़ के आसपास है, लेकिन दशकों तक कांग्रेस ने कभी उनकी चिंता नहीं की ।उनको उनके नसीब पर छोड़ दिया गया। भाजपा ने आदिवासी कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आपने कभी सोचा था कि आपके बीच से निकली आदिवासी बेटी राष्ट्रपति बनेगी। आज आदिवासी बेटी देश की राष्ट्रपति है, जो गर्व का विषय है कांग्रेस ने इसे रोकने की बहुत कोशिश की, आदिवासी बहन-बेटियों को भाजपा ने सम्मान दिया ।आदिवासी हितों की जब-जब बात सामने आई तो सरकार ने खजाना खोल दिया ।आदिवासी समाज के हित के लिए केंद्र सरकार का बजट पांच गुना बढ़ाया गया है। आदिवासियो के बच्चों की पढ़ाई अच्छी हो इसके लिए आदिवासी क्षेत्रों में 500 एकलव्य मॉडल स्कूल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में अंग्रेजी स्कूल नहीं है। गरीब का बच्चा अपनी भाषा में पड़ता है तो वह डॉक्टर इंजीनियर नहीं बन पाता क्योंकि उसे अंग्रेजी आनी जरूरी है। कांग्रेस ने ऐसा नियम बनाए थे । देश आजाद हो गया

लेकिन इनके दिमाग से अंग्रेजी का भूत नहीं गया ।डॉक्टर को हम जब तकलीफ अपनी भाषा में बता सकते हैं तो उसी भाषा में पढ़ाई कर हम डॉक्टर इंजीनियर क्यों नहीं बन पाएंगे? हमारी सरकार ने ने यह तय किया है, जो जिस भाषा में पढ़ा है, उसी भाषा से डॉक्टर इंजीनियर की आगे पढ़ाई कर सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने 9 वर्षों में आदिवासी परिवारों को लाखों नए पट्टे दिए हैं । नौ वर्ष पहले कांग्रेस ने 23 हजार सामुदायिक पट्टे दिए थे, हमने नौ वर्षों में ही 80 हजार सामुदायिक पट्टे दिए हैं ।जब जब कांग्रेस सरकार में आती है तब तब देश में आतंकवादियों व नक्सलियों के हौसले बढ़ जाते हैं । जिस जिस राज्य में कांग्रेस सत्ता में होती है वहां अपराध लूटपाट का ही राज चलता है ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार नक्सली हिंसा को काबू करने में असफल रही ।बीते कुछ समय में भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं की हत्याएं हुई है ।

हर किसी की सुरक्षा के लिए कांग्रेस को हटाना होगा। सरगुजा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में यहां मानव तस्करी व नशे का कारोबार बेतहाशा बढ़ गया है । बहन- बेटियों को अपराधी निशाना बना रहे हैं। आदिवासी व गरीब परिवार की बच्चियाँ गायब हुई हैं। यहां कांग्रेस वोट के लिए अवैध घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है ।आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है, जिसका कांग्रेस के नेताओं के पास कोई जवाब नहीं है। कांग्रेस की तुष्टिकरण नीतियों के कारण तीज त्योहार मनाना मुश्किल हो गया है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दशकों तक दिल्ली में सरकार चलाने वाली कांग्रेस गरीबी हटाने के लिए सिर्फ झूठे नारे दिए हैं।

हमने 10 साल में इतना कार्य किया तो क्या 5- 6 दशक में वे काम नहीं कर सकते थे। कांग्रेस ने सिर्फ जेब और घर भरने के सिवाय कोई काम नहीं किया। कांग्रेस के नेता हर साल और अमीर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने देश से गरीबी हटाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम किया है क्योंकि गरीबी से निकला व्यक्ति ही गरीबी समझ सकता है। जब कोरोना काल का संकट आया तो भारत के साथ ही दुनिया जिंदगी बचाने में जूझ रही थी। लोगों के पास रोजगार नहीं था तब हमने गरीब आदिवासियों के लिए भंडार खोल दिए ताकि किसी भी गरीब का बच्चा भूखे ना सोये। देश में आज भी 80 करोड लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है ।

आने वाले 5 वर्षों तक गरीब परिवार को यह राशन मुफ्त में मिलता रहेगा ।गरीबों के कल्याण के लिए इस निर्णय पर लोगों से मोबाइल का फ्लैशलाइट जलवा कर समर्थन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने गरीबों , दलितों , पिछड़े आदिवासी परिवारों का पक्का मकान नहीं बनने दिया। कांग्रेस की विदाई के साथ ही पक्का आवास बनेगा। यह घर माता बहनों के नाम पर होगा। देश में 4 करोड़ से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। प्रधानमंत्री नेअयोध्या में बन रहे राम मंदिर की चर्चा की और कहा कि भाजपा ने कहा था कि मंदिर बनवाएंगे और बना। छत्तीसगढ़ तो प्रभु श्रीराम की ननिहाल है ।प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र के वादों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस ने लोगों से विश्वास घात किया है। युवाओं को क्या-क्या सपने दिखाए थे मगर दिया क्या?यहां तो महादेव के नाम पर महादेव सट्टाबाजी का भी घोटाला कर दिया गया, जिसकी चर्चा देश-विदेश में हो रही है । कांग्रेस ने तिजोरी भरने के लिए आपके बच्चों से सट्टेबाजी करवाई, उन्हें बर्बाद किया। यहां के मुख्यमंत्री के करीबी आज जेल में हैं । छापे में करोड़ों मिल रहे हैं। सबूत के साथ घोटाले का सबसे बड़ा आरोपी टीवी पर आकर बयान दे रहा मुख्यमंत्री को रिश्वत देने तक की बात कही गई है। अब भी क्या सबूत की जरूरत है। देने वाला खुद कह रहा है फिर भी मुख्यमंत्री वोट मांग रहे हैं। ऐसे आरोपों से घिरे मुख्यमंत्री को एक दिन भी कुर्सी पर नहीं रहना चाहिए,आरोप लगने के बाद मुख्यमंत्री से भी उनके करीबी लोग भी किनारा कर रहे हैं। आरोप इतने गंभीर हैं व सबूत इतने पक्के हैं कि कांग्रेस को अपने मुख्यमंत्री का बचाव करना भी मुश्किल हो गया है। श्री मोदी पीएससी घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने लोगों को भर्ती कर लिया। यहां ट्रांसफर,भर्ती का उद्योग चल रहा है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि यह चुनाव छत्तीसगढ़ को बचाने का चुनाव है। छत्तीसगढ़ को भूपेश सरकार ने भ्रष्टाचार घोटाले, अपराध व माफिया का गढ़ बना दिया है,जिसे बचाने का समय आ गया है। हमने मोदी की गारंटी के नाम पर संकल्प पत्र जारी किया है जिसमें सभी वर्गों के हितों का खयाल रखा गया है। विजय संकल्प महारैली में संभाग के सभी 14 प्रत्याशी मंच पर मौजूद थे जिसमें केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह भरतपुर-सोनहत, विष्णुदेव साय कुनकुरी, श्यामबिहारी जायसवाल मनेंद्रगढ़, भैयालाल राजवाड़े बैकुंठपुर, भूलनसिंह मरावी प्रेमनगर, लक्ष्मी राजवाड़े भटगाँव, शकुंतला सिंह पोर्थे प्रतापपुर, रामविचार नेताम रामानुजगंज, उधेश्वरी पैकरा सामरी, प्रबोध मिंज लुण्ड्रा, राजेश अग्रवाल अंबिकापुर, रामकुमार टोप्पो सीतापुर, रायमुनि भगत जशपुर और गोमती साय पत्थलगाँव समेत भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,प्रदेश पदाधिकारी भूपेंद्र सवन्नी, संजय श्रीवास्तव भीमसेन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता, पदाधिकारी आमजन सभा में शामिल थे।

## कांग्रेस फिर शुरू करेगी ...

राज्यों के विधानसभा खत्म होते ही यह यात्रा शुरू हो जाएगी। हालांकि 13 नवम्बर को भोपाल में इस पदयात्रा की एक झलक दिखाई पड सकती है। जब राहुल गांधी पैदल मार्च की अगुवाई करेंगे। बतादें कि राहुल ने अपने पहले चरण की यात्रा के पूरी करने के बाद कहा था कि उनके घुटनों में दिक्कत है, लेकिन लोगों से मिले अपार स्नेह के चलते उन्होंने अपनी यात्रा जारी रखी। इसलिए माना जा रहा है कि इस बार की यात्रा हाईब्रिड यानी मिली जुली होगी। वे कुछ यात्रा पैदल तो कुछ वाहन से भी तय कर सकते हैं। ताकि राहुल गांधी के साथ ही अन्य उम्रदराज नेताओं को भी कोई असुविधा न हो।

उल्लेखनीय है कि पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने सितम्बर में ही एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी हो रही है। कांग्रेस कार्यसमिति ने राहुल से भारत जोडो यात्रा को फिर से शुरू करने का आग्रह किया था।

## निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखना आपका कार्य-लोंगफाई

**रायगढ़**, 7 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के सुचारू क्रियान्वयन हेतु आयोजित माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रशिक्षण में आज सामान्य प्रेक्षक आईएएस सी.एन.लोंगफाई तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल रायगढ़ पहुंचे।

प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री सी.एन लोंगफाई ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराना माइक्रोऑब्जर्वर की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि माइक्रोऑब्जर्वर का कार्य प्रेक्षक के प्रतिनिधि के तौर पर मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर सभी प्रक्रियाओं को देखना हैं। मतदान केन्द्र में किसी प्रकार की प्रतिकूल परिस्थितियां संज्ञान में आने पर उन्हें अवगत कराएं एवं निर्वाचन के सभी गतिविधियों की टाइमिंग निर्धारित प्रपत्र पर भरते रहेंगे।

कलेक्टर श्री गोयल ने निर्वाचन हेतु नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर को कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में आपकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती हैं, क्योंकि आपको निर्वाचन की संपूर्ण गतिविधियों को ऑब्जर्व करना है। इसके साथ ही मतदान प्रक्रिया से पूर्व मॉक पोल, सीआरसी करना आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखें। इसके साथ ही माइक्रोऑब्जर्वर को मॉकपोल अपने सामने संपन्न कराना है। मतदान कब शुरू हुआ और अंतिम मतदाता ने किस समय अपना वोट डाला, एक निश्चित समयावधि एवं सायं 5 बजे मतदान केंद्र पर कितने लोग लाइन में लगे हुए थे, वोटिंग कंपार्टमेंट किस तरह से बनाया गया था, जिससे वोट की गोपनीयता बनी रही।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय ने मतदान दिवस की सारी प्रक्रियाओं की बारीकी से जानकारी देते हुए मतदान केन्द्र में बरती जाने वाली सावधानियों से माइक्रो ऑब्जर्वर को अवगत कराया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र.क्र. 212/ ब-121 / 2022-2023
ग्राम - गिद्धा तहसील नवागढ़

**ईश्तहार**

आवेदक विक्रम सतनामी उम्र 21 वर्ष पिता श्री खीखराम जाति सतनामी निवासी गिद्धा तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका भारती उम्र 21 वर्ष पिता श्री रामकुमार जाति तेली निवासी ग्राम हसुवा तहसील टुण्डरा थाना गिधौरी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम गिद्धा तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्रम सतनामी उम्र 21 वर्ष पिता श्री खीखराम जाति सतनामी निवासी गिद्धा तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका भारती उम्र 21 वर्ष पिता श्री रामकुमार जाति तेली निवासी ग्राम हसुवा तहसील टुण्डरा थाना गिधौरी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 22.11.2023 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विवाह अधिकारी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निरस्तीकरण**

सं.: एसईसीआर/रायपुर/इंजी/टेंडर सूचना/ 1टीएस/107/ सीपीआरओ/272 दिनांक: 01/11/2023

डब्ल्यूआरएस कॉलोनी, में महानदी अधिकारी विश्राम गृह का नवीनीकरण एवं विस्तार। कार्य के लिए निविदा। निविदा **सूचना संख्या ई-आर-टी-56-23-24** खुलने की **दिनांक 23.11.2023 को 11:00** बजे जिसे प्रशासनिक कारणों से रद्द की जाती है।

मंडल अभियंता/II
द.पू.म.रे., रायपुर

पीआर/आल/इंजी/एपी/171

South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या:** ई-आर-टी-61-23-24
दिनांक: 03.11.2023

**कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन/I/रायपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसलेमेटिक रोबोटिक वेल्डर या अन्य वेल्डिंग तकनीक द्वारा C.M.S क्रॉसिंग इन सीटु के सुधार का कार्य।

**निविदा मूल्य:** ₹ 1,46,84,750/-
**ईएमडी:** ₹ 2,23,400/-.

**निविदा सूचना संख्या:** ई-आर-टी-62-23-24
दिनांक: 03.11.2023

**कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन/I/रायपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टूटे पुराने पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग एसईजे व टंग रेलों के सुधार का कार्य।

**निविदा मूल्य:** ₹ 13,18,846/-
**ईएमडी:** ₹ 26,400/-.

**निविदा सूचना संख्या:** ई-आर-टी-63-23-24
दिनांक: 03.11.2023

**कार्य का नाम: 1)** सीनियर डीईएन/I/रायपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत SLH, MNDH पर आरसीसी यार्ड ड्रेन और HN-TLD के बीच नियोडीह (किमी. 814/17-23 पर एल.सी. नंबर 409 पर) पर साइड ड्रेन का निर्माण। **2)** डीईएन/I/रायपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत सैंड हंप व डेड-एंड बफर स्टॉप का मानकीकरण। **3)** स्टेशन बिल्डिंग की पहली मंजिल पर संयुक्त चालाक दल लॉबी/भाटापारा का संवर्धन एवं स्थानांतरण। **4)** एडीईएन/I/भिलाई के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत एल.सी. क्र. 440, 429, 417, 415, 414, 405, जीएसडी, डब्ल्यूआरएस और केपीआरपी पर एल.सी. सड़क सतह का सुधार। **5)** एसएसई/वर्क्स/दुर्ग के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत छोटे या बड़े पुलों की संरचनाओं जैसे विंग वॉल, टो वॉल, पियर कैप, एप्रन, बोल्डर पिचिंग वॉटर वे, एपॉक्सी ग्राउटिंग कार्य आदि का सुधार। **6)** एडीईएन/भाटापारा के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत भाटापारा में एडीएसटीई/भाटापारा के लिए एक यूनिट टाइप-IV क्वार्टर का निर्माण। **7)** सरोना/एस.पी. के पास सुरक्षा में सुधार के लिए सिविल कार्य।

**निविदा मूल्य:** ₹ 3,13,89,116/-
**ईएमडी:** ₹ 3,07,000/-.

**निविदा सूचना संख्या:** ई-आर-टी-64-23-24
दिनांक: 03.11.2023

**कार्य का नाम:** खारुन रेल विहार कॉलोनी रायपुर के ऑफिसर्स क्लब के लिए ओपन स्टेज एवं टेनिस कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण। निपनिया में आरजीएम (रेल ग्राइंडिंग मशीन) में हेवी ड्यूटी कार्य करने के लिए साइडिंग सुविधाओं उपलब्ध करने का शेष कार्य। भाटापारा के हथबंध एंड पर गुड्स शेड प्लेटफार्म का विस्तार। हथबंध यार्ड के डाउन लॉन्ग लूप लाइन पर पाथवे के निर्माण का कार्य, एडीईएन/भाटापारा के अधिकार क्षेत्र में एल.सी. गुमटी के फेंसिंग, फ्लोरिंग, शेड आदि का शेष कार्य एवं सीनियर डीईएन/आई/रायपुर के अधिकार क्षेत्र में बिलासपुर-दुर्ग सेक्शन के बीच विभिन्न लेवल क्रॉसिंग पर सड़क की सतह का सुधार कार्य।

**निविदा मूल्य:** ₹ 1,90,45,219/-
**ईएमडी:** ₹ 2,45,200/-.

**निविदा प्रस्तुत करना:** दिनांक **30.11.2023** के **11:00** बजे तक, **निविदा खोलना:** दिनांक **30.11.2023** के **11:00** बजे।

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजिनियर (समन्वय), एस.ई.सी रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता -I**
द.पू.म. रेलवे, रायपुर

PR/R/ENGG/FL/173

South East Central Railway @secrail

# देश

**उवाच** “ मध्य प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है। कभी भाजपा, कभी कांग्रेस और जो बुनियादी समस्याएं हैं उनका समाधान अभी तक नहीं हुआ है। आज भी महंगाई है, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। अगर हम देश के आंकड़े माने तो 100 में से 84 लोग बेरोजगार हैं। **–अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29° | 19° |
| मुंबई | 34° | 27° |
| कोलकाता | 27° | [illegible] |
| चेन्नई | 29° | 27° |

# छत्तीसगढ़ के कांकेर में दिखा अनोखा अंदाज

## विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं ने लाइन में लगाई अपने नाम की पर्चियां





**रायपुर,**7 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के 20 विधानसभा सीटों पर मंगलवार को मतदान हुआ। फर्स्ट टाइम वोटर में एक अलग ही उमंग और उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं कांकेर के मतदाताओं में एक अलग ही अंदाज देखने को मिला है। सभी मतदाता सुबह से मतदान करने पोलिंग बूथ पहुंचे। इसी दौरान एक अनोखी तस्वीर सामने आई है, जिसमें मतदाताओं की एक ऐसी लाइन देखने को मिली, जिसमें मतदाता नजर नहीं आ रहे थे, बल्कि उनकी पर्चियां लाइन लगाकर जमीन पर पड़ी हुई है। सभी मतदाता पहले चरण चुनाव के लिए मतदान करने पहुंचे। इस दौरान कांकेर विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ के सामने एक अलग अंदाज में फोटो निकल कर सामने आई है। इसमें वोटर्स नहीं बल्कि वोटर्स की पर्ची लंबी कतार में पड़े हुए नजर आए। बता दें कि पोलिंग बूथ के सामने मतदाताओं की लंबी लाइन देखने को मिलती हैं, लेकिन यहां ऐसा देखने को नहीं मिला। पर्ची के अनुसार सभी मतदाता मतदान करने पहुंचे। पहले चरण का मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ। कांकेर जिले की तीन विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ। जिले में कुल 727 मतदान केंद्र बनाए गए। 285 संवेदनशील मतदान केंद्र रहे। इसके साथ ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे

**कांकेर जिले की तीन विधानसभा सीटों पर हुआ मतदान**

**आजादी के बाद पहली बार चांदामेटा में हुआ मतदान**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान बस्तर जिले के एक ऐसा गांव जहां, आजादी के बाद पहली बार धुर नक्सली गांव में मतदान किया। बताया जाता है कि इस गांव को नक्सलियों का अभेद किला कहा जाता था, लेकिन इस बार यहां भी मतदान का उत्सव मनाया गया। वहीं सुरक्षा को लेकर बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया गया। चांदामेटा बस्तर जिले का एक ऐसा गांव जिसे कुछ समय पहले नक्सलियों का अभेद किला कहा जाता था। आजादी के बाद पहली बार इस गांव में बनाए गए मतदान केंद्र में मतदान हुआ। ऐसे में मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। यहां सुरक्षा को लेकर तगड़े इंतजाम भी किए गए। किसी प्रकार की कोई चूक न हो इस लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। यह गांव बस्तर बॉडर का एरिया है।

## पहले चरण में भाजपा-कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने किया मतदान



मंगलवार को पहले चरण के मतदान के चलते भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने मतदान किया। जगदलपुर में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने फरसागुडा में मतदान किया। नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप ने गृहग्राम फरसागुड़ा में मतदान किया। जगदलपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी किरणदेव ने शहर के फ्रेजरपुर स्कूल में अपना मतदान किया। चित्रकोट विधानसभा भाजपा प्रत्याशी विनायक गोयल ने मतदान किया। कांग्रेस प्रत्याशी मोहन मरकाम ने सुबह 7 बजे मतदान किया।भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी सरगीपाल स्कूल अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया। जगदलपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जतिन जैसवाल ने कतार में लगकर मतदान किया। केशकाल से संतराम नेताम कांग्रेस प्रत्याशी संतराम नेताम ने वोटिंग की। कबीरधाम में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नीलकंठ (नीलू) चंद्रवंशी और भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा मतदान किया। कोंटा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी और मंत्री कवासी लखमा ने मतदान किया। इस तरह राजनांदगाव के खैरागढ़ विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह ने मतदान किया। उन्होंने खैरागढ़ विधानसभा सीट के अपने गांव सहसपुर से किया मतदान। इसी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा वर्मा ने परिवार के साथ मतदान किया। उन्होंने खैरागढ़ विधानसभा सीट के अपने गांव देवारीभाट से मतदान किया। कांकेर में अंतागढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्यासी विक्रम उसेंडी ने मतदान किया। उन्होंने अपने गृहग्राम बोंदानार में वोट किया।

# तेलंगाना में कांग्रेस ने केसीआर के खिलाफ रेवंत रेडडी को उतारा

## केसीआर की तरह रेवंत रेड्डी भी दो सीटों से लड़ेंगे चुनाव



**हैदराबाद,** 7 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के तेलंगाना अध्यक्ष ए.रेवंत रेड्डी 30 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में कामारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र में मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव से मुकाबला करेंगे। जैसी कि उम्मीद थी, पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने कामारेड्डी सीट के लिए रेवंत रेड्डी के नाम को मंजूरी दे दी। गम सोमवार रात पार्टी द्वारा जारी उम्मीदवारों की तीसरी सूची में उनका नाम शामिल है। केसीआर की तरह रेवंत रेड्डी भी दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे। केसीआर अपने गृह जिले सिद्दीपेट के गजवेल से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं और कामारेड्डी सीट से भी चुनाव लड़ रहे हैं। रेवंत रेड्डी भी महबूबनगर जिले में अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र कोडंगल से चुनाव लड़ रहे हैं।

इससे पहले, रेवंत रेड्डी ने कोडंगल से अपना नामांकन दाखिल किया था, जहां उन्हें 2018 में हार का सामना करना पड़ा था। बाद में वह 2019 में मल्काजगिरि से लोकसभा के लिए चुने गए थे। कांग्रेस ने यह भी घोषणा की है कि वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर निजामाबाद शहरी से चुनाव लड़ेंगे। कामारेड्डी से दो बार विधायक रहे शब्बीर पिछले आठ चुनावों से कामारेड्डी से चुनाव लड़ रहे थे। इस बार पार्टी ने केसीआर को चुनौती देने के लिए रेवंत रेड्डी के लिए रास्ता बनाने को उन्हें निज़ामाबाद शहरी क्षेत्र में भेज दिया है। 14 नामों वाली तीसरी सूची की घोषणा के साथ ही कांग्रेस ने 119 में से 114 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इसने दो निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों को भी बदल दिया। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने 16 उम्मीदवारों की अपनी तीसरी सूची सोमवार रात को जारी की। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी कामारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। वह सत्तारुढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) के खिलाफ खड़े होंगे। नई घोषित कांग्रेस सूची में प्रमुख नेता शामिल हैं, जिनमें हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर आए जी विवेक वेंकटस्वामी (चेन्नूर) (सु), पूर्व विधायक एनुगु रविंदर रेड्डी (बंसुवाड़ा), और पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर (निजामाबाद शहरी) शामिल हैं। रेवंत रेड्डी के लिए शब्बीर अली को कामारेड्डी से नितामाबाद स्थानांतरित किया गया।

## कई विधानसभाओं क्षेत्रों में ईवीएम मशीन में आई खराबी,लगी रहीं लंबी कतारें



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के 20 विधानसभा सीटों में मतदान हुआ। कई मतदान केंद्रों में ईवीएम मशीन में खराबी आने की खबर सामने आईं। इससे मतदाताओं को परेशानी भी हुई। इसके वजह से लंबी लाइन भी लगाना पड़ा और देरी से मतदान शुरू हुआ। इसमें से भानुप्रतापपुर, मोहला-मानपुर, कोंडागांव, कवर्धा, बोड़ला और राजनादगांव क्षेत्र के कई पोलिंग बूथों में ईवीएम मशीन खराब हुई है। इससे इन जगहों पर देरी से मतदान शुरू हुआ है। कई जगहों पर एक घंटा तो कहीं 2 घंटों तक मतदान शुरू नहीं हुआ था। इससे मतदाताओं की लंबी लाइन भी लग गई। भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 126 में ईवीएम मशीन खराब आई है। मोहला-मानपुर क्षेत्रांतर्गत औंधी के बूथ क्रमांक 226 में ईवीएम में खराबी आई। कोंडागांव क्षेत्रांतर्गत किबई बालेंगा के बूथ क्रमांक 5 में ईवीएम में खराबी आई। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 229 में ईवीएम मशीन खराबी आई। बोड़ला के बूथ क्रमांक 68 में भी वोटिंग प्रभााति हुई। राजनादगांव के मतदान केंद्र 28 पुराना ढाबा और बूथ क्रमांक 137 टांका पारा में ईवीएम मशीन खराब हुई। सभी मतदाता सुबह से मतदान करने पोलिंग बूथ पहुंचे। सभी के वोटर्स में चहरे पर उत्साह देखने को मिल। फर्स्ट टाइम वोटर में एक अलग ही उमंग और उत्साह देखने को मिला। मतदान केंद्र के बाहर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतार लग गई।

## एमआईएम ने राजेंद्रनगर से रवि यादव पर लगाया दांव



**हैदराबाद।** मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएम) ने घोषणा की है कि बेली रवि यादव ग्रेटर हैदराबाद के राजेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र से उसके उम्मीदवार होंगे। यादव लंगर हौज डिवीजन से एमआईएम के पूर्व पार्षद हैं। एमआईएम अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार रात फर्स्ट लांसर में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए यादव की उम्मीदवारी की घोषणा की। ओवैसी ने बताया कि यादव 22 वर्षों से एमआईएम के सक्रिय सदस्य हैं। निर्वाचन क्षेत्र में बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपने मौजूदा विधायक टी. प्रकाश गौड़ को मैदान में उतारा है।

**सार संक्षेप**

### छत्तीसगढ़ में 93 वर्षीय व्यक्ति ने किया मतदान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में मंगलवार को बस्तर विधानसभा चुनाव में एक 93 वर्षीय व्यक्ति ने मतदान किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर निर्वाचन क्षेत्र के भैसा कनार गांव के निवासी 93 वर्षीय शेर सिंह ने वोट डाला। स्थानीय लोगों और चुनाव पर्यवेक्षकों का ध्यान खींचा है। बस्तर जिले के एक छोटे से गांव भैसा कनार में कुल 93 मतदान केंद्र हैं और यह उन केंद्रों में से एक है जहां शेर सिंह ने दो अन्य वरिष्ठ महिला नागरिकों के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। दो अन्य वरिष्ठ मतदाताओं में दो महिलाएं शामिल है। 193 में जन्मे शेर सिंह ने आज तक कभी चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया था। भानुप्रतापपुर निर्वाचन क्षेत्र में, जिसमें भैसा कनार भी शामिल है, कुल 1,13 पात्र मतदाता हैं, जिनमें से 586 महिलाएं हैं। इस गांव में लोगों ने उम्र की परवाह किए बिना हर वोट के महत्व पर जोर देता है।

### छिंदवाड़ा में प्रहलाद पटेल ने की पदयात्रा

**छिंदवाड़ा।** केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी बंटी शाहू के समर्थन में नागद्वारी चौक से पदयात्रा शुरू की जो वार्ड नंबर 2 पर समाप्त हुई। पदयात्रा के दौरान पटेल के साथ समर्थकों भीड़ दिखाई दी। पदयात्रा के दौरान कुछ बुजुर्ग ऐसे भी मिले, जिन्होंने पटेल को रोककर बात की। केंद्रीय मंत्री पटेल ने जगह-जगह लोगों से जनसंपर्क किया व भाजपा प्रत्याशी बंटी साहू को जिताने की अपील की है।

### नौ नवम्बर को छग का दौरा करेंगी मायावती

**बिलासपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती नौ नवंबर को छत्तीसगढ़ के चुनावी दौरे पर आएंगी। बसपा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष हेमंत पोयम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मायावती बिलासपुर और सक्ती जिले के हसौद में चुनावी रैली को संबोधित करेंगी। मायावती नौ नवम्बर को अपराह्न 12.3 बजे हसौद के तहसील मैदान पर आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी। इसके बाद वह दोपहर 14.1 बजे बिलासपुर के साइंस कालेज मैदान में पार्टी रैली में शामिल होंगी।

## लापरवाही बरतने पर एसडीओ निलंबित

**बेमेतरा,** 7 नवम्बर (एजेंसियां)। बेमेतरा जिले में दूसरे चरण के तहत 17 नवम्बर को मतदान होना है। वर्तमान में चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रहीं है। इसी बीच चुनाव कार्य में अधिकारी व कर्मचारियों की लापरवाही भी सामने आ रही है। सोमवार को कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा ने लोक निर्माण विभाग के विद्युत एवं यांत्रिकी एसडीओ देवेंद्र सिंह को विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के कार्य में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विस आम निर्वाचन सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग देवेंद्र सिंह को मतगणना स्ट्रांग रूप में विद्युत व्यवस्था के लिए सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।

## कृषि को स्थिर करने के लिए किए कई सुधार : केसीआर

**मंथनी में आयोजित आशीर्वाद जनसभा में पार्टी के पक्ष में मांगे वोट**



**यह वही कांग्रेस है जिसने तेलंगाना को बर्बाद कर दिया : केसीआर**


**मंथनी,**7 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को मंथनी में आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में पचास वर्षों तक कांग्रेस का शासन रहा। ये वही कांग्रेस है जिसने तेलंगाना को बर्बाद कर दिया। कांग्रेस ने जबरदस्ती तेलंगाना का आंध्र में विलय कर दिया। आंदोलन में मुठभेड़ और गोलीबारी इन्हीं के कारण हुआ, इसलिए गैरजिम्मेदाराना तरीके से वोट न करें। कांग्रेस दोबारा आएगी तो दलाली साम्राज्य आ जाएगा। किसानों को नुकसान न हो इसलिए धरणी लाया गया है। यदि मधु मंथनी में जीतते जीतते हैं तो यह कांग्रेस को बंगाल की खाड़ी में डालने जैसा है। किसानों की पीड़ा को जानते हुए, हमने कृषि को स्थिर करने के लिए सुधार किए हैं। कांग्रेस के लोगों ने कभी किसानों के बारे में नहीं सोचा। क्या कांग्रेस ने कभी रायथुबंधु जैसी योजना ला सकी। अगर पुट्टमधु जीतते हैं तो वह मंथनी निर्वाचन क्षेत्र को 1000 करोड़ रुपये का तोहफा देंगे। इससे पूरे क्षेत्र का पिछड़ापन दूर हो जाएगा। दिल्ली में हमारा कोई आलाकमान नहीं होगा, जनता हमारी मालिक है। मंथनी को एक विशेष फंड मिलेगा और मैं आकर बैठूंगा और आपकी जरूरतों में मदद करूंगा। आप पुट्टमधु को भारी बहुमत से जिताएं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कांग्रेस रायथु बंधु नहीं चाहते, उन्हें 24 घंटे बिजली नहीं चाहिए। कांग्रेस नेता कहते हैं कि धरणी को बंगाल की खाड़ी में फेंक देंगे।

### घोषणा पत्र को की हर घर तक पहुंचाने की अपील

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि बीआरएस घोषणापत्र को हर घर तक पहुंचाएं। यदि आप पार्टी की स्थिति के आधार पर वोट देने का निर्णय लेते हैं तो आपको न्याय मिलेगा। यदि पुट्टा मधु जीतते हैं, तो एक महीने के भीतर मंडल दिये जाएंगे। क्या तेलंगाना में घोषित योजनाएं छत्तीसगढ़ में लागू हो रही हैं? नेता बिक सकते हैं। इसलिए भले ही सौ कहानियां हों, गारंटी है कि बीआरएस सरकार आएगी। आपको लाभ तभी होगा जब पुट्टमधु जीतेंगे। इन्हें भारी बहुमत से जिताएं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी हमारे देश में राजनीतिक परिपक्वता नहीं आई है।

## राजस्थान में पांच साल में 51.42 लाख वोटर बढ़े

- 22.71 लाख युवा पहली बार करेंगे मतदान
- घर-घर मतदान 15 से 19 नवम्बर तक



**जयपुर,**7 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग ने मंगलवार को एकीकृत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए प्रदेश में कुल 5 करोड़ 29 लाख 31 हजार 152 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 2 करोड़ 74 लाख 74 हजार 849 पुरुष और 2 करोड़ 53 लाख 13 हजार 458 महिला मतदाता शामिल हैं। 624 मतदाता थर्ड जेंडर हैं।

वहीं, 18-19 साल के 22 लाख 71 हजार 647 वोटर इस चुनाव में पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 4 अक्टूबर को फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के बाद 27 अक्टूबर तक प्राप्त फॉर्म 6 एवं फॉम 8 के आवेदन पत्रों का निस्तारण करते हुए एकीकृत मतादाता सूचियों का प्रकाशन किया गया है। इस दौरान 2 लाख 88 हजार 37 नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। एकीकृत मतदाता सूची में मतदाता और जनसंख्या अनुपात 652 है। इसी प्रकार एक हजार पुरुषों पर 921 महिला मतदाता पंजीकृत हैं। एकीकृत मतदाता सूचियों के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जानकारी दी गई है।

मतदाता सूचियों की सॉफ्ट कॉपी राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों को निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। बता दें कि 2018 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 4 करोड़ 77 लाख 89 हजार मतदाता थे।

### मतदान केंद्र की संख्या 52 हजार 139

विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश में कुल 52 हजार 139 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे, इनमें 383 सहायक मतदान केंद्र हैं। बैलट पेपर लगाकर ईवीएम को सील करने की कार्रवाई 15 से 20 नवंबर तक की जाएगी, इस दौरान सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रहेगी।

वहीं सबसे अधिक 2,05,673 महिला मतदाता झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में, बगरू में 1,67,686, सांगानेर में 1,66,920, विद्याधर नगर में 1,63,951, बाली में 1,59,369, लूणी में 1,58,950 महिला मतदाता पंजीकृत हैं। सबसे कम 91,896 महिला मतदाता किशनपोल में, 92,513 बसेड़ी में, 98,830 जोधपुर में, 99,039 राजाखेड़ा में, 1,00,862 महिला मतदाता पीपल्दा में पंजीकृत हैं।

## मतगणना का दिन बदलने की मांग पर व्यक्ति ने रखा उपवास



**आइजोल,** 7 नवम्बर (एजेंसियां)। मिजोरम में जब मंगलवार को लोग 40 सीटों वाली विधानसभा के लिए अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए वोट डालने में व्यस्त थे,तभी एक 65 वर्षीय व्यक्ति तीन दिसंबर यानी रविवार को निर्धारित मतगणना के विरोध में सड़क किनारे अकेले उपवास पर बैठ गया। आइजोल के लाविपु के निवासी लालबियाकथंगा ने सुबह छह बजे उपवास शुरू किया। ‘पेट’ की समस्या के कारण, उन्होंने इसे अपराह्न तीन बजे के आसपास समाप्त कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता लालबियाकथंगा ने कहा कि मेरा स्वास्थ्य मुझे अनिश्चित काल तक उपवास करने की अनुमति नहीं देता है। यह दिन भर का उपवास रविवार को वोटों की गिनती करने के चुनाव आयोग (ईसीआई) के फैसले के खिलाफ अपना विरोध दिखाने के लिए है, जो ईसाइयों के लिए एक पवित्र दिन है। उन्होंने अपनी शांति पदयात्राओं की अपनी श्रृंखला में सैकड़ों हजारों लोगों को शामिल किया। इससे पहले 25 अक्टूबर को पेशे से किसान लालबियाकथंगा ने ईसीआई को एक पत्र भेजकर चुनाव आयोग से वोटों की गिनती की तारीख बदलने का अनुरोध किया था।

**चिंता** *तेलंगाना में भाजपा का बुरा हाल*

## कांग्रेस में हो रहे शामिल या पार्टी गतिविधियों से दूरी बना रहे नेता

**हैदराबाद, 7 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव होने में सिर्फ तीन हफ्ते बचे हैं, ऐसे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) खुद को अजीब स्थिति में पा रही है, क्योंकि चुनाव घोषणापत्र समिति समेत कुछ समितियों के प्रमुख या तो कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं या पार्टी की गतिविधियों से दूर रह रहे हैं। चुनाव घोषणा पत्र तैयार करने की पूरी प्रक्रिया उस** समय गड़बड़ा गई जब समिति के अध्यक्ष विवेक वेंकटस्वामी निष्ठा पाला बदलकर कांग्रेस में शामिल हो गए। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे विवेक पिछले हफ्ते हैदराबाद में राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

पूर्व सांसद को सोमवार को चेन्नूर (एससी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस का उम्मीदवार नामित किया गया। विवेक को पिछले महीने 29 सदस्यीय घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। यहां तक कि पैनल के संयोजक और संयुक्त संयोजक भी सक्रिय नहीं हैं। अप्रैल में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए अल्लेटी महेश्वर रेड्डी को समिति का संयोजक नियुक्त किया गया। निर्मल निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार के रूप में वह प्रचार में व्यस्त हैं। कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, जो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे, को घोषणापत्र समिति का संयुक्त संयोजक नियुक्त किया गया। पूर्व सांसद पिछले कुछ महीनों से खुद को पार्टी गतिविधियों से दूर रखे हुए हैं। चूंकि घोषणापत्र को चुनाव जीतने के लिए किसी भी पार्टी की रणनीति का एक प्रमुख घटक माना जाता है, इसलिए भाजपा नेताओं को यह पता नहीं है कि घोषणापत्र का मसौदा तैयार कौन कर रहा है।

पार्टी नेताओं के एक वर्ग के बीच यह भी चिंता है कि चूंकि विवेक को पार्टी के घोषणापत्र के लिए महत्वपूर्ण इनपुट की जानकारी थी, इसलिए इससे घोषणापत्र तैयार करने की पूरी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। विवेक के इस्तीफे से कुछ दिन पहले कोमाटि रेड्डी राज गोपाल रेड्डी ने भी कांग्रेस में वापसी के लिए बीजेपी से इस्तीफा दे दिया था। वह पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी का नेतृत्व कर रहे थे। राज गोपाल रेड्डी ने पिछले साल अगस्त में काफी गहमागहमी के बीच कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने उपचुनाव कराने के लिए अपनी मुनुगोडे विधानसभा सीट से भी इस्तीफा दे दिया था। लेकिन पिछले साल नवंबर में हुए उपचुनाव में वह हार गए थे। भाजपा ने चुनाव के लिए पार्टी को तैयार करने के लिए पिछले महीने 14 समितियों का गठन किया था। यह गुटबाजी को शांत करने की कवायद के रूप में देखी गई, पार्टी ने पुराने नेताओं और नए प्रवेशकों दोनों को इन पैनलों के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया था।

वरिष्ठ अभिनेता और पूर्व सांसद विजया शांति को आंदोलन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।



**यहां तक कि पैनल के संयोजक व संयुक्त संयोजक भी सक्रिय नहीं**

बिलासपुर, बुधवार 8 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नरसंहार के एक महीने

इजरायल और हमास के बीच छिड़ी जंग को पूरे एक महीने हो गए हैं। पिछले महीने यानी 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला किया था और इसके बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बिना देर किए युद्ध का शंखनाद कर दिया था। उन्होंने अपनी प्रशासनिक और खुफिया असफलता के लिए इजरायल के लोगों से माफी मांगना जरूरी नहीं समझा, न ही उन्होंने इन सवालों की परवाह की कि इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद इस हमले की जानकारी क्यों नहीं जुटा पाई, किस तरह हमास इतना शक्तिशाली हो गया कि उसने इजरायल पर भीषण हमला बोल दिया। नेतन्याहू इन सवालों की पड़ताल करने के लिए पहले वक्त निकालते, तो शायद ऐसा नरसंहार नहीं होता, जो इस वक्त हो रहा है। तब शायद हमास के असली इरादे पता चलते और ये भी मालूम होता कि आखिर हमास ने इतनी ताकत और दुस्साहस किसके बूते जुटा लिया। लेकिन शायद नेतन्याहू को युद्ध के मैदान में उतरने की हड़बड़ी थी ताकि हमास के बहाने फिलिस्तीनियों को पूरी तरह खदेड़ कर अपना कब्जा स्थायी कर लिया जाए।

जिस हमास को खत्म करने की कसम खाकर नेतन्याहू ने युद्ध शुरु किया, वो अब भी बरकरार है। शायद हमास का अमृतकुंड किसी इजरायली बंकर में ही छिपा हो और इसलिए वो खत्म नहीं हो पा रहा है। लेकिन उसके नाम पर अब तक 10 हजार से अधिक फिलिस्तीन मारे जा चुके हैं। इनमें 6 हजार से अधिक बच्चे हैं। इन बच्चों में भी बहुत से ऐसे हैं, जिन्होंने अपने जीवन का एक साल भी पूरा नहीं किया, कुछ बच्चों को तो मां के पेट में ही इजरायल ने खत्म कर दिया, मानो उन अजन्मी संतानों में हमास का आतंकी रूप इजरायल को नजर आता है। खून, धूल, बारूद की गंध से लिपटे, रोते-बिलखते, डर से कांपते बच्चों की तस्वीरें और वीडियो देखकर किसी भी सामान्य इंसान की रूह कांप जाए। लेकिन युद्धोन्माद में कोई सामान्य कहां रह पाता है। इजरायली सैनिक अपने आका का हुक्म बजा रहे हैं और इजरायल अपने आका अमेरिका की फरमाबरदारी कर रहा है। बिना इस बात की परवाह किए कि उसके हाथों में इतना खून लग चुका है, जिसके दाग सदियों तक बरकरार रहेंगे।

आज इजरायल ने इतने फिलिस्तीनी नागरिकों को मारा, जिनमें इतने बच्चे, इतनी महिलाएं, इतने पत्रकार, इतने सैनिक, इतने डॉक्टर हैं, इजरायल ने आज अस्पताल को तबाह किया, आज राहत शिविर पर बम बरसाए, आज गजा पट्टी तक पहुंचने वाली बिजली, पानी की आपूर्ति रोक दी, आज संचार के साधनों को खत्म कर दिया, ऐसी ही खबरें रोजाना महीने भर से लगातार आ रही हैं। और इन खबरों को देखकर भी अगर हम सामान्य बने हुए हैं, तो फिर ये तय है कि हम मनुष्य कहलाने का हक खो चुके हैं। बताया जा रहा है कि फिलिस्तीनियों को औसतन दिन में ब्रेड की दो स्लाइस और थोड़े से पानी में गुजारा करना पड़ रहा है। बहुतों को ये भी नसीब नहीं हो रहा है। निश्चित ही अमेरिका, इजरायल और इन देशों का साथ देने वाले तमाम सत्ताधीश आला दर्जे की संवेदनहीनता और क्रूरता दिखा रहे हैं। जिन लोगों को मासूमों की मौत, भूख-प्यास, बीमारी देखकर कोई फर्क नहीं पड़ रहा, जो खून की नदियों से धरती को मैला करने में लगे हुए हैं, क्या उन लोगों से न्याय और लोकतंत्र की रक्षा की उम्मीद की जा सकती है। किस तरह से ये तमाम शासनाध्यक्ष दुनिया से आतंकवाद मिटाकर शांति स्थापना का दावा कर सकते हैं, जबकि खुद इनके कृत्य किसी आतंकवाद से कम नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ को भी अमेरिका, इजरायल और उनका साथ देने वाले तमाम देशों ने बेमानी बना दिया है। संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस बार-बार शांति की अपील कर रहे हैं। मानवीय आधार पर युद्धविराम की बातें कर रहे हैं। अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, जर्मनी तमाम देशों में लगातार आम जनता फिलिस्तीनियों के लिए आवाज उठा रही है। खुद इजरायल की जनता नेतन्याहू की युद्धनीति का विरोध करते हुए सड़कों पर उतर आई है। लेकिन फिर भी इजरायल युद्धविराम के लिए तैयार नहीं है और उधर जो बाइडेन कह रहे हैं कि पूरे युद्धविराम की जगह मानवीय जरूरत के लिए छोटे विराम लिए जाएं। इस तरह के बयानों से अमेरिका की असली नीयत समझ आ जाती है। मानवीय जरूरत तो यही है कि किसी भी हाल में युद्ध तुरंत बंद हो और नरसंहार पर रोक लगे। छोटे विराम जैसा कोई विकल्प होना ही नहीं चाहिए। मगर युद्ध रुका तो नेतन्याहू के फिलिस्तीन पर कब्जे के मंसूबे धरे रह जाएंगे। इसलिए अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए इजरायल युद्ध किए जा रहा है और अमेरिका अपनी मदद जारी रखे हुए है।

दुनिया भर के कई राजनेता अपनी सरकारों से अलग राय रखते हुए इजरायल को आतंकी राष्ट्र घोषित करने की मांग उठा चुके हैं। नेतन्याहू पर युद्ध अपराधों का मुकदमा चलाने की मांगे हो रही हैं। यह देखना दुखद है कि इंसानियत के इस मुश्किल वक्त में भारत का नेतृत्व करने वाली मोदी सरकार ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है। सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत की और इसमें दोनों देशों के संबंधों पर चर्चा के साथ ही फिलिस्तीन के हालात पर भी चर्चा हुई। जिसमें राष्ट्रपति रईसी ने श्री मोदी को 'पश्चिमी उपनिवेशवाद के ख़िलाफ़ भारत के संघर्ष' और 'गुट-निरपेक्ष आंदोलन का संस्थापक देश होने' की याद दिलाई। रईसी ने कहा, 'आज भारत से उम्मीद है कि वह ग़ज़ा के बाशिंदों के ख़िलाफ़ ज़ायनवादियों के अपराधों को रोकने के लिए अपनी पूरी क्षमताओं का इस्तेमाल करे।

ईरान ने मोदी सरकार को भारत के इतिहास और विदेश नीति का वो अध्याय याद दिलाया, जिसके बूते दुनिया में भारत के नाम की साख बनी हुई थी। लेकिन अफसोस कि मोदी सरकार ने सायास उस अध्याय को बंद करने की कोशिश की है। गुटनिरपेक्षता आंदोलन को औपचारिकता के फ्रेम में जकड़ दिया है और कुछ व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए श्री मोदी इजरायल या अमेरिका के कृत्यों पर खुलकर बोल भी नहीं रहे हैं। इजरायली सरकार के अपराधों पर अमेरिका से लेकर भारत तक का यह ढीला रवैया समूची मानवता के लिए भारी पड़ेगा।

# इन चुनावी संकेतों से उभरती भावी सियासी तस्वीर

छत्तीसगढ़ की 90 में से 20 तथा मिजोरम की सभी 40 सीटों के लिये मंगलवार को मतदान होने के साथ ही पांच राज्यों के लिये निर्धारित विधानसभा के चुनावों को लेकर जो कयास लगाये जा रहे हैं; और जो संकेत मत सर्वेक्षणों (ओपिनियन पोल) से मिल रहे हैं, उनसे देश की एक नयी भावी तस्वीर स्पष्टता के साथ उभरती नज़र आ रही है। इसके अलावा जमीनी हकीकतों से रूबरू हो रहे तमाम राजनीतिक पण्डित तथा विश्लेषक भी इशारे कर रहे हैं कि इन राज्यों के नतीजे जो आएंगे उसके बाद देश की सियासत वैसी नहीं रहगी जैसी आज है। उपरोक्त दो प्रदेशों के अलावा राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भी चुनाव हो रहे हैं जो अलग-अलग तारीखों पर निपट जायेंगे। सारे के सारे इसी माह होंगे और उनके परिणाम आयेंगे 3 दिसम्बर को।

यह ऐसा चुनाव है जिसमें पांचों राज्य विभिन्न कारणों से बेहद महत्वपूर्ण हो गये हैं। महत्ता की दृष्टि से इसका क्रम नहीं ठहराया जा सकता जो सामान्य तौर पर एक साथ कई राज्यों में होने वाले चुनावों के समय निर्धारित किये जा सकते हैं। मसलन, फरवरी 2022 में जब पांच सूबों की विधानसभाओं के चुनाव हुए थे तो उन पर होने वाली चर्चाओं के दौरान प्रकारान्तर से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर का क्रम सियासी महत्व के अनुसार निर्धारित होता था। हिन्दी पट्टी का प्रमुख राज होने के नाते और एक अलग तरह की राजनीति व प्रशासन चलाने वाले उप्र को सर्वाधिक अहमियत थी, तो हिन्दुत्व की नयी प्रयोगशाला के रूप में बन रहे उत्तराखंड का क्रमांक दूसरा था। कांग्रेस की उथल-पुथल और भारतीय जनता पार्टी व अकाली दल के अलगाव के बाद होने तथा आम आदमी पार्टी के वहां जोर-शोर से चुनाव लड़ने के कारण उस चुनाव का भी महत्व था परन्तु वह राज्य तीसरे ही नंबर पर था। पहले 2017 में बनी जहां की सरकार (गोवा) को भाजपा ने कांग्रेस से छीनकर बनाया था, उसकी ओर लोग उत्सुकता से देख तो रहे थे पर वह चौथा ही महत्वपूर्ण राज्य था। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर को आखिरी क्रमांक पर रखा गया था।

इस बार ऐसा बिलकुल नहीं किया जा सकता। अब कोई नहीं कह सकता कि कौन सा राज्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और कौन सा सबसे कम। मिजोरम को ही लें! जब चुनावों की घोषणा हुई थी तो लगता था कि यह इन सभी में सबसे कम महत्वपूर्ण है, परन्तु जैसे-जैसे मणिपुर की घटनाओं की आंच उस राज्य ने महसूस की, वहां राहुल गांधी का दो दिवसीय दौरा हुआ, सभी राज्यों में धुंआधार प्रचार करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उससे दूरी बना ली तथा मुख्यमंत्री जोरामथांगा ने साफ कर दिया कि वे मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे- मिजोरम भी अपने मायनों में यह छोटा राज्य होने के बावजूद बेहद महत्वपूर्ण हो उठा क्योंकि इन घटनाक्रमों के आलोक में वह समग्र पूर्वोत्तरवासियों की मानसिकता का अक्स बन बैठा- सात राज्यों का भी। दक्षिणी राज्य तेलंगाना की बात करें तो यहां पहले सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) और भाजपा के बीच मुख्य मुकाबला था लेकिन जब वहां भी राहुल ने कई दिन बिताए तत्पश्चात बीआरएस व वहीं की आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) के साथ भाजपा की सांठ-गांठ को उजागर किया तो भाजपा दौड़ से ही बाहर हो गई। अब बीआरएस सत्ता बचाने के लिये कांग्रेस से संघर्षरत है। लोगों का कहना है कि अगर वहां बीआरएस हारती है तो आश्चर्य नहीं होना चाहिये। पिछले साल सितम्बर से निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा में राहुल ने तेलंगाना में करीब 16 दिन बिताए थे, जिसका असर वहां पहले से मौजूद था।

हिन्दी पट्टी के तीनों राज्यों में छत्तीसगढ़ सबसे छोटा राज्य है जिसके बारे में इसलिये सबसे कम चर्चा हो रही थी क्योंकि वहां एकतरफा मुकाबला माना गया था। कांग्रेस सरकार बहुत मजबूत स्वीकारी जा चुकी थी। ऐसा इसलिये क्योंकि इस राज्य में 90 की विधानसभा में उसके 71 विधायक हैं और सरकार का काम भी शानदार माना जाता है जिसका उल्लेख कांग्रेस द्वारा अपने वादों व गारंटियों की विश्वसनीयता साबित करने के लिये किया जाता है। यहां भाजपा का ध्रुवीकरण, साम्प्रदायिकता और धर्मांतरण का मुद्दा लाख कोशिशों के बावजूद नाकाम रह गया है। उसे



डॉ. दीपक पाचपोर

हिन्दी पट्टी के तीनों राज्यों में छत्तीसगढ़ सबसे छोटा राज्य है जिसके बारे में इसलिये सबसे कम चर्चा हो रही थी क्योंकि वहां एकतरफा मुकाबला माना गया था। कांग्रेस सरकार बहुत मजबूत स्वीकारी जा चुकी थी। ऐसा इसलिये क्योंकि इस राज्य में 90 की विधानसभा में उसके 71 विधायक हैं और सरकार का काम भी शानदार माना जाता है जिसका उल्लेख कांग्रेस द्वारा अपने वादों व गारंटियों की विश्वसनीयता साबित करने के लिये किया जाता है।

यहां उग्र बयान देने वालों की फौज उतारनी पड़ी है। साथ ही, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का जिस कदर मुकाबला कांग्रेस कर रही है उसने भी अन्य राज्यों की इकाइयों को बताया कि भाजपा से ऐसे भी लड़ा जा सकता है। अब छग का राजनैतिक मॉडल हर चुनावी चर्चा का अनिवार्य हिस्सा बन गया है। इसने छग का महत्व यकायक बढ़ा दिया है। अब रही बात मध्यप्रदेश व राजस्थान की तो यह अलग-अलग संदर्भों में और व्यक्ति-व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह दोनों में किसे अधिक महत्व देता है। दोनों ही राज्यों में अनेक एक सरीखे तथ्य हैं, बावजूद इस फर्क के कि एक जगह पर (मप्र) भाजपा सत्ता बचाने की जद्दोजहद में है तो दूसरी जगह (राजस्थान) सरकार बनाने की। दोनों राज्यों में दोनों प्रमुख दलों- कांग्रेस व भाजपा में कम या ज्यादा बगावतों व भीतरघातों का सिलसिला जारी है लेकिन उनका खामियाजा भाजपा के ही अधिक भुगतने के संकेत साफ हैं। दोनों राज्यों में आलाकमान ने बड़े पैमाने पर केन्द्रीय मंत्रियों एवं नेताओं को विधायकी के रणक्षेत्र में उतारकर स्थानीय नेतृत्व व काडर की मुश्किलें बढ़ा दी हैं जिसका दोनों जगहों पर कांग्रेस को फायदा होता दिख रहा है। वैसे यह भी सच है कि जहां कांग्रेस अपने अंदरूनी झगड़ों को सम्भालने में नाकाम रहेगी वहां उसकी मुश्किलें बढ़ेंगी। अलबत्ता, उसकी बेहतर होती स्थिति उसे अपने आंतरिक मतभेदों पर काबू पाने या उसके असर को घटाने में सहायक साबित हो रही है। इस तरह एक साथ सारे के सारे राज्यों के महत्वपूर्ण कहे व माने जा चुके इन चुनावों की श्रृंखला में किसी भी कड़ी को कमजोर नहीं कहा जा सकता। कुल जमा, सभी राज्यों में कांग्रेस की बढ़त बनी हुई है और भाजपा की पतली हालत है। इन सभी प्रदेशों में राहुल गांधी, कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी की होने वाली सभाओं और रोड शो ने रातों-रात फर्क पैदा किया है।

इन चुनावों के परिणामों के बाद बामुश्किल छह माह के भीतर ही देश आम चुनावों में जायेगा। पहले दिन से तय है कि उसकी नियति को ये नतीजे निर्धारित करेंगे। इसलिये हाल ही में कांग्रेस की अगुवाई में बने संयुक्त प्रतिपक्ष 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) में उठे कुछ विवादों व मतभेदों से भाजपा को काफी उम्मीद थी। अब भी होगी कि इन राज्यों के चुनावों के दौरान अगर गठबन्धन में कोई टूट-फूट होती है तो उसका उसे 2024 के लोकसभा चुनावों में फायदा मिल सकता है परन्तु उसे निराशा ही हाथ लगी होगी क्योंकि मतभेद होते भी हैं तो तत्परता से सुलझाये जा रहे हैं। अब भी साथ काम करने का आश्वासन भी सभी सम्बन्धित दल दे रहे हैं। मसलन, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच मध्यप्रदेश के कुछ चुनावी मसलों पर तनातनी हुई परन्तु उसे सुलझा लिया गया। ऐसे ही, बिहार के सीएम नीतीश कुमार को शिकायत थी कि कांग्रेस के पास इंडिया गठबन्धन की ओर ध्यान देने का समय नहीं मिल रहा नहीं है। मल्लिकार्जुन खरगे ने आश्वस्त कर दिया कि विधानसभा चुनावों के बाद वे सभी को साथ लेकर 'इंडिया' को आगे बढ़ाएंगे। यही नयी तस्वीर अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा की कमजोर स्थिति को लेकर उभरेगी।

**( लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं )**

# आरएसएस : 'भावनात्मक एकता' के बहाने यथास्थिति कायम रखने की कोशिश

वर्तमान सत्ताधारी दल सहित हिन्दू राष्ट्र की कायमी के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली कई अन्य संस्थाओं से मिलकर बने संघ परिवार के मुखिया हैं मोहन भागवत. ये संस्थाएं शिक्षा, राजनीति, सामाजिक गतिविधियों आदि में संलग्न हैं। भागवत संघ परिवार को विजयादशमी (दशहरा) के दिन मार्गदर्शन देते हैं। विजयादशमी का यह भाषण उस बहुसंख्यकवादी हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति की विचारधारा और राजनैतिक एजेंडा को प्रतिबिंबित करता है, जिसका नेतृत्व संघ परिवार के हाथों में है।

इस वर्ष (2023) के 24 अक्टूबर को उन्होंने अपने भाषण में केवल शब्दों के कुछ हेरफेर के साथ ऐसी कई बातें कहीं जिन्हें द्वितीय सरसंघचालक एमएस गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'बंच ऑफ थाट्स' में निरूपित किया था. इस पुस्तक में गोलवलकर लिखते हैं, 'मुस्लिम, ईसाई और कम्युनिस्ट हिन्दू राष्ट्र के लिए आंतरिक खतरा हैं?' छलपूर्ण भाषा में भागवत ने कहा कि 'सांस्कृतिक मार्क्सवाद एक खुदगर्ज और धोखेबाज ताकत है जो मीडिया और शिक्षण के क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित कर देश को विभाजित करना चाहती है।'



राम पुनियानी

मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद से कॉर्पोरेट घरानों ने मीडिया के एक बड़े हिस्से पर अपना नियंत्रण कायम कर लिया है और यह हिस्सा अब संघ और भाजपा का भोंपू बन गया है। ये सभी संगठन और उनके नेता, जाति जनगणना को देश को बांटने वाला बता रहे हैं। सच यह है कि जाति जनगणना, सामाजिक न्याय की स्थापना के दिशा में कदम है।

उन्होंने आगे कहा, 'ये शक्तियां कुछ उत्कृष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य करने का दावा करती हैं लेकिन उनका वास्तविक लक्ष्य दुनिया की व्यवस्था एवं नैतिकता, परोपकार, संस्कृति, गरिमा और संयम को अस्त-व्यस्त करना है।' उन्होंने यह भी कहा कि, 'ये विध्वंसक शक्तियां अपने आप को 'वोक' या मार्क्सवादी बताते हैं...विश्व की सभी सुव्यवस्था, मांगल्य, संस्कार, तथा संयम से उनका विरोध है..। माध्यमों तथा अकादमियों को हाथ में लेकर देशों की शिक्षा, संस्कार, राजनीति और सामाजिक वातावरण को भ्रम एवं भ्रष्टता का शिकार बनाना उनकी कार्यशैली है।'

'वोक' शब्द मौजूदा दौर में सांस्कृतिक चर्चाओं के केन्द्र में रहा है। इसकी जड़ अफ्रीकी-अमेरिकियों की स्वयं को नस्लवाद के चंगुल से निकालकर समानता हासिल करने की ललक में है। यह शब्द लोकतंत्र के आगाज़ के पूर्व के तानाशाही के दौर की पितृसत्तात्मकता, नस्लवाद और वर्णों से संबंधित ऊंच-नीच द्वारा खड़ी की गई रुकावटों पर विजय हासिल करने का प्रतीक भी है।

यह कहा जा सकता है कि यह शब्द अब सारी दुनिया में प्रचलित हो गया है। यूरोप और आस्ट्रेलिया में रूढ़िवादी राजनीतिज्ञ 'वोक' के समावेशिता के विचार का उपहास करते हैं और इसके आधार पर लैंगिक समानता और पर्यावरण संरक्षण का विरोध करते हैं। बीबीसी की डाक्यूमेन्ट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' (मोदी के मुख्यमंत्रित्वकाल में गुजरात में हुई हिंसा पर बनी डाक्यूमेन्ट्री जिस पर भारत में पाबंदी लगा दी गई है) के बारे में टिप्पणी करते हुए आरएसएस नेता राम माधव ने 'द इंडियन एक्सप्रेस' में लिखा कि बीबीसी का यह 'पतन' ब्रिटेन के संभ्रात वर्ग में 'वोक संस्कृति' के उदय के कारण हुआ है. जो राम माधव यह मानते हैं कि 'द मोदी क्वेश्चन' का प्रसारण करने से बीबीसी का 'पतन' हुआ है वे ही राम माधव सरसंघचालक के 'जड़ों' की ओर लौटने (संक्षेप में मनुस्मृति के मूल्यों के इर्दगिर्द जाने) के आह्वान का समर्थन करते हैं और सांस्कृतिक मार्क्सवादियों पर हमारे शिक्षण संस्थानों और मीडिया पर कब्जा करने का आरोप लगाते हैं। उनके अनुसार सांस्कृतिक मार्क्सवादियों ने ऐसा आख्यान विकसित किया है जिसमें हिन्दू धर्म को उच्च जातियों की प्रभुता के रूप में परिभाषित कर हिंदुत्व और जाति या जाति प्रथा को दमनकारी और शोषक निरूपित किया गया है। माधव के अनुसार जातिगत जनगणना विभाजनकारी है।

सच यह है कि स्वाधीनता संग्राम के दिनों से ही मार्क्सवाद से प्रभावित लोग समानता के लिए सामाजिक परिवर्तन के हामी रहे हैं। भगतसिंह और उनके साथियों ने समानता की बात थी। औद्योगीकरण और शिक्षा के प्रसार के साथ प्रगतिशील ताकतों ने उस विचारधारा को उखाड़ फेंकने की वकालत की जो सामंती समाज से हमें विरासत में मिली थी और जो वर्गीय, जातिगत और लैंगिक ऊंच-नीच पर आधारित थी। कम्युनिस्टों के अलावा, जोतीराव फुले और आंबेडकर के नेतृत्व वाली धारा ने भी उस दमनकारी व्यवस्था को चुनौती दी, जिसमें ऊंची जातियों के पुरुष दलितों और महिलाओं पर अपना प्रभुत्व जमाते थे और जिसमें पितृसत्तात्मक मूल्यों की प्रधानता थी। गांधीजी के नेतृत्व वाले स्वाधीनता आन्दोलन ने भी इन मुद्दों को उठाया और दमनकारी सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ विद्रोह को व्यापक स्वरूप देने का प्रयास किया और उसे स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न अंग बनाया।

अभिव्यक्ति की आज़ादी के लिए संघर्ष भी स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न अंग था और लोकमान्य तिलक से लेकर गांधीजी और उनसे लेकर नेहरु तक सभी ने इसका समर्थन किया। प्रगतिशील वर्गों ने विश्वविद्यालयों में शिक्षण और लेखन व भाषणों के ज़रिए अपने विचारों को आम लोगों तक पहुंचाया।

इन लोगों ने अपनी बौद्धिक आज़ादी का उपयोग कर हमारी शिक्षा प्रणाली को प्रजातान्त्रिक नींव दी और वे जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय जैसे बौद्धिक उत्कृष्टता के केन्द्रों की स्थापना में सहायक बने। इस संस्थान ने जबरदस्त प्रतिष्ठा अर्जित की और देश को अनेक लेखक, नौकरशाह और पुलिस अधिकारी दिए. निश्चित रूप से भागवत और माधव का यह दावा सही नहीं है कि शिक्षा के केन्द्रों में घुसपैठ करने का कोई योजनाबद्ध प्रयास किया गया, जिसके चलते हम 'अपनी जड़ों' से दूर चले गए। उनके लिए तो पूरा स्वाधीनता संग्राम ही 'हमारी जड़ों से दूर जाना था।'

हिन्दू राष्ट्रवादियों के इस दावे में भी कोई दम नहीं है कि मार्क्सवादियों की दृष्टि में हिन्दू धर्म का अर्थ था उच्च जातियों की प्रभुता। यह हिन्दू राष्ट्रवादियों की हमारे अतीत की सतही समझ को दर्शाता है। वे भूल जाते हैं कि आंबेडकर (चुनाव में लाभ प्राप्त करने के लिए जिनकी शान में हिन्दू राष्ट्रवादी कसीदे काढ़ रहे हैं) ने कहा था कि हिन्दू धर्म में ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला है। दलितों को समानता का अधिकार न देने के प्रति कटिबद्ध कट्टरपंथी हिन्दू धर्म के सिद्धांतों से आंबेडकर इतने आहत थे कि उन्होंने न केवल सार्वजनिक रूप से मनुस्मृति का दहन किया बल्कि यह घोषणा भी की कि, 'मैं हिन्दू के रूप में पैदा हुआ था। वह मेरे हाथ में नहीं था। परन्तु मैं हिन्दू के रूप में मरूंगा नहीं।' इसी कारण आंबेडकर उन 'जड़ों' से दूर चले गए थे, जिनका गुणगान भागवत और माधव कर रहे हैं।

वोक, जो कि सामाजिक ऊंच-नीच की बेड़ियों को तोड़ देना चाहता हैं, को भागवत एंड कंपनी नीची निगाहों से देखते हैं। उदारवादी भारतीय संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहते हैं और वे संयुक्त राष्ट्रसंघ के मानवाधिकार घोषणापत्र के मूल्यों का सम्मान करते हैं। इसके विपरीत, आरएसएस ने अत्यंत योजनाबद्ध तरीके से सरस्वती शिशु मंदिरों की श्रृंखला की स्थापना की है, जिनका पाठ्यक्रम जातिगत और लैंगिक पदक्रम का समर्थन करता है। संघ के 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' ने वेंडी डोनिगर के तार्किक और विद्वतापूर्ण लेखन का विरोध किया। एक अन्य संघी संगठन ने एके रामानुजन के लेख 'थ्री हंड्रेड रामायाणास' को पाठ्यक्रम से बाहर करवाया। यह लेख हमारी विविधवर्णी संस्कृति को समझने में हमारी मदद करता है। और ये तो केवल चंद उदाहरण हैं।

उदारवादी मूल्य देश को नहीं बांट रहे थे। वे तो पितृसत्तात्मकता और जाति प्रथा से मुक्ति की बात करते हैं। देश को जो बांट रहा है वह है आरएसएस शाखाओं, उसके लाखों स्वयंसेवकों और हजारों प्रचारकों द्वारा किया जा रहा अल्पसंख्यक-विरोधी दुष्प्रचार। जहां तक मीडिया पर नियंत्रण का सवाल है, उसके बारे में जितना कहा जाए, वह कम है। सन् 1977 में जनता पार्टी की सरकार में लालकृष्ण अडवाणी के सूचना और प्रसारण मंत्री बनने के बाद से आरएसएस के स्वयंसेवकों का मीडिया संस्थानों में घुसपैठ करने का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह अब भी जारी है। मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद से कॉर्पोरेट घरानों ने मीडिया के एक बड़े हिस्से पर अपना नियंत्रण कायम कर लिया है और यह हिस्सा अब संघ और भाजपा का भोंपू बन गया है।

ये सभी संगठन और उनके नेता, जाति जनगणना को देश को बांटने वाला बता रहे हैं। सच यह है कि जाति जनगणना, सामाजिक न्याय की स्थापना के दिशा में कदम है। कहने की ज़रूरत नहीं कि आरएसएस, सामाजिक न्याय का घोर विरोधी है।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

## पावन प्रसंग

# भले और नेक बनिए

नेकी की हर जगह सराहना होती है, किन्तु वह सज्जनता और भी अधिक सराहनीय हे, जिसके साथ नम्रता जुड़ी हुई हो। उद्‌दंडता ओछे लोग अपनाते हैं। अहंकार व्यक्त करके किसी का घटियापन ही सिद्ध होता है।

टेनीसन ने कहा है- नम्रता एक कल्पवृक्ष है, जिस पर सद्‌गुणों की टहनियां निकलती और विभूतियों की पत्तियां उगती है। ईसा कहते थे- नम्र बनकर रहो। जो अपने को जितना छोटा कहेगा, वह दूसरों की आंख में उतना ही बड़ा बनेगा।

जिसका 'स्व' संकीर्णता की परिधि से निकलकर व्यापकता के क्षेत्र में प्रवेश करता है, उसका स्वार्थ परिष्कृत स्तर का बनकर परमार्थ का रूप धारण करता है। अपना हित साधने की चिंता और चेष्टा हर किसी को रहती है। यह अपनापन यदि कुछ अधिक विस्तृत बन सके तो दूसरों की चिंता तो इसी प्रकार करनी पड़ेगी, जैसे अपने अंग-अवयवों की या कुटुंब संबंधियों की करनी पड़ती है। यह वह स्थिति है, जिसमें परमार्थ में स्वार्थ और स्वार्थ में परमार्थ का समावेश होता है।

परमार्थ के लिए धन-संपदा का होना आवश्यक नहीं। श्रम, समय, प्रभाव, चिंतन और परामर्श जैसे कितने ही आधार है, जिनकी सहायता से दूसरों की प्रचुर सेवा-साधना संभव हो सकती है। ईश्वरप्रदत्त वैभव मनुष्य की काया और चेतना परिमाण में विद्यमान है। इसे पुण्य-प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त करते रह सकना हर उदारचेता के लिए सहज संभव हो सकता है। धन भी श्रम की परिणति है। जितना उपकार आर्थिक अनुदानों से हो सकता हे, उससे अनेक गुना बौद्धिक अनुदानों से हो सकता है। परामर्श और सहयोग का महत्व भी आर्थिक सहायता से किसी प्रकार कम नहीं। लोग आर्थिक कठिनाइयों से ही दु:खी नहीं है। अधिकांश ऐसे हे, जो भटकाव या अत्याचार से ग्रसित होकर कष्ट सहते हैं।

नेकी का बदला हाथोंहाथ मिलता है। जिसके साथ भलाई की गई हे, संभव है कि वह बदला लेने की स्थिति में न हो। तो भी उस सहायता को देखकर अनेकों को अपनी सज्जनता का पता चलेगा और ये अवसर पाने पर अपने साथ भलाई का ही व्यवहार करेंगे। फिर अपनी आत्मा को जो भी संतोषभरी प्रसन्नता होती हे, वह भी कुछ कम महत्व की नहीं। प्रसन्नता खरीदने के लिए कुछ-न-कुछ खरच करना पड़ता है। बिना खरच किए तो यहां किसी को कुछ नहीं मिलेगा। यहां तक कि बुराई भी श्रम लगाने और समय गंवाने से ही मिलती है। ऐसी दशा में यदि नेकी के निमित्त समय, श्रम या धन लगाया गया है और उसके बदले अपना मनोबल बढ़ा है तो यह घाटे का सौदा नही है। भलाई वह बीज है, जो उगे बिना रहता नहीं, उस पर अच्छे और मीठे फल आते हैं, भले ही उसमें कुछ देर लगे।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से विनाश की तरफ बढ़ता पहाड़ी क्षेत्र

विश्व आर्थिक मंच की वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2020 के अनुसार अगले 10 दशकों में शीर्ष जोखिमों में जलवायु परिवर्तन शामिल हो सकते हैं। यह जोखिम मानवजनित, पर्यावरणीय आपदाएं, जैव विविधता हानि व मौसमी घटनाएं हो सकती हैं। दरअसल पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने के लिए प्रकृति और मानव के बीच तालमेल होना अत्यंत ही आवश्यक है। यह सिक्के के दो पहलू की भांति है। किसी एक में होने वाली कमी दूसरे को प्रभावित करती है। पिछले कई दशकों से मानव गतिविधियां जलवायु परिवर्तन का प्रमुख चालक रही हैं। शहरीकरण, औद्योगिकीकरण,वनोन्मूलन व रासायनिक कीटनाशकों और उर्वरकों का प्रयोग जलवायु परिवर्तन के प्रमुख कारक के रूप में देखे जा सकते हैं और इन कारकों का जनक मानव है। आधुनिकता व बढ़ती जनसंख्या के साथ तेजी से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है जो भविष्य में किसी विनाश का सूचक हो सकता है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से न केवल मानव, बल्कि वन्य जीवों पर भी इसका बुरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। जाने माने फोटोग्राफर और पर्यावरणविद पद्मश्री अनूप साह बताते हैं कि जिस ज्योलीकोट और सातताल जैसे क्षेत्र जो कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता व वन्य प्राणियों की फोटोग्राफी के लिए देसी व विदेशी फोटोग्राफरों को सालों भर आकर्षित करते थे, वही आज विकास की भेट चढ़ कर गुमनामी में खो गये हैं। अन्तरराष्ट्रीय फोटोग्राफर होने के नाते अपने अनुभवों को साझा करते हुए वह बताते हैं कि उनके द्वारा जिस मनोहारी जंगल व कई वन्य जीवों के दृश्यों को कैमरे में कैद किया गया था, आज जलवायु परिवर्तन व मानव हस्तक्षेप के चलते उनमें से कई प्रजातियां विलुप्त सी हो गई हैं। अनूप साह बताते हैं कि प्रकृति का दोहन सबसे अधिक वन्य जीवों के आवास के लिए भंयकर सिद्ध हो रहा है। सरकारी योजनाओं के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसी प्रजातियों को रोपित किया जा रहा है जो इकालॉजी को बदल रही हैं। यह अत्यंत ही गंभीर विषय है। जिस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो इसके और भी अधिक दुष्परिणाम हो सकते हैं।

मानव वन्य जीवों में संघर्ष बढ़ने लगे हैं। मानव द्वारा जंगलों को काटकर आबादी क्षेत्रों में तब्दील कर दिया जा रहा है। वन्य जीवों को उनके घरों से बेघर किया जा रहा है। जिसके चलते सीमित स्थान होने से जानवरों द्वारा मानव बस्तियों पर हमला कर मानव को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। भारत में पाई जाने वाली 1300 पक्षियों की प्रजातियों में अकेले 700 से अधिक प्रजातियां केवल उत्तराखंड में ही पाई जाती हैं। परंतु, विगत कई वर्षो से प्रकृति दोहन के चलते इनके प्राकृतिक वास समाप्त हो गये हैं और अब इन प्रजातियों की आधी संख्या ही देखने को मिल रही है। कठफोड़वा ऐसा पक्षी जो आवाज और सुन्दरता के चलते सभी का ध्यान अपनी ओर आर्कषित करता था। यह भी अब कम ही दिखाई दे रहे हैं। वहीं गौरैया की प्रजातियां जो कभी पूरे राज्य में दिखाई देती थी वह भी अब न के बराबर रह गई है। मानव का प्रकृति में हस्तक्षेप जल्द ही कई पशुओं व पक्षियों की प्रजातियों को धरती से विलुप्त कर देगा।

वनों के दोहन पर अपने विचार रखते हुए ओखलकांडा के पर्यावरणविद् चन्दन नयाल का कहना है- पर्वतीय क्षेत्रों में विकसित हो रही अलग-अलग प्रजातियां संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को बदल रही हैं। वहीं आरामदायक जीवनयापन के लिए आवश्यक सामग्री निर्माण हेतु न जाने कितने पेड़ों का कटान किया जाता है। शुद्ध हवा, स्वच्छ जल और शान्ति के चलते पहाड़ों पर घर बनाना सबका सपना बन रहा है।

**बीना बिष्ट, हल्द्वानी उत्तराखंड**

उल्टा पुल्टा

पति पत्नी में लड़ाई हुई। पति ने आत्महत्या करने की सोच कर बाजार से जहर लाकर खा लिया। वो मरे नहीं बीमार हो गए।

**पत्नी (गुस्से में बोली)** – सौ बार कहा है कि चीजें देखकर खरीदा करो पैसा भी गए और जिस काम के लिए लाए वो भी नहीं हुआ।

## संपादकीय

### बस्तर ने बुलेट की बजाय बैलेट को चुना

*चुनावी बहिष्कार को दरकिनार करते हुए एक बार फिर से छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकतंत्र का रास्ता ही चुना। मंगलवार को हुए पहले चरण के मतदान में यहां की 2 सीटों पर लोगों ने वोट डाले। 9 सीटों वाली छग विधानसभा की शेष 7 सीटों पर 17 नवम्बर को वोट डाले जायेंगे। बस्तर के आदिवासी इस मामले में प्रेरणा के स्रोत हो सकते हैं कि बेहद सरल लेकिन कठिन जीवन जीने वाले आदिवासी नक्सलियों तथा पुलिस दोनों के अत्याचार सह रहे हैं परन्तु उन्होंने कभी भी हिंसा का साथ नहीं दिया। पिछले न जाने कितने वर्षों से उनका शोषण होता आया है और पुलिस एवं नक्सलियों के आपसी संघर्षों का सर्वाधिक खामियाजा भी उन्हें ही भुगतना पड़ा है लेकिन उन्होंने कभी भी लोकतंत्र का रास्ता नहीं छोड़ा। वे उन सुविधाभोगी शहरी लोगों की तरह नहीं हैं जो ड्राइंग रूम और पार्टियों में तो सरकारों की आलोचना करते नहीं थकते परन्तु ऐन मतदान के दिन पोलिंग बूथ जाने की बजाय पिकनिक मनाने या सैर-सपाटे पर निकल जाते हैं। हर बार की तरह नक्सलियों ने इस बार भी चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। उन्होंने आदिवासियों को भी मतदान करने पर गम्भीर परिणामों की चेतावनी दी थी। इसके बाद भी जिस तादाद में यहां के लोगों ने घरों से निकलकर मतदान किया है वह अनुकरणीय है।*

*माओवादी कार्रवाइयों का दायरा लगातार सिमट रहा है फिर भी चुनावों के पहले वे थोड़ा-बहुत सक्रिय हो ही जाते हैं। इसका कारण सम्भवतः यह हो सकता है कि वे अपनी उपस्थिति दर्शाना चाहते हैं। इस बार भी उन्होंने कुछ हिंसक गतिविधियां कीं जिनमें कुछ नेताओं की हत्याएं और तोड़-फोड़ शामिल हैं। लोगों में उनकी दहशत पूर्णतः खत्म नहीं हुई है। इसके बाद भी यहां के मतदाता पूरे उत्साह से वोट देने के लिये निकले। आदिवासी क्षेत्रों का हाल देखें तो साफ है कि उन तक विकास की वह रोशनी नहीं पहुंची है जिस प्रकार से अन्य इलाकों, खासकर शहरों व कस्बों तक पहुंच सकी है। यहां तक कि गैर आदिवासी क्षेत्रों के गांवों में तक उनसे बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और वहां के लोग विकास की मुख्यधारा में उनके मुकाबले कहीं अधिक अच्छे ढंग से समाविष्ट हो चुके हैं। फिर भी इसकी उन्हें शिकायत नहीं रहती और वे संतुष्ट भाव से प्रकृति के बीच आनंदपूर्वक रहते हैं- बावजूद इसके कि उन्हें अपने साथ होने वाले अन्याय की पूरी जानकारी है।*

*आदिवासियों द्वारा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में होने वाला मतदान बतलाता है कि उन्हें बुलेट पर नहीं बैलेट पर भरोसा है और इसके माध्यम से ही वे विकास के रास्ते पर चलना चाहते हैं। यहां से निर्वाचित होने वाले प्रतिनिधियों की इस लिहाज से जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है।*

# शहर के तीन और शातिर अपराधियों को किया गया जिलाबदर

## कलेक्टर ने जारी किए आदेश, चल रहे है दर्जनों मामले



**बिलासपुर,**7 नवंबर ( देशबन्धु )। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवनीश शरण ने एसपी के अनुशंसा पर तीन आदतन अपराधियों को जिला बदर कर दिया है। आदेश में सुहेल खान, राहुल माखीजा, सुनील कुर्रे उर्फ टिल्ली को बिलासपुर समेत आसपास के 6 और जिलों से बाहर रहने के लिए कहा गया है। इसके पहले भी आचार संहिता लगते की एक को जिला बदर और दो के ऊपर रासुका के तहत कार्यवाही की गई थी।

चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए शातिर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही हो रही हैं। आचार संहिता दौरान कुछ दिन पूर्व एक अपराधी को जिला बदर और दो के खिलाफ रासुका के तहत कार्यवाही की गई थी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर अवनीश शरण ने पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह की अनुशंसा पर जिले के आदतन अपराधी सुहेल खान उर्फ मोहम्मद मुस्तकीम पिता मोहम्मद शाहिद उम्र 22 वर्ष खपरगंज, थाना सिटी कोतवाली, राहुल माखीजा पिता शंकर लाल मखीजा उम्र 24 वर्ष शांति नगर थाना सकरी और सुनील कुर्रे उर्फ टिल्ली पिता पुन्नी लाल उम्र 33 वर्ष डीहपारा अमेरी थाना सकरी को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। पुलिस द्वारा दर्जनों अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर ऑफिस में भेजा गया है, जो प्रक्रिया में हैं। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3 एवं 5 के तहत् दाण्डिक प्रकरणों में पारित आदेश 06/11/2023 अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर जिला-बिलासपुर तथा समीपवर्ती राजस्व जिला कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बलौदा बाजार जिले के क्षेत्र से छह माह की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए बिलासपुर जिला समेंत आदेश में उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इन सभी को इस आदेश का तुरन्त पालन करने के आदेश दिए है और पालन न करने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए हैं।इन बदमाशों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई अपराध में चालान और कार्यवाहियां हुई है। सुहेल खान के खिलाफ वर्ष 2018 से लेकर अभी तक मारपीट, गाली गलौज, गुंडागर्दी, हत्या का प्रयास व चोरी के कुल छह अपराध पंजीबद्ध है। राहुल माखीजा के खिलाफ 2017 से लगातार मारपीट, गाली गलौज, गुंडागर्दी, जान से मारने की धमकी देने, हत्या का प्रयास, पैसों की अवैध वसूली एवं सामानों को तोड़फोड़ कर क्षति कारित करने जैसे गंभीर अपराध घटित कर आमजन को आतंकित करने एवं उनके मध्य भय उत्पन्न करने का मामला दर्ज है। उसके विरुद्ध कल 15 अपराध और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां हुई है। सुनील कुर्रे ने वर्ष 2008 से लगातार मारपीट, गाली गलौज, गुंडागर्दी जान से मारने की धमकी देने व वसुली जैसे गंभीर अपराध किया है।

# दिवाली के पहले तैयार हो जाएगी उसलापुर-सकरी फोरलेन

**बिलासपुर,**7 नवंबर (देशबन्धु)। एक तरफ की रोड की काम हुआ पूरा, दूसरे तरह की रोड का हो रहा डामरी नगर निगम की ओर से किए जा रहे उसलापुर रेलवे ओवरब्रिज से सकरी बाईपास चौक तक की सवा चार किमी सड़क के उन्नयन और फोरलेन के काम में तेजी आ चुकी है। निगम प्रबंधन का कहना है कि इस सड़क का



डामरीकरण कार्य संभवतः 10 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। ऐसे में शहरवासियों को एक और फोरलेन सड़क मिल जाएगी।

सर्वप्रथम चौड़ीकरण के लिए सड़क के दोनों ओर चार-चार मीटर चौड़ाई बढ़ाई गई। इस काम में चार से पांच महीने का समय लगा था। सड़क चौड़ीकरण के बाद विद्युत व्यवस्था और डिवाइडर निर्माण पर काम किया गया। डिवाइडर बनने के बाद ही उसलापुर ओवरब्रिज की ओर से डिवाइडर के एक ओर की सड़क के डामरीकरण का काम एक सप्ताह पहले ही पूरा हो चुका है। इसके बाद उसलापुर बाइपास की ओर तरह से डामरीकरण का काम शुरू किया गया है। यह काम भी अपने अंतिम चरण में आ गया है। ऐसे में निगम प्रबंधन का कहना है कि आने वाले चार दिनों में सड़क का डामरीकरण पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद शहर की यह मुख्य सड़क फोरलेन सड़क में तब्दील हो जाएगी। 15 करोड़ 87 लाख की लागत से उसलापुर आरओबी से सकरी बाइपास तक सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन का कार्य किया जा रहा है।इसमें प्रथम चरण में उसलापुर आरओबी से फोर्ड शोरूम तक ढाई किमी तक सड़क और दूसरे चरण के तहत फोर्ड शोरूम से सकरी बाइपास तक 1.9 किमी सड़क के लिए चौड़ीकरण और उन्नयन का कार्य चलाया गया है। अब यह काम अपने अंतिम चरण में आ गया है और जल्द चौड़ी सड़क की सुविधा शहरवासियों को मिलने लगेगी।

# संरक्षा के सजग प्रहरी को महाप्रबंधक ने किया सम्मानित

**बिलासपुर,** 7 नवम्बर (देशबन्धु)। संरक्षित रेल परिचालन एवं यात्रियों की सुविधा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रत्येक रेलकर्मी का लक्ष्य हमेशा से इन दोनों बिन्दुओं पर केन्द्रित रहा है । बेहतर कार्य निष्पादन करने वाले रेलकर्मी का सम्मान, रेलकर्मियों के मन में अपने कार्य के प्रति सजगता तथा कुशलता का भाव उत्पन्न करता है । इसी श्रृंखला में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह की शुरुआत में आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान संरक्षा के लिए बेहतर कार्य करने वाले संरक्षा के सिपाही को सम्मानित किया जाता है । आज संरक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए परमलकसा के स्टेशन मास्टर को सम्मानित किया गया ।परमलकसा स्टेशन मे पदस्थ स्टेशन मास्टर राकेश कुमार को 14 अक्टूबर को 01.53 बजे रात्रि लाइन नंबर 02 से अप लाइन पर एक माल गाड़ी के गुजरने के दौरान ट्रैक पर अनियमित आवाज सुनाई दी । इससे उन्हें रेल फ्रेक्चर का आभास हुआ । राकेश कुमार ने त्वरित कार्य्यवाई करते हुये ऑन ड्यूटी ट्रेफिक असिस्टेंट को आवाज आने कि दिशा में ट्रैक का मुआयना करने भेजा । ट्रेफिक असिस्टेंट रवीद्र गोडबोले ने ट्रैक पर फ्रेक्चर पाया और अबिलंब वॉकी टॉकी से स्टेशन मास्टर रवेन्द्र कुमार को सूचित किया । रवीन्द्र कुमार ने अप लाइन पर तुरंत आवाजाही रोक दी और तत्पश्चात कंट्रोल ऑफिस को इसकी सूचना दी । इसके पश्चात संबन्धित अधिकारी ने इसे संज्ञान में लेते हुये रेल फ्रेक्चर को सही किया। राकेश कुमार/ स्टेशन मास्टर परमलकसा ने अपनी सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए संरक्षा को सुनिश्चित किया। रवीद्र कुमार के अपनी कर्तव्यनिष्ठा को सतर्कता एवं कुशलता से निर्वहन करने के लिए महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्वा मध्य रेलवे आलोक कुमार ने उन्हें अक्तूबर माह के महाप्रबंधक संरक्षा सम्मान से सम्मानित किया । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक सहित समस्त प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे । इस दौरान महाप्रबंधक ने रवीद्र कुमार से संवाद किया तथा उनकी सतर्कता और कुशलता के लिए प्रोत्साहित भी किया । महाप्रबंधक आलोक कुमार ने अपने संदेश में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के समस्त रेलकर्मी को इस उत्कृष्ट कार्य से प्रेरित किया ।





## सार-संक्षेप

### कच्ची महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार



**बिलासपुर,** 7 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति अर्चना झा द्वारा निजात अभियान के तहत अवैध शराब जुआ, सट्टा के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित करने पर,अनुविभागीय पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उदयन बेहार के मार्गदर्शन में आज मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना पचपेड़ी द्वारा टीम बनाकर रेड कार्रवाही कर ग्राम सोन सबरिया डेरा के पास अमित खुटे एव धनजय खुटे के कब्जे से अवैध कच्ची महुआ शराब कुल मात्रा 10 लीटर किमती 2000 रुपए को अपने मोटरसाइकिल में परिवहन करते मिले उक्त शराब एव मोटरसाइकिल को जप्त कर उक्त दोनों आरोपीयो के विरुद्ध धारा 34 (2) 59 क आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही कर दोनों आरोपीयो को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड केंद्रीय जेल बिलासपुर भेजा गया।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार पाण्डेय,उनि. पिल्लु राम मण्डावी आरक्षक रघुनाथ रेड्डी,सागर खटकर विशेष योगदान रहा।

### टेमर समपार मरम्मत कार्य हेतु बंद रहेगी




**बिलासपुर ,** 7 नवम्बर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत सक्ती-झाराडीह स्टेशनों के मध्य किमी 633/29-31 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 320 (टेमर फाटक) को 08 नवम्बर 2023 को रात 10 बजे से 09 नवम्बर 2023 सुबह 10 बजे तक तथा 09 नवम्बर 2023 को रात 10 बजे से 10 नवम्बर 2023 सुबह 10 बजे तक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है ।उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही स्थित सोंठी फाटक से उपलब्ध है।

### चुन्नी मौर्य बनी इंटरनेशनल ग्लेम आइकॉन की विनर



**बिलासपुर,** 7 नवंबर (देशबन्धु)। इंटरनेशनल ग्लेम आइकॉन सीजन 5 का आयोजन मुंबई में किया गया। जिसमें बिलासपुर की चुन्नी मौर्य ने विजेता का ताज़ अपने नाम किया। सेलिब्रिटी गेस्ट और बॉलीवुड स्टार तुषार कपूर के हाथों उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इस कांटेस्ट में दुबई, मलेशिया, सिंगापुर, बैंकॉक, थाईलैंड और भारत से करीब 50 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। पहले राउंड में रैंप वॉक, दूसरे राउंड में टैलेंट, तीसरे में नेशनल राउंड, और चौथे में प्रश्न उत्तर राउंड हुआ। उन्होंने बताया कि बहुत मुश्किल लग रहा था उत्तर देना, कड़ी चुनौती के बीच आत्म संयम रखते हुए उन्होंने हर राउंड में सब का दिल जीत लिया। जिससे जज भी बहुत प्रभावित हुए, इस शो की ऑनर सुनीता भगत और अंतर वीणा का सहयोग रहा।

# मोबाइल दुकान में चोरी करने वाला नाबालिग गिरफ्तार

**बिलासपुर,**7 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा बिलासपुर जिले में चोरी के मामलों में त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति अर्चना झा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोटा टी. एस.नवरंग के नेतृत्व में 24 घंटे के अंदर शारदा मोबाइल सेंटर कोटा में चोरी हुए 8 नग मोबाइल को किया गया जप्त।

चोरी को अंजाम देने वाले विधि से संघर्षरत बालक को भेजा गया बाल संप्रेषण गृह प्रार्थी रोहित कुमार गुप्ता साकिन नाका चौक कोटा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा नाका चौक कोटा में शारदा मोबाइल सेंटर है। जहां दिनांक `5.11.223 के दरम्यानी रात कोई अज्ञात व्यक्ति`8 नग मोबाइल कीमती 73863 रुपए को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद कर में विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर लगाकर पतासाजी में लिया गया। दौरान सीसीटीवी की कैमरा की मदद से चोरी को अंजाम देने वाले नाबालिक बच्चे होने की जानकारी मिलने पर पतासाजी दौरान गोबरीपाठ के नाबालिक बच्चें से पूछताछ करने पर विधि से संघर्ष बालक द्वारा अपराध कबूल कर 8 नग मोबाइल कीमती 73863 रुपए पेश करने पर वजह सबूत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

उक्त विधि संघर्षरत बालक को निरुद्ध में लेकर आज न्यायालय पेश कर बाल संप्रेषण गृह भेजा गया।

# आज से 30 नवम्बर तक एक्जिट पोल पर प्रतिबंध भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

**बिलासपुर ,** 7 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर रोक लगाई गई है।भारत निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत 7 नवम्बर को सवेरे सात बजे से 30 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि को एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित अवधि के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एक्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी।

आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन साधारण निर्वाचन एवं उप निर्वाचन में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर होगी रोक

**बिलासपुर ,** 7 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दिवस यानि दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पहले एवं मतदान दिवस यानि 16 नवम्बर और 17 नवंबर को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

# मंडल के विभिन्न स्टेशनों में डेंगू की रोकथाम के लिए विशेष स्वच्छता व जागरुकता अभियान निरंतर जारी



**बिलासपुर ,** 7 नवम्बर (देशबन्धु) । डेंगू एक मच्छर जनित रोग है जो एडीज एजिप्टी मादा नामक मच्छर के काटने से होता है । डेंगू से बचाव के लिए स्वच्छता व जागरूकता आवश्यक है । आवास अथवा अपने रहने की जगहों पर स्वच्छता के प्रति जागरूक रहकर डेंगू बीमारी के होने से बचा जा सकता है।

इसी कड़ी में मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रवीण पाण्डेय के निर्देशानुसार मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों, टीटीई लॉबी, रेलवे कालोनियों सहित आवासीय परिसरों में मच्छर जनित रोग डेंगू से बचाव व रोकथाम एवं जागरूक करने हेतु व्यापक स्वच्छता व जागरूकता अभियान चलाई जा रही है ।डेंगू बुखार को रोकने का सबसे अच्छा तरीका संक्रमित मच्छरों के काटने से बचना है। मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए हमें आसपास साफ सफाई रखना अत्यंत आवश्यक है इसके साथ पानी भरे हुए स्थानों को समय समय पर कीटनाशक का छिड़काव भी किया जाना चाहिए । डेंगू जैसे खतरनाक संक्रमण से बचने के लिए हमे डॉक्टर की सलाह पर विशेष ध्यान देना चाहिए । इसी को ध्यान में रखते हुये मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों, टीटीई लॉबी, रेलवे कालोनियों सहित आवासीय परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने हेतु 10 दिनों का विशेष स्वच्छता अभियान चलाई जा रही है जो निरंतर जारी है । इसके साथ ही साथ सभी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों, प्रतीक्षालय, प्रसाधन के साथ ही सभी रेलवे कालोनियों में फागिंग तथा नियमित रूप से मच्छर भगाने के स्प्रे आदि का छिड़काव किया जा रहा है । इसके अलावा रेल परिसर में स्थित सभी कार्यालयों तथा रेलवे आवासों में जाकर डेंगू से बचाव, रोकथाम व उपचार से संबन्धित पैम्पलेट बांटकर इस बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है । साथ ही उन्हें मच्छरों की रोकथाम के लिए घर के आसपास पानी जमा नहीं होने देने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने, फुल बांह का कपड़ा पहनने, घर के सभी कमरों की बेहतर सफ़ाई रखने,एवं पानी संग्रहित करने वाले टंकी, बाल्टी, टब आदि सभी को हमेशा ढंककर रखने, उपयुक्त कीटनाशक का इस्तेमाल करने जैसे बचाव के तरीकों को अपनाने की सलाह दी जा रही है । इसके अलावा बीमारी के लक्षण से अवगत कराते हुये लक्षण दिखने पर फौरन जांच कराने व डॉक्टरों से सलाह लेने के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है सभी स्टेशनों में यात्रियों को उद्घोषणा प्रणाली द्वारा डेंगू रोकथाम से संबन्धित जानकारी भी दी जा रही है।

## निषाद पार्टी की बैठक संपन्न



**बिलासपुर,** 7 नवंबर (देशबन्धु)। निषाद पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यालय बिलासपुर में सूरज निषाद के अध्यक्षता में बिल्हा विधानसभा का एक दिवसीय बैठक संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश प्रभारी छत्तीसगढ़ और राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह राजपूत ने बिल्हा विधानसभा के बारे में विस्तृत से चर्चा किया और विधानसभा चुनाव के बारे में रणनीति तैयार किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश प्रभारी संजय सिंह राजपूत , प्रदेश अध्यक्ष सूरज निषाद , रोहित निषाद विधानसभा अध्यक्ष बिल्हा, कृपाराम निषाद उपाध्यक्ष बिल्हा,लालजी निषाद सचिव बिल्हा, शिव प्रसाद निषाद कोषाध्यक्ष बिल्हा, गंगाधर निषाद उप कोषाध्यक्ष बिल्हा, तिलक निषाद ब्लॉक सचिव बिल्हा, तिहारू निषाद और अन्य कार्यकर्ता का उपस्थित रहें।

## सार-संक्षेप

### झपकी लगी और 40 फीट नीचे गिरी कार, बाल-बाल बचे



**कोरबा,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। बालकोनगर से कार में एनटीपीसी कालोनी जा रहे बालको कर्मी को रास्ते में झपकी आ गई। इस दौरान सिंचाई कालोनी के पास ब्रिज पर कार बेकाबू होकर 40 फीट नीचे गिरी। बालको कर्मी बाल-बाल बच गया।

घटना सोमवार की देर शाम कोरबा-दर्री मार्ग पर सिंचाई कालोनी के पास पुराने रेलवे ब्रिज पर हुई। यहां से कार केए-51-एमएल-2685 में बालको कर्मी सुशील सेनापति को गुजरते समय झपकी लग गई। इससे कार बेकाबू होकर 40 फीट नीचे खाई में गिरी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि झाडियों में गिरने से कार चला रहे बालको कर्मी सेनापति बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना उपरांत दर्री पुलिस मौके पर पहुंची। कार में फंसे बालको कर्मी को बाहर निकालकर एनटीपीसी अस्पताल पहुंचाया गया।

### ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग कार्य प्रारंभ

**कोरबा,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग आज झगरहा स्थित आईटी कॉलेज कोरबा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रारंभ हो गया है। आज कोरबा व कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के लिए ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग किया गया। प्रेक्षक केसी जमातिया ने आईटी कॉलेज कोरबा में किए जा रहे कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप एवं गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस हेतु प्रशिक्षित अधिकारी.कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आज स्ट्रांग रूम में विधानसभा कोरबा व कटघोरा हेतु मशीनों का कमीशनिंग किया जा रहा है। एवं शेष रामपुर व पाली तानाखार विधानसभा का 8 नवम्बर को कमीशनिंग किया जाएगा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे, संबंधित रिटर्निंग अधिकारी सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने किया जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक

**कोरबा,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप के समन्वय से विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाए बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय कोरबा के विद्यार्थियों द्वारा नगर के वार्ड नंबर 31 शांति विहार खरमोरा में मतदाता जागरूकता रैली एवं स्वीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु आकर्षक नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया गया। उनके द्वारा सभी मतदाताओं से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं प्रलोभन से दूर रहते हुए अनिवार्य मतदान हेतु अपील किया गया। इसी प्रकार स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैसमा के छात्र-छात्राओं द्वारा भैंसमा के स्थानीय बाजार में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया गया एवं शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर जारी

**कोरबा**, 07 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत रामपुर और कोरबा विधानसभा हेतु प्रेक्षक प्रियतु मंडल (आईएएस), मो.नं. 7587016645 से आम नागरिक प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक कावेरी भवन गेस्ट हाउस, कटघोरा और पाली-तानाखार हेतु प्रेक्षक सी. के. जमातिया.(आईएएस), मो.नं. 7587016646 से आम नागरिकगण प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में मिलकर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।. इसी तरह व्यय आब्जर्वर ओ.एन.हरिप्रसाद राव (आईआरएस) मो.नं. 7587016535 और पुलिस आब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी (आईपीएस) मो.नं. 7587016647 से सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस में निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

# पेड न्यूज के संबंध में एमसीएमसी कमेटी के सदस्यों के बीच हुई बैठक

- **संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रेषित**
- **अनेक वेब पोर्टल न्यूज और समाचार पत्र के खबरों को किया गया चिन्हित**

**कोरबा,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पेड न्यूज को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश के तहत विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कोरबा जिले में मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। इसी के साथ ही आचार सहिंता लागू होने के साथ ही जिले में सभी समाचार पत्रोंए वेब पोर्टल न्यूज़ए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज़ चैनल, फेसबुक, एक्स ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर हर पल नजर रखने और रिपोर्ट तैयार करने 50 से अधिक सदस्यों की टीम तैनात की गई है। इस कड़ी में टीम द्वारा किसी विशेष प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल तैयार कर उसे आम जनमानस में मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत करने और निर्वाचन को प्रभावित करने के मामलों पर संज्ञान लिया जा रहा है। ऐसे प्रकरण जिला स्तरीय समिति को प्रेषित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में वेबपोर्टल न्यूज, समाचार पत्रों में प्रकाशित पैड न्यूज़ पर आवश्यक कार्यवाही करने प्रकरण आगे प्रेषित किए गए। इस मामले में सम्बंधित को नोटिस जारी करने के साथ ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। समिति की बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, नोडल अधिकारी सेवाराम दीवान, संयुक्त कलेक्टर सहित सदस्यगण उपस्थित थे। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले में पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने प्रेक्षक भी नियुक्त किए गए हैं। प्रेक्षकों द्वारा जिले के सभी समाचारों पर नजर रखने के साथ ही मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी अवलोकन किया जा रहा है।




# जाति प्रमाण पत्र से वंचित भारिया समाज ने किया चुनाव का बहिष्कार




**कोरबा,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। भारिया जनजाति समाज अपने लोगों का जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं होने के कारण व्यवस्था से नाराज है। समाज के अध्यक्ष विजय कुमार भारिया ने इस संबंध में 31 अक्टूबर को कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर 5 दिन में निराकरण करने की मांग किया था। आवेदन का निराकरण न होने से समाज ने चुनाव का बहिष्कार की चेतावनी को घोषणा में तब्दील कर दिया है।

**ज्ञापन सौंपने के बाद निराकरण नहीं होने से लिया निर्णय**

जिला मुख्यालय पहुंचे भारिया जनजाति समाज के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने खेद जताया कि आवेदन के पांच दिवस बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा आज तारीख़ तक समस्या का कोई भी समाधान नहीं किए। ऐसी स्थिति में सभी क्षेत्रीय भारिया जनजाति समाज जिला कोरबा के लोग 7 नवंबर से विधानसभा चुनाव 2023 का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने की घोषणा करते हैं। अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि कोरबा जिले में निवासरत समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र कटघोरा,पाली,पोड़ी तहसील में नहीं बनने के कारण सामाजिक बैठक में यह निर्णय लिया गया है। भरिया समाज के लोगों में इस बात पर आक्रोश है कि उनका जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए दो अलग-अलग तरह का नियम लागू किया गया है। पूर्व कलेक्टर द्वारा पंचायत क्षेत्रों में ग्रामसभा व नगरीय क्षेत्रों में सामान्य सभा द्वारा जाति उद्घोषणा के आधार पर प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था दी गई थी और कार्य हो रहा था किन्तु उनके स्थानांतरण उपरांत कटघोरा व पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। प्रशासन से पत्राचार पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। इसके विपरीत कोरबा एसडीएम द्वारा जाति उद्घोषणा के आधार पर भारिया जनजाति का प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। कटघोरा व पाली तहसील कार्यालय से अस्थाई प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है लेकिन एसडीएम द्वारा उसे स्थाई नहीं किया जा रहा है। इस तरह एक जिले में भारिया जनजाति के लिए दो अलग-अलग नियम से उनके भविष्य के साथ गलत किया जा रहा है।

# डुबान पार करते बेबी एलीफेंट की मौत



**कोरबा-कोरबी-चोटिया,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत केंदई रेंज में मंगलवार की सुबह एक बेबी एलीफेंट की हसदेव नदी डुबान को पार करते समय डूब जाने से मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग में खलबली मच गई और किसी तरह आनन-फानन में मृत बेबी एलिफेंट को बाहर निकाल कर पशु चिकित्साधिकारी पोड़ी उपरोड़ा के माध्यम से पोस्टमार्टम करा कर शव को डीएफओ कुमार निशांत एवं एसडीओ संजय त्रिपाठी एवं उनके अधिनस्थ टीम के द्वारा अंतिम संस्कार कर दफनाया गया। बता दें कि रेंज में लगभग 30 हाथी विचरण कर रहे हैं। कटघोरा वन मंडल में हाथियों की मौजूदगी वाले इलाकों में हाथियों की लगातार निगरानी करने के उपाय और दावों की पोल इस घटना ने खोल कर रख दी है। पिछले दिनों ही एक हादसे में एक अन्य बेबी एलीफेंट की मौत हुई थी जिसमें वह पानी पीने के दौरान फंस जाने से अपने ही दल के हाथियों के पैरों तले कुचलाकर मर गया था। ग्रामीणों की मौत से लेकर हाथियों की मौत व उत्पात के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। डीएफओ आते-जाते रहे लेकिन हाथी प्रभावित क्षेत्रो में शासन की योजनाएं एवं हाथियों के उत्पात को रोकने में पूरी तरह असफल साबित होते रहे। लगातार हाथियों का आक्रमण से केंदई, जटगा,पसान एवं ऐतमानगर, रेंज के ग्रामीण दहशत में हैं।

# मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से कर पाएंगे मतदान

### प्रशिक्षण स्थल पर मतदान के लिए की गई है व्यवस्था

**कोरबा,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिनकी ड्यूटी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों में लगाई गई है, ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रशिक्षण स्थल पर की गई है। 08 एवं 10 नवंबर को शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, साडा कन्या कोरबा, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कटघोरा, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा के प्रशिक्षण स्थल में अधिकारी-कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग ने बताया कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण स्थल कोरबा और पाली-तानाखार क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी कटघोरा क्षेत्र के प्रशिक्षण स्थल में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।




## 80 साल से ऊपर और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की प्रक्रिया आज से

**कोरबा,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले में दिव्यांग मतदाताओं और 80 साल से ऊपर के मतदाताओं को डाकमत पत्र के माध्यम से घर-घर जाकर मतदान की प्रक्रिया 8 से 11 नवंबर के बीच संपादित की जाएगी। नोडल अधिकारी दिनेश कुमार नाग अपर कलेक्टर ने बताया कि 8 नवंबर को विधानसभा क्षेत्र रामपुर और पाली-तानाखार क्षेत्र में और 10 नवंबर को विधानसभा कटघोरा तथा कोरबा क्षेत्र में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। होम वोटिंग की प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी व अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। होम वोटिंग से पूर्व नोडल अधिकारी श्री नाग ने मतदान दल के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रारूप 12 (घ) में आवेदन करने वाले अनुपस्थित श्रेणी के अंतर्गत कुल 250 मतदाताओं ने सहमति दी है। जिसमें से कोरबा विधानसभा अंतर्गत 80 प्लस वाले 108 और दिव्यांग 39 कुल 147, रामपुर विधानसभा अंतर्गत 80 प्लस वाले 18, दिव्यांग मतदाता 9 कुल 27, कटघोरा विधानसभा अंतर्गत 80 प्लस वाले 20 और दिव्यांग में 7 तथा पाली-तानाखार अंतर्गत 80 प्लस वाले मतदाता 31 और दिव्यांग में 18 कुल 49 मतदाताओं ने सहमति पत्र दिया है।

**अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि रह सकते हैं उपस्थित**

# 800 करोड़ पौधों के रोपण का संकल्प लक्ष्य की ओर अग्रसर




### आनंद गोयल का मिशन वन ट्री फॉर एवरी ह्यूमन

**कोरबा,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़े चुनौती भरे लक्ष्य का ऐतिहासिक संकल्प ट्री वार्ड संस्था द्वारा लिया गया है। ट्री वार्ड द्वारा 800 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण की रूपरेखा भी तैयार की गई है। ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी संस्था ने इतने बड़े लक्ष्य को चुनौती दी है। ट्री वार्ड संस्था का प्रमुख उद्देश्य है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाए। पौधारोपण की शुरूआत ट्री वार्ड संस्था द्वारा में 5 नवंबर को टीपी नगर स्थित अशोक वाटिका उद्यान में पौधारोपण से की गई। इसके साथ ही 800 करोड़ पौधों के रोपण का ऐतिहासिक संकल्प भी लिया गया।

ट्री वार्ड के संस्थापक पर्यावरणविद आनंद गोयल ने कहा कि लगातार बढ़ते प्रदूषण का पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। पेड़-पौधों से ही हमें ऑक्सीजन मिलता है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। ट्री वार्ड संस्था द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करने की योजना भी बनाई गई है। इस लक्ष्य के साथ ट्री वार्ड एक बड़े लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहा है। कार्यक्रम में विजय राम, संजीप गुप्ता, निखिल राखोंडे, विजेंद्र कुमार धीरज, वासुदेव यादव, प्रमोद चौहान, अमित शाह, पूजा लांबा, ज्योति धीरज, गनेश महंत सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### रामप्रसाद कोर्राम को पितृशोक

**कोरबा,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। कटघोरा जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामप्रसाद कोर्राम के पिता का 86 वर्ष की



आयु में उपचार के दरम्यान आकस्मिक निधन हो गया। कटघोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष धन्नू प्रसाद दुबे ने बताया कि स्व. कोर्राम की अंतिम यात्रा 8 नवंबर को सुबह 9 बजे निवास स्थान धंवईपुर से प्रारंभ होगी व स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# एनटीपीसी ने हर्षोल्लास से मनाया 49वां स्थापना दिवस




**कोरबा-जमनीपाली,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में 7 नवंबर को एनटीपीसी लिमिटेड का 49 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। मधु एस, परियोजना प्रमुख कोरबा ने विकास भवन परिसर में एनटीपीसी ध्वज फहराते हुए उपस्थित कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी।

कंपनी के कर्मचारियों और उनके परिवारजन का उज्जवल भविष्य की कामना के साथ एनटीपीसी का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर केक भी काटा गया।

परियोजना प्रमुख (कोरबा) मधु एस ने कहा कि एनटीपीसी की स्थापना 7 नवम्बर 1975 को राष्ट्र को निर्बाध और सुनिश्चित बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हुई थी। एनटीपीसी विगत 49 वर्षों में अधिक सशक्त हुई है तथा यह विद्युत क्षेत्र में वैश्विक रूप से बिजली उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति के साथ खुद को प्रमुख विद्युत कंपनी के रूप में स्थापित किया है, जो टीम एनटीपीसी के सदस्यों की प्रतिबद्धता, समर्पण, सक्षमता और सृजनात्मकता के कारण ही संभव हो पाया है । हमने अपनी उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण-हितैसी अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति के लिए महत्वपूर्ण पहल की है, जो भविष्य में निरंतर सफलता सुनिश्चित करेगी। एनटीपीसी रिन्यिूएबल एण्ड सोलर एनर्जी के क्षेत्र में तेजी से काम कर रही है। एनटीपीसी का लक्ष्य 2032 तक 130 गीगावाट क्षमता प्राप्त करने का है। इस अवसर पर अनूप कुमार मिश्रा, सोमनाथ भट्टाचार्जी, मनीष वसंत साठे, डॉ. लोकेश महेन्द्रा, अभिषेक चौधरी, यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### 40 साल पुराने संयंत्र का बेहतर प्रदर्शन

4 साल पुराना होने के बावजूद कोरबा स्टेशन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और सभी महत्वपूर्ण मापदंडों में अपनी कुशलता सिद्ध की है। अक्टूबर 223 माह के अंत तक, कोरबा परियोजना का प्रदर्शन उपलब्धि भरा रहा है। हमने अक्टूबर माह के अंत तक 89.2 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 11,887.857 मिलियन यूनिट्स का उत्पादन किया है। इस दौरान हमारी उपलब्धता 93.36 प्रतिशत रही है।परियोजना की उत्कृष्ट कार्यशैली के कारण विभिन्न क्षेत्रों जैसे इनवायरमेंट सेफ्टी, इंडस्ट्रियल हाईजीन पावर प्लांट परफॉरमेंस सीएसआर, पब्लिक रिलेशन आदि में अवार्ड्स मिले हैं। सारे अवार्ड्स मिलने का श्रेय कोरबा टीम के प्रत्येक सदस्य को जाता है।

### चर्चा-ए-चौक : संदर्भ विधानसभा चुनाव
## पुराने मुद्दे-पुराना राग अलाप रहे नेता




**कोरबा,** 07 नवंबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महापर्व का एक पड़ाव आज पूरा हुआ। दूसरे चरण में 70 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा। कोरबा जिला भी इसमें शामिल हैं। जिले की चारों विधानसभा सीटों को जीतने के लिए कांग्रेस व भाजपा में खासकर जुबानी द्वंद्व छिड़ा हुआ है। कोरबा विधानसभा में तेवर आक्रामक हैं तो दूसरे क्षेत्रों में संतुलन बना है। कांग्रेस, भाजपा, जोगी कांग्रेस और आप आदमी पार्टी के घोषणा पत्र को छोड़ दें तो नेता और उनके समर्थकों के पास वहीं पुराने मुद्दे और पुराना राग है। जिस तरह से केन्द्रीय नेतृत्व हर चुनाव में गरीबी मिटाने की बात करता है लेकिन वो मिटने का नाम नहीं लेती बल्कि गरीब मिट जाता है ठीक उसी तरह यहां सडक़, बिजली, पानी, मकान, दुकान, नाली, नाला की अंतहीन समस्या हर चुनाव का मुद्दा बनती है। विधानसभा के बाद लोकसभा और फिर नगरीय निकायों के चुनाव में भी यहीं घिसे-पिटे पुराने राग फिर बजेंगे।

# सार-संक्षेप

## सेक्टर क्रमांक 04 महोरा के सेक्टर अधिकारी होंगे सिद्धार्थ खैरवार

**कोरिया** 7 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान मतदान केन्द्रों में भौतिक सत्यापन, आवागमन के रूट का सत्यापन तथा मतदान दलों पर प्रभावी नियंत्रण एवं पर्यवेक्षक और चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराने हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-03 बैकुण्ठपुर के सेक्टर क्रमांक 04 महोरा में संषोधन करते हुए रिजर्व सेक्टर ऑफिसर आदिवासी विकास विभाग के मण्डल संयोजक श्री सिद्धार्थ खैरवार को सेक्टर ऑफिसर बनाया गया है।

बता दें सेक्टर क्रमांक 04 के अंतर्गत मतदान केन्द्र माध्यमिक शाला कन्या खरवत, प्राथमिक शाला खरवत, माध्यमिक शाला ओड़गी, प्राथमिक शाला तलवापारा, प्राथमिक शाला ओड़गी, प्राथमिक शाला सागरपुर, प्राथमिक शाला चेरवापारा, प्राथमिक शाला छरछा, प्राथमिक शाला रकया को शामिल किया गया है।

## कलेक्टर ने मतदान दलों को किया रवाना

**कोरिया** 07 नवंबर (देशबन्धु)। आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्टर परिसर से 16 रूट में जाने वाले मतदान टीम व उनके वाहनों को रवाना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निष्पक्ष, गोपनीयता के साथ मतदान कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो सीख मिली है, उसके अनुसार ही कार्य करें कोई भी परेशानी होने पर संबंधित अधिकारियों से जरूर सम्पर्क करे।

बता दे कोरिया जिले के अंतर्गत बैकुण्ठपुर विधानसभा क्रमांक 03 तथा सोनहत के 80 वर्ष व उससे अधिक उम्र के मतदाताओं व 40 प्रतिशत व उससे अधिक के दिव्यांग मतदाताओं के लिए 16 रूट तैयार की है। इन रूट के माध्यम से 88 मतदान केन्द्रों में दो मतदान अधिकारी, एक पुलिसकर्मी, एक वीडियोग्राफर, एक माइक्रो ऑब्जर्वर तथा एक बीएलओ उपस्थित हैं।

## विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों ने लिया शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प

**बलरामपुर** 07 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी व जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में सतत् रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत् मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप अंतर्गत रैली, रंगोली, विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को वोट के महत्व को समझा कर मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही जिले के वनांचलों, पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले विभिन्न पिछड़ी जनजाति के लोगों के मध्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

इसी कड़ी में कलेक्टर श्री एक्का के निर्देशन तथा स्वीप नोडल अधिकारी व जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जमील के मार्गदर्शन में विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम सरगंवा में विशेष पिछड़ी जनजातियों को मतदान हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष पिछड़ी जनजातियों के सदस्यों द्वारा पारम्परिक वेशभूषा में लोक नृत्य, नुक्कड़ नाटक, के माध्यम से सुदूर वनांचल में निवासरत 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को भी मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को एक-एक मत के महत्त्व की जानकारी तथा लोगों को मतदान की उपयोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु वोट अवश्य करने की बात कही गई।

कार्यक्रम में गांव के विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों ने भाग लेकर शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों और ग्रामीणों को आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने और लोकतंत्र में अपना योगदान देने की शपथ भी दिलाया गया। इस दौरान लोगों ने निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति एवं समुदाय से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। कार्यक्रम में बडी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन में पकड़ाया 10 किलो गांजा

**रायगढ़** 7 नवंबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर अपने स्टाफ के साथ लगातार रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड व शहर के सारे होटल, सराय में ठहरने वालों की प्रतिदिन जांच कर मुखबिर लगाकर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा रहा है। बीते मंगलवार (31 अक्टूबर) को कोतवाली पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन के बाहर मुखबिर सूचना पर गांजा रेड की कार्रवाई कर एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसी क्रम में कल थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबीर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के बाहर कार पार्किंग के पास दो संदिग्ध लड़के बैग में गांजा रख कर बिक्री की तलाश में ग्राहक ढूंढ रहे हैं, तत्काल कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जहां कोतवाली पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन के आसपास संदिग्धों की तलाशी लिया गया। तलाशी दौरान कार पार्किंग पर दो लड़कों को संदिग्ध अवस्था में पाया गया जिनसे पूछताछ करने पर दोनों गोलमोल जवाब देने लगे। पुलिस टीम द्वारा विधिवत उनका बैग चेक करने पर दोनों के बैग में मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। दोनों लड़कों ने अपना नाम भोलानाथ तांडी और राहुल नायक निवासी गंजाम (ओडिशा) के रहने वाले बताये जिनके बैग से बरामद कुल 10 किलो गांजा कीमत 1 लाख 20,000 हजार रुपए को गवाहों के समक्ष जप्ती कर आरोपियों को थाना लाया गया। आरोपी भोलानाथ तांडी पिता प्रताप चंद तांडी उम्र 22 साल, राहुल नायक उर्फ भिखारी 21 साल दोनों निवासी ग्राम व थाना कोदोला, जिला गंजाम (ओड़िसा) ने गांजा को गंजाम से खरीद कर सूरत ले जाना बताये है।

## जर्जर स्कूल का नहीं कराया गया मरम्मत

**रायगढ़** 07 नवंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिला के लैलूँगा विकासखण्ड ग्राम बनेकेला दर्रापारा प्राथमिक शाला स्कूल जो की 1 वर्ष से बंद पड़ा हुआ है। शिक्षिका ने बताया कि कई बार लिखित आवेदन शिक्षा विभाग लैलूंगा को दिया गया है। उसके बाद भी आज तक कोई अधिकारी निरीक्षण करने भी नहीं आए। इस स्कूल के भवन से संबंधित कुछ भी काम नहीं हो रहा है जिसके कारण स्कूल की परिस्थिति जस की तस बनी हुई है सरकार की जो शिक्षा को बढ़ावा देने वाली बात जीरो नजर आती है और भवन के नाम पर काम शून्य है स्कूल की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि भवन में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जिस डर के कारण स्कूल के शिक्षक विद्यार्थियों को मध्यान भोजन भवन में मजबूरन पढ़ाया जा रहा है यहां के अधिकारियों द्वारा सुध भी नही ली गई नही इसकी देख रेख हो सकी ऐसे अधिकारियों और सचिवों पर पता नही किसकी पनाह होती है जो बिना भय के इस तरह पढ़ाई के नाम पे भी घोटाला करने में पीछे नहीं हट ते लैलूंगा विकास खण्ड के शिक्षा विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नही दे रहे है।

# शतायु मिंतु बेगम और 87 बरस की उजियारो बाई बनी लोकतंत्र की साक्षी

- दिव्यांग विकास और शारदा पड़वार के हौसला मजबूत
- इनके जीवटता नई पीढ़ी के मतदाता के लिए हैं प्रेरक

**कोरिया** 7 नवंबर (देशबन्धु)। 'शरीर से कमजोर हूं बाबू, चल-फिर नहीं पाती। लेकिन जानती-समझती सब हूं। मैं तो बरसों से वोट देते आ रही हूं... अल्लाह जाने और कब तक वोट डालूंगी, क्योंकि शरीर अब साथ नहीं दे रही है।' यह बात तलवापारा, बैकुण्ठपुर निवासी श्रीमती मिंतु बेगम पति स्व. हाजी मोहम्मद अमीन ने आज से शुरू हुए 80 बरस या उससे अधिक उम्र के मतदाताओं तथा 40 प्रतिषत या उससे अधिक के दिव्यांग वाले मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान अधिकारी उनके घर गए थे, तब यह बात कही। बता दें भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष रणनीति के तहत उन्हें घर पर ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की है।



### विकास का हौसला बुलंद-

जब मतदान अधिकारियों का दल दिव्यांग विकास साहू के घर पहुंचे तो वे जमीन पर सोए मिले। मतदान अधिकारियों ने उन्हें बताया कि 17 नवम्बर को मतदान होना है, उसके पहले जो दिव्यांग मतदाता, मतदान केन्द्र नहीं पहुंच पाएंगे, उसके लिए निर्वाचन आयोग ने घर पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट लेने की व्यवस्था की है। तब विकास साहू ने कहा कि 14 बरस पहले एक सड़क दुर्घटना होने के कारण उठ-बैठ नहीं पा रहा हूं लेकिन बातचीत कर लेता हूं। इस तरह दिव्यांग विकास ने लोकतंत्र के मजूबत विकास के लिए सहर्ष मतदान किया और उनके हौसले देखकर कहीं नहीं लगा कि वह एक दिव्यांग है।

### आज घलो वोट डाल हूं-उजियारो

इसके बाद मतदान दल रवाना हुए खालपारा निवासी श्रीमती 87 वर्षीय उजियारो राजवाड़े के घर। श्रीमती उजियारो ने बताया कि पहले वह पेन से हस्ताक्षर कर लेती थी, लेकिन अब हाथ कांपने के कारण हस्ताक्षर करने में दिक्कत हो रही है। बुजुर्ग उजियारो के चेहरे में कहीं षिकन, चिंता तक नहीं दिखी बल्कि मतदान टीम को कहने लगी, 'पहली बार आए हो... चाय पीकर जाना। जब मतदान अधिकारियों ने कहा कि आप ल वोट डालना हे। तब वह कहने लगी... मैं तो कई बार वोट डाल हरे हवं...। आज घलो वोट डाल हूं... कोई चिंता-फिकर के बात नई हे।' इस तरह दो लड़के और दो लडकियों की 87 बरस की मां उजियारो की आत्मविष्वास ने नई पीढ़ी को वोट डालने के लिए जरूर प्रेरणा देगी।

### शरीर कमजोर लेकिन मन मजबूत- शारदा पड़वार

इसी तरह खालपारा, ओड़गी निवासी दिव्यांग 32 वर्षीय कुमारी शारदा पड़वार के घर मतदान कराने दल पहुंची थी। इनके परिजनों ने बताया कि शारदा बचपन से ही दिव्यांग है। आज 32 बरस की हो गई है। मतदान कर्मियों ने उनसे पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया।



### कलेक्टर ने मतदान टीम को दी शुभकामनाएं

इसके पहले आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने 16 रूट में जाने वाले मतदान टीम व उनके वाहनों को रवाना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निष्पक्ष, गोपनीयता के साथ मतदान कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो सीख मिली है, उसके अनुसार ही कार्य करें कोई भी परेशानी होने पर संबंधित अधिकारियों से जरूर सम्पर्क करे।

बता दे कोरिया जिले के अंतर्गत बैकुण्ठपुर विधानसभा क्रमांक`3 तथा सोनहत के 8 वर्ष व उससे अधिक उम्र के मतदाताओं व 4 प्रतिषत व उससे अधिक के दिव्यांग मतदाताओं के लिए 16 रूट तैयार की है। इन रूट के माध्यम से 88 मतदान केन्द्रों में दो मतदान अधिकारी, एक पुलिसकर्मी, एक वीडियोग्राफर, एक माइक्रो ऑब्जर्वर तथा एक बीएलओ उपस्थित हैं।

### स्वास्थ्य खराब किंतु कर्त्तव्य निभाया

इसी कड़ी में आज खालपारा, ओड़गी निवासी 87 वर्षीय श्रीमती सखुन बरगाह के घर मतदान टीम पहुंची हुई थीं। श्रीमती सखुन की स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी उनके परिवारों वालों ने दी और कहा कि बिस्तर पर उनसे मतदान करवा लीजिए, मतदान टीम तुरंत तैयार हुआ और सखुन बाई की तबीयत खराब होने के बावजूद उन्होंने मतदान कर अपना कर्त्तव्य पूरा किया।

### चेहरा फूल की तरह खिली-

इसी तरह 82 वर्षीय श्रीमती फूल बसिया यादव के घर मतदान टीम पहुंची तो उन्होंने, सभी का अभिवादन किया। सबका हाल-चाल जाना। कहां से आए हो...क्या काम है..? हम लोगों का घर मिट्टी का है बाबू...। मतदान टीम ने उन्हें बताया कि हम लोग निर्वाचन कार्यालय से आए हैं, आपका वोट लेने और इस तरह फूल बसिया की चेहरा एक पल के लिए फूल की तरह खिल गई। बोलने लगी जरूर बाबू मैं बोट जरूर करहूं।

# स्ट्रीट लाइट के नीचे चल रहा था जुआ, 5 पकड़ाये

**रायगढ़** 07 नवंबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर को मुखबिर से सूचना मिली कि पंडरीपानी मैदान पर कुछ जुआरियन 52 पत्ती ताश से जुआ खेलने बैठे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी द्वारा थाना चक्रधरनगर द्वारा साइबर सेल के स्टाफ को बुलाकर संयुक्त टीम तैयार कर रेड कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर मौके से 5 जुआरी विरेद्र बंजारे पिता प्रेम दास बंजारे उम्र 35 वर्ष सा. पडरीपानी थाना चक्रधरनगर रायगढ़, शिव सेठ पिता स्व मृचो राम सेठ उम्र 35 वर्ष सा. मनुवापाली थाना चक्रधरगर रायगढ़, अजेश झा पिता सूरज झा उम्र 27 वर्ष सा. मनुवापाली थाना चक्रधरनगर रायगढ़, विशाल मंडल पिता विश्वनाथ उम्र 23 वर्ष साकिन टीवीटावर थाना चक्रधरनगर रायगढ़ , भावेश वर्मा पिता भुनेश्वर वर्मा उम्र 29 वर्ष साकिन लाल ठंकी दुर्गा थाना कोतवाली को पकड़ा गया है, कुछ जुआडियान अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए पकड़े गए। मौके पर जुआरियों और उनके जुआ फड से पुलिस ने कुल 25,500 नगदी और ताश गड्डी की जप्ती की गई है।



# धान फसल पकते ही हाथियों ने दी दस्तक

**रायगढ़** 07 नवंबर (देशबन्धु)। जंगलों से घिरे रायगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ दिनों की खामोशी के बाद एक बार फिर से जंगली हाथियों का उत्पात फिर से शुरू हो चुका है। इसी क्रम में बीती रात जंगली हाथियों के दल से 25 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। धान की फसल पकते ही जंगली हाथियों के दल का रूख खेतों की ओर हो जाता है जहां जमकर उत्पात मचाने के बाद वे वापस जंगल की ओर निकल जाते हैं।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में इन दिनों 111 जंगली हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं। जिसमें 33 नर, 48 मादा के अलावा 30 शावक शामिल है। इसमें सबसे अधिक छाल रेंज के बनहर में 35 जंगली हाथी, सिंघीछाप में 30, धरमजयगढ़ के रूपुंगा में 25 के अलावा अलग-अलग दल में जंगली हाथी विचरण कर रहे हैं। वहीं रायगढ़ वन परिक्षेत्र के जंगलों में भी 11 जंगली हाथी विचरण कर रहे हैं जिनमें 04 नर, 05 मादा, 02 शावक शामिल है। जिसमें कांटाझरिया में 02, घरघोड़ा के बरौद में 09 जंगली हाथी शामिल है। रायगढ़ और धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र मिलाकर इन दिनों रायगढ़ जिले में 122 जंगली हाथी विचरण कर रहे हैं। रायगढ़ वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों के द्वारा किसी प्रकार कोई नुकसान नही की गई है।

छाल रेंज के डोंगाभौना, सिंघीझाप, देउरमार में 18 किसानों की धान की फसल को नुकसान, धरमजयगढ़ के नरकालो में 03 किसानों की धान की फसल को नुकसान के अलावा चाल्हा में 02, कांसाबहार में 01 किसान की धान की फसल के साथ एक ही रात में जंगली हाथियों ने धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में 25 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

# होम वोटिंग कराने मतदान दलों का हुआ प्रशिक्षण

- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों को गम्भीरता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने किया प्रेरित
- जिले के 172 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता 09 एवं 10 नवम्बर को करेंगे घर से मतदान

**अम्बिकापुर** 7 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के निर्वाचन में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 20 मतदान दलों का गठन किया गया है। इन दलों को मंगलवार को लाइवलीहुड कॉलेज में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतदान के सम्बंध में जरूरी प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार ने स्वयं प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने मतदान कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान के दौरान आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिले में 09 एवं 10 नवम्बर के दिन होम वोटिंग कराई जा रही है। निर्धारित मतदान दिवस के पूर्व यह मतदान किया जा रहा है, आप सभी गम्भीरता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सम्बन्धित क्षेत्र के अधिकारियों को सूचना दें। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक ने सभी को निष्पक्ष और निर्भीक होकर होम वोटिंग की प्रक्रिया करवाने का आह्वान किया। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री अभिषेक कुमार ने मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी और आवश्यक तथ्यों से अवगत कराया। होम वोटिंग के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री फागेश सिन्हा ने प्रशिक्षणार्थियों की शंकाओं का समाधान किया।



उल्लेखनीय है कि होम वोटिंग के लिए कुल 20 टीमें बनाई गई है, प्रत्येक टीम में एक-एक पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी तथा माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा हेतु 6 दल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु 8 दल तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु 6 दल बनाए गए हैं।

# त्योहारों के पूर्व बाजार में व्यवस्था सुधारने जूटी यातायात व कोतवाली पुलिस

**रायगढ़** 07 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व को लेकर बाजार में भीड बढ़ने वाली है। भीड़ व जाम की समस्या से निपटने के लिए जिला पुलिस अपनी कवायद शुरू कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर ट्रैफिक डीएसपी रमेश चंद्रा और थाना प्रभारी कोतवाली शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली और यातायात पुलिस ने रविवार की शाम ढिमरापुर चैक से सुभाष चैक और पूरे मार्केट एरिया में सड़क पर बेतरतीब खड़े दुपहियाध्चार पहिया वाहनों पर चालानी कार्यवाही किया गया।

इस दौरान टीआई शनिप रात्रे ने दुकानदारों को दुकान के बाहर समान नहीं लगाने की समझाइश दिया गया है। सड़क किनारे ठेले लगाने वालों को चिन्हित स्थानों पर दुकान लगाने की समझाइश दी गई है। सुभाष चैक, एसपी ऑफिस के सामने, रेलवे स्टेशन के पास ही कोतवाली पुलिस ने 22 दुपहियाध्चार पहिया वाहन चालकों का चालान काटा गया था । ट्रैफिक डीएसपी रमेश चंद्रा ने बताया कि शीघ्र ही नगर निगम अमला के साथ मिलकर यातायात को प्रभावित कर दुकान के बाहर सामान लगाने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई किया जाएगा और नो पार्किंग एरिया में खड़े वाहनों पर आगे भी नियमों के अनुसार चालानी कार्यवाही जारी रहेगी।

# जला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त माइक्रो आब्जर्वर की ली बैठक

## गंभीरता से दायित्वों के निर्वहन के निर्देश

**अम्बिकापुर** 7 नवंबर (देशबन्धु)। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने जिले में विभिन्न कामों के लिए अलग अलग अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी क्रम में मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया पर निगरानी के लिए माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। सामान्य प्रेक्षक अम्बिकापुर विधानसभा श्री रूपवंत सिंह के साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में माइक्रो आब्जर्वर की बैठक लेकर उनके दायित्वों के प्रति सजग और गंभीर रहने निर्देशित किया।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक ने मतदान प्रक्रिया में माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका और रिपोर्टिंग की जानकारी दी। वास्तविक मतदान के दिन निर्धारित समय से पूर्व मॉक पोल किया जायेगा। जिसमें ईवीएम के भली भांति संचालन और मतदान सही तरीके से पूर्ण होने की जांच की



जाएगी। इसकी निगरानी करते हुए माइक्रो आब्जर्वर द्वारा 18 बिंदुओं पर मतदान की रिपोर्टिंग सीधे संबंधित विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक को उपलब्ध कराई जाएगी।

सामान्य प्रेक्षक श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा माइक्रो आब्जर्वर हेतु निर्धारित दिशा निर्देशों का सूक्ष्म अध्ययन करें जिससे अपने दायित्वों को अच्छी तरह से पूर्ण करने में मार्गदर्शन मिलेगा। आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्ण पालन करें। कलेक्टर श्री कुन्दन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों के साथ अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें जिससे जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराया जा सके। बैठक में सभी माइक्रो आब्जर्वर को होम वोटिंग की प्रक्रिया, निशक्त मतदाता के मतदान हेतु सहयोगी मतदाता, संवेदनशील मतदान केंद्र, मतदान की गोपनीयता, 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी देते हुए चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, एलडीएम श्री विकास गुप्ता एवं निर्वाचन से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### अवैध रूप से फटाखा का भंडारण करने वाला युवक गिरफ्तार



**जांजगीर,** 07 नवम्बर (देशबन्धु)। अपने घर में अवैध रूप से फटाखा का भंडारण कर बिक्री हेतु रखने वाले आरोपी को नैला पुलिस ने 14,450 रुपये का फटाखा जप्त कर विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया की ।

नैला चौकी पुलिस को 07 नवम्बर को जरिए मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बोड़सरा निवासी हेमंत कुमार धीवर अपने घर में अवैध रूप से फटाखा का भंडारण कर बिक्री हेतु रखा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही किया। जिसके कब्जे से अलग अलग पैकेट, कार्टून में रखे विभिन्न प्रकार के अवैध फटाखा कीमती 14,450 रूपये का मिला जिसको बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध चौकी नैला में धारा 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है उक्त कारवाही में उप निरीक्षक सत्यम चौहान चौकी प्रभारी नैला, महिला प्रधान आरक्षक राजकुमारी खूंटे, आरक्षक भूषण राठौर , सतीश राणा, मिलन राठौर, एवं चौकी नैला स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

### धनागर से चोरी हुई ट्रैक्टर लैलूंगा में पकड़ाई लैलूंगा व कोतरा रोड पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़** 07 नवंबर (देशबन्धु)। बीते 26 अक्टूबर को ग्राम धनगर से चोरी ट्रैक्टर को थाना कोतरारोड पुलिस ने लैलूंगा पुलिस की मदद से लैलूंगा थाना क्षेत्र में ढूंढ निकाली। मामले में कोतरारोड़ पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के आरोपी समेत चोरी ट्रैक्टर ट्राली की खरीदी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चोरी को लेकर 31 अक्टूबर को थाना कोतरारोड़ में ग्राम धनागर के विकास अग्रवाल द्वारा उसकी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 13 ए.क्यू. 6393 के 26 अक्टूबर की रात उसके घर के सामने दुकान से कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। कोतरारोड़ पुलिस अज्ञात आरोपी पर वाहन चोरी ( धारा 379 आईपीसी) का अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम की पतासाजी में जुड़ गई। थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक विजय चेलक के हमराह विवेचना क्रम में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास के फुटेज चेक किये गये जिसमें घटना दिनांक को एक व्यक्ति मुंह में कपड़ा बांधे हुए ट्रैक्टर को चोरी कर चलाते हुए ले जाते दिखा, उसके साथ एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में साथ-साथ जा रहा था।

सीसीटीवी फुटेज को आगे चेक करने पर दोनों आरोपी एनएच-49 होते लैलूंगा क्षेत्र की ओर जाते दिखे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज भी लैलूंगा क्षेत्र में संदेहियों की पतासाजी कर रहे थे जिन्हें मुखबीर से एक चोरी ट्रैक्टर ट्राली को ग्राम खेड़आमा का लीलांबर चैहान द्वारा बैस्कीमुड़ा में बेचने के संबंध में सूचना मिला। तत्काल थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा अपने स्टाफ को खेड़आमा भेजा गया और थाना प्रभारी कोतरारोड़ से जानकारी साझा किये। कोतरारोड पुलिस द्वारा ग्राम खेड़आमा के लीलांबर चैहान को हिरासत में लेकर चोरी ट्रैक्टर के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया जिसमें उसने अपने अपने गांव के साथी राजू के साथ मिलकर ग्राम धनागार के विकास अग्रवाल की महिंद्रा ट्रैक्टर को योजना बनाकर चोरी करना बताया।

आरोपी लीलांबर चैहान से छिपा कर रखा ट्रैक्टर इंजन तथा आरोपी रामसिंह पैंकरा के कब्जे से चोरी ट्रैक्टर ट्राली की जब्ती की गई है। प्रकरण में धारा 411, 34 आईपीसी विस्तारित कर दोनों आरोपी लीलांबर चैहान पिता स्वर्गीय मस्त राम चैहान उम्र 35 साल निवासी खेड़आमा थाना लैलूंगा जिला रायगढ़, राम सिंह पैकरा पिता पुनीत राम पैकरा उम्र 26 साल बैस्कीमुडा थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ को कल कोतरारोड़ पुलिस द्वारा रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण का एक आरोपी राजू निवासी खेड़आमा अपने सकुनत से फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

### लोक लुभावन वादे व पैसों का प्रलोभन देने को लेकर हुई शिकायत

**रायगढ़** 07 नवंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे राधेश्याम शर्मा ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त, राज्य निर्वाचन पदाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से भाजपा कांग्रेस के द्वारा प्रदेश में आचार संहिता उल्लंघन करने की लिखित शिकायत की है। साथ ही साथ भाजपा प्रत्याशी ओपी चैधरी एवं कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश शक्राजीत नायक के खिलाफ पुलिस में अपराध दर्ज करने शिकायत पत्र दिया है।

निर्दलीय प्रत्याशी राधेश्याम शर्मा ने अपने लिखित शिकायत में कहा है कि रायगढ़ विधानसभा क्रमांक 16 में भाजपा प्रत्याशी ओपी चैधरी, कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश शक्राजीत नायक के द्वारा शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे बड़े झंडे हजारों की संख्या में लगाये गए हैं। जिसमें मुद्रक, प्रकाशक संख्या प्रकाशित नही है।

रायगढ़ विधानसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी राधेश्याम शर्मा ने आज उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पांडेय को दो शिकायत प्रस्तुत किया है, पहली शिकायत जिसे मुख्य चुनाव आयुक्त भारत सरकार के नाम पर है। इस शिकायत में राधेश्याम शर्मा ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद दोनो ही राष्ट्रीय दल भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव घोषणा पत्र जारी कर मतदाताओं को लुभाने के लिए किसानों की कर्जमाफी, धान का समर्थन मूल्य , नोकरी देने और अन्य लोक लुभावन प्रलोभन दी गई है।यह स्वस्थ्य लोकतंत्र की प्रक्रिया में बाधक है।ये मतदाताओं को पैसे का प्रलोभन दिया जा रहा है जो छत्तीसगढ़ में स्वस्थ निर्वाचन प्रक्रिया नही हो रहा है। ज्ञापन में शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के प्रत्याशियों को अयोग्य घोषित किया जाए और 6 वर्ष तक छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने अयोग्य घोषित किया जाए। वहीं दूसरे शिकायत में राधेश्याम ने रायगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर कहा है की रायगढ़ में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल के प्रत्याशी द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है,शर्मा का आरोप है की हजारों बैनर पोस्टर और फ्लैक्सी दोनो दलों द्वारा रायगढ़ के विभिन्न वार्डो और गांवों में लगाया गया है जिसपर प्रकाशक और मुद्रक का नाम नही है। इन्हे जप्त किया जावे और दोनो प्रत्याशी ओपी चैधरी और प्रकाश नायक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जावे। आगे उन्होंने कहा है कि अगर इन एफआईआर दर्ज नही होता है तो वह स्वयं पुलिस अधीक्षक के पास एफआईआर दर्ज कराने जायेंगे।

# 33 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 9 हजार नौ सौ लिया गया समन शुल्क



**जांजगीर,** 07 नवम्बर (देशबन्धु)। यातायात उलल्धन करने वालो के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत जिले में कुल 33 वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए कुल 9,900 रू समन शुल्क लिया गया।

जिला पुलिस यातायात द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। आज विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में सिलेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नही होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 33 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 9,900 का समन शुल्क लिया गया है । जिसमें थाना जांजगीर द्वारा 03 प्रकरण में 900 थाना बलौदा में 02 प्रकरण में 600 , थाना अकलतरा में 01 प्रकरण में 300 तथा यातायात पुलिस द्वारा 27 प्रकरण में 8100 इस प्रकार जिले में कुल 33 प्रकरण में 9,900/ रू समंस शुल्क लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने अपने वाहन के आगे पीछे सिलेक्टर लगाने एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा नहीं करने एवं मो. सायकल में तीन सवारी नहीं चलाने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने हेतु समझाईस दी जा रही है ।

# 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र की व्यवस्था

### जिले में पहली महिला मतदाता रूखमणी देवी ने किया मतदान कलेक्टर पहुंची घर, मतदाता का बढ़ाया उत्साह

**जांजगीर,** 07 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 80 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। जिसके तहत आज जिले में ऐसे दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही 80 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिये अपने मताधिकार का उपयोग किया। इन दिव्यांग मतदाताओं तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं से मतदान कराये जाने के लिए मतदान दल उनके घर पहुंच रहे हैं। इस कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जांजगीर-नैला नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 17 की निवासी श्रीमती रूखमणी देवी तिवारी पति सालिक राम तिवारी के निवास पर पहुंचकर उनका उत्साह बढ़ाया। श्रीमती रूखमणी देवी ने जिले की पहली महिला वयोवृद्ध मतदाता के रूप में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इससे पहले मतदान दल उनके निवास पहुंचा। दस्तावेजों का मिलान कर एवं प्रक्रिया पूरी करा के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उनका मतदान कराया। वयोवृद्ध महिला मतदाता ने कहा कि पिछले कई चुनावो में मैने अपने मताधिकार का प्रयोग मतदान केन्द्र जाकर किया है परन्तु यह पहली बार हो रहा है, यह मेरे लिये अद्भुत अनुभव है, मैने कभी सोचा नहीं था घर बैठकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाउंगी। कलेक्टर ने उनके निवास पर बैठकर उनके परिजनों को 17 नवम्बर को अपने मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

## कलेक्टर ने सीएमओ, जनपद पंचायत सीईओ की वीसी के माध्यम से ली बैठक




**जांजगीर,** 07 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में संगवारी, दिव्यांग, युवा प्रबंधित एवं आदर्श मतदान केन्द्र के संबंध में जिला कलेक्टोरेट के स्वान कक्ष में वर्चुअल बैठक लेकर समीक्षा की। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं, दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, रैंप, बिजली, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नगर पालिका सीएमओ एवं जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। वीसी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिव्यांग, युवा, संगवारी और आदर्श मतदान केन्द्र में विशेष थीम रखने के निर्देश दिए और आवश्यक सुविधा की समीक्षा की। जिले में प्रत्येक विधानसभा में 10 संगवारी महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र 3 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र एवं 3 युवा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए है एवं इन्हीं में से प्रत्येक विधानसभा में 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आर.के. खुंटे, स्वीप नोडल अधिकारी डॉ आराध्या राहुल कुमार एवं सर्व एसडीएम व सीएमओ, जनपद पंचायत सीईओ उपस्थित थे।

**मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

## दिव्यांग मतदाता जागरूक होकर सहभागी बने- डॉ. मिश्रा




निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन में छत्तीसगढ़ के दिव्यांग मतदाताओं को मत पत्र के माध्यम से घर बैठे मतदान की सुविधा पहली बार दी है। जिले के पहले दिव्यांग मतदाता के रूप में मतदान करने वाले डॉ कौशल मिश्रा प्राध्यापक शासकीय ठाकुर छेदीलाल स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय जांजगीर ने कहा कि निर्वाचन आयोग की यह बेहतरीन पहल है। इससे दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे। उन्होंने अपना अनुभव बाटते हुए बताया कि घर पहुंचे मतदान दल ने पूरी प्रक्रिया पारदर्शी पूर्ण सुव्यवस्थित ढंग से पूरी करायी। मेरे मत की गोपनीयता बनाए रखते हुए मेरे मताधिकार का प्रयोग कराया यह पहली बार है। मेरा सुझाव है कि दिव्यांग मतदाता जागरूक होकर इस सुविधा का लाभ लेकर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बने। एक ट्रेन दुर्घटना में अपने दोनो पैर व एक हाथ से वंचित हो चुके डॉ कौशल मिश्रा हर बार अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं और इस बार जो सुविधा मिली है उससे वे अधिक सहजता से मतदान कर पाएं।

### सार्वजनिक जगह पर शराब पीते 3 गिरफ्तार

**जांजगीर,** 07 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना मुलमुला पुलिस ने आरोपी विजय पटेल, संदीप निर्मलकर,दीपक केवट, को सार्वजनिक जगह पर शराब पीते पाया गया तथा आरोपियों के कब्जे देसी मदिरा शराब, दो खाली सीसी, एवं डिस्पोजल गिलास बरामद किया है।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क किनारे टूटा पुलिया, जगह-जगह बने गड्ढे



**डभरा,** 07 नवम्बर (देशबन्धु)। चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोटमी से खरकेना तक सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पहूंच मार्ग बनाया गया है परंतु सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे बने पुलिया टूट गया है और जगह जगह गड्ढे हो चुके हैं जिसमें हर रोज राहगीर गिर कर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इस ओर प्रधानमन्त्री सड़क निर्माण विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, बार बार इसकी जानकारी विभाग को देने के बाद भी समस्याएं जस की तस बनी हुई है।

बता दें कि इस सड़क मार्ग पर राहगीर एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जबकि आगामी 17 नवंबर को चुनाव होना है इस मार्ग में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों एवं वाहनों का आना-जाना लगा है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है जिला प्रशासन को इस और ध्यान देने की जरूरत है स्थानीय ग्रामीण इस संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों को शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## स्वीप कार्यक्रम में नवविवाहिता वधु का सम्मान



**जांजगीर,** 07 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अंतर्गत नवविवाहिता वधु का सम्मान एवं श्लोगन लेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में नवविवाहिता वधुओं को श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मान किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य उनको मतदान के प्रति जागरूक करना एवं मतदान के लिये प्रेरित करना है, प्रत्येक नवविवाहित का एपिक कार्ड बनाना है। परियोजना अधिकारियों एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों द्वारा नवविवाहिता को मतदाता एप्प के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, यह भी बताया गया की विशेषकर महिलाओं को अपने मताधिकार का आवश्यक रूप में उपयोग करना चाहिए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदाता के अधिकार एवं महत्व को बताया गया की मतदान हमारा अधिकार ही नही बल्कि कर्त्तव्य भी है जिसका उपयोग हमें समाज हित में करना चाहिए। सही व्यक्ति का चुनाव कर हम देश व समाज का भविष्य तय कर सकते है एक-एक मत बहुमूल्य है इसलिए मतदान का उपयोग किसी के बहकावे या लालच में आये बिना सही व्यक्ति के चुनाव में करना चाहिए। जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 16 हजार 349 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं 3 हजार 922 नवविवाहिता वधु सम्मानित हुई। इस दौरान मतदाता जागरूकता हेतु हाथों में मेंहदी, रंगोली बनाया गया तथा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं श्लोगन लेखन किया गया। जिसमें प्रत्येक नवविवाहिता वधु ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। नवविवाहिता वधुओं को सम्मानित कर शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाया गया।

## मतदान दलों का प्रशिक्षण 8 से 10 नवम्बर तक

**जांजगीर,** 07 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु सामान्य मतदान दल, मिश्रित दल, संगवारी बूथ, युवा प्रबंधित, दिव्यांग एवं संबधित रिजर्व में लगे मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का विधानसभावार दलवार प्रशिक्षण 08 नवम्बर से 10 नवम्बर 2023 तक प्रात: 11 बजे से प्रथम पाली एवं दोपहर 2 बजे से द्वितीय पाली में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने उक्त सामान्य मतदान दल, मिश्रित दल, संगवारी बूथ, युवा प्रबंधित, दिव्यांग एवं संबधित रिजर्व में लगे मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण केन्द्र मे उपस्थित होने कहा गया है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा में दिनांक 8 नवम्बर को प्रथम एवं द्वितीय पाली में शासकीय जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय जांजगीर, 9 नवम्बर को प्रथम एवं द्वितीय पाली में शासकीय जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय जांजगीर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा 08 नवम्बर को प्रथम एवं द्वितीय पाली शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 1 हाई स्कूल मैदान जांजगीर, 09 नवम्बर को प्रथम एवं द्वितीय पाली शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक1 हाई स्कूल मैदान जांजगीर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37 जैजैपुर 10 नवम्बर को प्रथम पाली में शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 1 हाई स्कूल मैदान जांजगीर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती 8 नवम्बर को प्रथम एवं द्वितीय पाली शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 2 खोखरा भांठा जांजगीर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ अंतर्गत 9 नवम्बर को प्रथम एवं द्वितीय पाली शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 2 खोखराभांठा जांजगीर, 10 नवम्बर को प्रथम एवं द्वितीय पाली शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 2 खोखरा भांठा जांजगीर और शासकीय जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय जांजगीर मे प्रथम पाली में प्रशिक्षण आायोजित किया जाएगा।

# मतदान दिवस पर उपयोग में आने वाली ईव्हीएम मशीनों का किया जा रहा कमीशनिंग



**सक्ती** 07 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ के समय सारणी अनुसार छत्तीसगढ़ में द्वितीय चरण में होने वाले विधानसभा आम निर्वाचन के तहत जिले के सक्ती, चन्द्रपुर और जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में आगामी 17 नवम्बर को मतदान होगा। जिले के सक्ती, चन्द्रपुर एवं जैजैपुर तीनों विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने की तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री मोहम्मद वाई. सफिरूल्ला के., विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 व 37 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री उमाकांत त्रिपाठी, तीनो विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक श्री शैलेन्द्र कुमार बर्नवाल और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के दिशानिर्देशन में कमीशनिंग का कार्य स्ट्रांग रूम में किया जा रहा है। जिसका आज विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में नंदेलीभाठा स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचकर ईव्हीएम मशीनों के कमीशनिंग कार्य का मुआयना किया गया।

कमीशनिंग कार्य में लगे अधिकारियों कर्मचारियों को नियुक्त प्रेक्षकों और जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवश्यक सुझाव व मार्गदर्शन दिया गया। प्रेक्षकों ने कहा कि निर्वाचन कार्य के अबाधित एवं सुचारू रूप से संपादन के लिए कमीशनिंग कार्य का पूर्ण गुणवत्तापूर्वक किया जाना आवश्यक है। सक्ती जिले में 17 नवंबर को मतदान कार्य किया जाएगा। इसके लिए उपयोग में आने वाली ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग कार्य स्ट्रांग रूम नंदेलीभाठा में किया जा रहा है। इनमें बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनो का कमीशनिंग किया जा रहा है। निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए कमीशनिंग करने के साथ ही प्राप्त निर्देशानुसार आरक्षित मशीन रखते हुए कमीशनिंग कार्य किया जा रहा है। इन मशीनों का उपयोग 17 नवंबर को होने वाले मतदान दिवस पर किया जाएगा। इस दौरान निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर एवम उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती पंकज डाहिरे, रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 चन्द्रपुर सुश्री दिव्या अग्रवाल, रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37 अरूण कुमार सोम सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के तेज झटके


**पोर्ट मोर्सबी।** पापुआ न्यू गिनी के कोकोपो में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार मंगलवार को तड़के 00:53:39 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र कोकोपो से 82 किलोमीर पूर्व की दिशा में धरती की सतह से 24.2 किमी की गहराई में 4.32 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 153.01 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।

# इजरायली सेना ने हमले के मास्टरमाइंड को खत्म किया

**तेल अवीव, 7 नवम्बर (एजेंसियां)।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि उसने 7 अक्टूबर के

■ **7 अक्टूबर के हमले के मास्टरमाइंड में से एक था हमास कमांडर वाएल असेफा**

हमले के मास्टरमाइंड में से एक, हमास कमांडर वाएल असेफा को मार गिराया है। एक्स पर एक पोस्ट में, सेना ने कहा आईडीएफ ने हमास के दीर अल-बलाह बटालियन के कमांडर वाएल असेफा को मार गिराया है। असेफा ने 7 अक्टूबर को इजरायली नागरिकों पर हमला करने, अपहरण करने और हत्या करने के लिए हजारों आतंकवादियों को भेजने में मदद की थी। एक अलग बयान में, आईडीएफ ने यह



भी कहा कि शिन बेत आंतरिक सुरक्षा सेवा और सेना से प्राप्त खुफिया जानकारी के बाद रविवार को हवाई हमले में हमास आतंकवादी मारा गया।

शिन बेत के मुताबिक, असेफा को 1992 से 1998 तक इजरायल के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए जेल में रखा गया था। आईडीएफ की घोषणा इजराइल द्वारा गाजा में अपना जमीनी आक्रमण तेज करने के बाद आई है। यहूदी राष्ट्र ने दावा किया है कि 27 अक्टूबर को जमीनी आक्रमण शुरू होने के बाद से, उसने कई हमास आतंकवादियों को मार डाला है और समूह के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को भी नष्ट कर दिया है। इससे पहले आईडीएफ और शिन बेत ने हमास के सबरा तेल अल-हवा बटालियन के कमांडर मुस्तफा दलुल की हत्या कर दी थी।

### हमास के सैन्य गढ़ पर कब्जा किया

इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों में उत्तरी गाजा पट्टी में हमास आंदोलन के एक सैन्य गढ़ पर नियंत्रण कर लिया है। यह जानकारी इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने मंगलवार को दी। आईडीएफ ने सोशल मीडिय टेलीग्राम पर लिखा, पिछले दिनों, आईडीएफ सैनिकों ने उत्तरी गाजा पट्टी में हमास आतंकवादी संगठन से संबंधित एक सैन्य गढ़ को सुरक्षित कर लिया। टैंक रोधी मिसाइलें और लांचर, हथियार और विभिन्न खुफिया सामग्री सैनिकों द्वारा परिसर में स्थित थीं।

## फिलिस्तीनियों के तुर्किए आने पर कोई समझौता नहीं : एर्दोगन प्रशासन

**अंकारा।** तुर्किए के राष्ट्रपति प्रशासन ने मंगलवार को तुर्किये की धरती पर 10 लाख फिलिस्तीनियों को शरण देने करने पर राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच कथित समझौते की रिपोर्टों का खंडन किया। उल्लेखनीय है कि तुर्किए में कई विपक्षी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि श्री एर्दोगन कथित तौर पर पैसे के बदले में दस लाख फ़िलिस्तीनी शरणार्थियों को तुर्की में स्वीकार करने के लिए सहमत हुए। दुष्प्रचार से निपटने के लिए प्रशासन के केंद्र ने एक बयान में कहा, श्री नेतन्याहू के बयान का हवाला देते हुए कुछ सोशल मीडिया पर साझा की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि हम (श्री एर्दोगन) सहमत हैं कि 10 लाख फिलिस्तीनी तुर्किये के नागरिक बन जाएंगे और बदले में दो अरब डॉलर तुर्किए को मिलेंगे। यह सच नहीं है। हमारे राष्ट्रपति एर्दोगन द्वारा कोई बातचीत नहीं की गई है और इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का ऐसा कोई बयान मौजूद नहीं है। ये दावे पूरी तरह से मनगढ़ंत हैं।

## गाजा सहायता पर फिलिस्तीन, इजरायल संग संपर्क जारी रखेगा रूस : क्रेमलिन

**मॉस्को।** रूस गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के मुद्दे पर फिलिस्तीन, इजरायल और मिस्र के साथ संपर्क जारी रखेगा। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इस आशय की जानकारी देते हुए मंगलवार को हालांकि कहा कि स्थिति अभी मुश्किल बनी हुई है। रूसी आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने कहा है कि दो विशेष उड़ानों ने गाजा पट्टी के निवासियों के लिए 60 टन मानवीय सामान पहुंचाया है जिसमें भोजन और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद शामिल हैं। श्री पेसकोव ने



संवाददाताओं से कहा कि कई अन्य देश भी फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता प्रदान करते हैं। श्री पेसकोव ने कहा, दुर्भाग्य से अब तक बहुत सीमित मात्रा में सहायता वहां और वह भी केवल मिस्र के क्षेत्र के माध्यम से राफा चेकपॉइंट के माध्यम से पहुंचाई जा सकती है, जो बहुत सीमित मोड में संचालित होती है। दुर्भाग्य से आवश्यक मात्रा में सहायता नहीं की जा सकती है। लेकिन निश्चित रूप से रूसी पक्ष फिलिस्तीनियों, इजरायलियों और मिस्रवासियों के साथ सभी संपर्क जारी रखेगा ताकि इस तरह की सहायता की दिशा सुनिश्चित करने के लिए अवसर की तलाश की जा सके। प्रवक्ता ने कहा कि फिलिस्तीन, इज़रायल और मिस्र के साथ दैनिक आधार पर संपर्क हो रहा है, लेकिन उच्चतम स्तर पर संचार की अभी योजना नहीं बनाई गई है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 8 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 10**

### राशिफल

मेष - आप पूरे दिन शारीरिक और मानसिक थकान महसूस करेंगे। परिश्रम की अपेक्षा कम सफलता मिलने से निराशा रह सकती है। नौकरी और व्यापार के संबंध में थोड़ा चिंतित रहेंगे।

वृषभ - आज आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे। उसमें सफलता भी मिलेगी। पिता की तरफ से आपको लाभ मिलेगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

मिथुन - नई योजनाएं शुरू करने के लिए आज अनुकूल दिन है। व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी।

कर्क - आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे। किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण खराब हो सकता है।

सिंह - भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा। मन आनंदित रहेगा।

कन्या - शारीरिक अस्वस्थता के साथ-साथ मानसिक चिंता में वृद्धि होगी। आंख संबंधी शिकायत पैदा होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। उग्रवाणी और अहं के टकराव से किसी के साथ झगड़े या विवाद की स्थिति बन सकती है।

तुला - आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा। गृहस्थ जीवन में सुख- शांति का अनुभव होगा।

वृश्चिक - आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी- व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा।

धनु - शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है। संतान के विषय में चिंता रहेगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

मकर - खान-पान पर ध्यान नहीं रखने से आज तबीयत खराब होने की आशंका है। मरीज़ की चिकित्सा, प्रवास या व्यापारिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। नकारात्मक विचार और क्रोध को दूर रखने से बहुत सी मुसीबतों से बच जाएंगे।

कुंभ - भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल के साथ प्रेम और रोमांस आपके आज के दिन को अच्छा बनाएंगे। नए लोगों के साथ परिचय और मित्रता होगी। सार्वजनिक मान- सम्मान में वृद्धि होगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी।

मीन - घर में सुख- शांति और आनंद का वातावरण बने रहने से आप अपने दैनिक कामों को आत्मविश्वास से कर सकेंगे। आपको स्वाभाविक उग्रता और वाणी की आक्रामकता पर संयम रखने की जरुरत है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**



## जी-7 के विदेश मंत्री टोक्यो में मिलेंगे

**टोक्यो, 7 नवम्बर (एजेंसियां)।** जी-7 समूह देशों के विदेश मंत्रियों की कई अंतरराष्ट्रीय मामलों पर चर्चा करने के लिए दो दिवसीय बैठक मंगलवार से यहां शुरू हो रही है। जापानी विदेश मंत्री योको कामिकावा कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के अपने समकक्षों की मेजबानी करेंगे। इतालवी प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने टोक्यो की यात्रा से पहले कहा, हमारे समय की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने में जी7 केंद्रीयता की पुष्टि करना महत्वपूर्ण है। जी 7 समूह की बैठक के दौरान, इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच संघर्ष के अलावा, मंत्रियों के यूक्रेन में लड़ाई, एशिया प्रशांत में चल रहे सत्ता संघर्ष और उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों पर चर्चा करने की उम्मीद है।

## रूस आधिकारिक तौर पर यूरोपीय हथियार नियंत्रण संधि से बाहर

**मॉस्को, 7 नवम्बर (एजेंसियां)।** मॉस्को में विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि रूस मंगलवार आधी रात को औपचारिक रूप से यूरोप में पारंपरिक सशस्त्र बलों पर संधि (सीएफई) से हट गया है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से कहा, 7 नवंबर, 2023 को 00:00 बजे तक, रूस के लिए सीएफई वापसी प्रक्रिया, जिसे 2007 में हमारे देश द्वारा निलंबित कर दिया गया था, पूरी हो गई है। इस प्रकार, अंतरराष्ट्रीय कानूनी दस्तावेज आखिरकार हमारे लिए इतिहास में चला गया है। इसमें कहा गया है कि रूस को फिलहाल नाटो देशों के साथ हथियार नियंत्रण समझौते की संभावना नहीं दिख रही है। नाटो सदस्य देशों के अधिकारियों और ब्लॉक के ग्राहकों ने स्पष्ट रूप से बातचीत करने में अपनी असमर्थता प्रदर्शित की। आज की स्थिति में, उनके साथ कोई भी हथियार नियंत्रण समझौता असंभव है। सीएफई से संबंधित दो अन्य समझौते रूस के लिए मान्य नहीं रह गए थे - 3 नवंबर, 1990 का बुडापेस्ट



ज्ञापन, जिसने छह वारसॉ संधि देशों के लिए पारंपरिक हथियारों और उपकरणों का अधिकतम स्तर निर्धारित किया था; और 31 मई 1996 का फ्लैंक समझौता, जिसने मूल संधि को संशोधित किया। सीएफई, मूल रूप से 1990 में तत्कालीन नाटो सदस्यों और तत्कालीन छह वारसॉ संधि राज्यों द्वारा हस्ताक्षरित, 1992 में लागू हुआ। इस समझौते का उद्देश्य सभी पक्षों को हथियारों और सैन्य उपकरणों की मात्रा को इकट्ठा करने की अनुमति देकर दोनों सैन्य गठबंधनों के बीच संतुलन स्थापित करना था। 2007 में, रूस ने 2007 में समझौते के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की घोषणा की।

**रूस को फिलहाल नाटो देशों के साथ हथियार नियंत्रण समझौते की संभावना नहीं दिख रही**

### संयुक्त राष्ट्र में बोले चीनी प्रतिनिधि

## अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून में निर्धारित लाल रेखाओं को छुआ नहीं जा सकता

**बीजिंग, 7 नवम्बर (एजेंसियां)।** संयुक्त राष्ट्र में स्थित चीनी उप स्थाई प्रतिनिधि कंग श्वांग ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति में निकट पूर्वी फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र के राहत और कार्य एजेंसी के काम की समीक्षा करते हुए बल देकर कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून में निर्धारित लाल रेखाओं को छुआ नहीं जा सकता।





कंग श्वांग ने कहा कि आज, संयुक्त राष्ट्र का यह राहत और कार्य एजेंसी गाजा पट्टी में 23 लाख बेघर लोगों के लिए अंतिम आश्रय और एकमात्र जीवन रेखा है। चीन नागरिकों के खिलाफ सभी हिंसा और हमलों की निंदा करता है और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सभी उल्लंघनों का विरोध करता है।

संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों, मानवतावादी और चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा की गारंटी दी जानी चाहिए। अस्पतालों, स्कूलों और शरणार्थी शिविरों जैसी नागरिक सुविधाओं को सैन्य अभियानों द्वारा लक्षित नहीं किया जाना चाहिए।

चीन ने फिर एक बार इज़राइल से नाकाबंदी हटाने, आपातकालीन निकासी आदेशों को रद्द करने, गाजा पट्टी में पानी, बिजली, भोजन और ईंधन की आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल करने और गाजा पट्टी में लोगों की सामूहिक सजा को रोकने का आह्वान किया।

चीन 18 संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और गैर-सरकारी संगठनों के प्रमुखों द्वारा जारी संयुक्त अपील का समर्थन करता है, और प्राथमिक लक्ष्य के रूप में तत्काल युद्धविराम का समर्थन करता है।

## पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, दो पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद, 7 नवम्बर (एजेंसियां)।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक तेल ड्रिलिंग कंपनी के संयंत्र पर आतंकवादी हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। द्राजंदा के पुलिस उपाधीक्षक शेर उल्लाह ने बताया कि घटना डेरा इस्माइल खान जिले के द्राजंदा इलाके में सुबह उस समय हुई जब अत्याधुनिक हथियारों से लैस 20 से 22 आतंकवादियों ने संयंत्र में घुसने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि संयंत्र के मुख्य द्वार पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि हमले वाली जगह पर एक तेल का कुआं और कर्मचारियों के आवास थे। अगर हमलावर इलाके में घुसने में सफल हो जाते तो हमले की भयावहता और बड़ी हो सकती थी। उन्होंने बताया कि घायल पुलिसकर्मियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आतंकवादी पहाड़ी इलाके में भाग गए हैं और पुलिस उनके द्वारा छोड़े गए सबूतों के आधार पर उनकी संबद्धता की पहचान कर रही है। फिलहाल किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## आज का इतिहास

1627-मुगल शासक जहांगीर का निधन।

1829-ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिक ने सती प्रथा खत्म करने की पहल की।

1920: भारत की प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना सितारा देवी का जन्म।

1922-दक्षिण अफ्रीकी सर्जन क्रिश्चियन बर्नार्ड का जन्म हुआ।

1927-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ लालकृष्ण आडवाणी का जन्म हुआ।

1929: भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी का जन्म।

1939: एडोल्फ हिटलर की हत्या के लिए टाइम-बम लगाया था। किस्मत से हिटलर बच गया।

1945 -हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई।

1956: संयुक्त राष्ट्र ने सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की।

1957-ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया।

1959-प्रसिद्ध साहित्यकार लोचन प्रसाद पाण्डेय का निधन हुआ।

1967-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।

1972-होम बॉक्स ऑफिस लॉन्च हुआ, जो अमेरिका का सबसे पुराना पेड चैनल है।

1988 -चीन में विनाशकारी भूकंप से 900 लोगों की मौत हुई।

1992 -जर्मनी की राजधानी बर्लिन में नस्लवाद के खिलाफ हुए प्रदर्शन में तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया।

1998: बगलादेश में पहले प्रधानमंत्री शेख मुजीब-उर-रहमान की हत्या के मामले में 15 लोगों को मौत की सजा।

1999: राहुल द्रविड़ और सचिन तेंडुलकर ने वन-डे क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।2008: भारत का पहला मानव रहित अंतरिक्ष मिशन चन्द्रयान-1 चन्द्रमा की कक्षा में पहुंचा।

**राहत** सूखे मेवों की हो रही रिकॉर्ड बिक्री

## कश्मीरियों के लिए खुशहाली लाई दिवाली

■ **सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, 7 नवम्बर (देशबन्धु)। कश्मीरियों के लिए इस बार खुश होने का एक और कारण इस बार की दिवाली पर जुड़ गया है। दिवाली से पहले कश्मीर में सूखे मेवों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण उनकी खुशी का अंत नहीं है। यह पूरी तरह से सच है कि कश्मीरी बादाम से लेकर काजू, क्रैनबेरी, पिस्ता और अन्य सूखे मेवों की किस्मों की बिक्री पिछले दो सप्ताह से बढ़ी है। ड्राई फ्रूट विक्रेताओं ने कहा कि दिवाली पर दोस्तों और परिवारों को ड्राई फ्रूट उपहार में देने की परंपरा है।

इसे देखते हुए दिवाली उनके लिए एक आकर्षक त्योहार साबित हो रहा है। हालांकि इस साल सूखे मेवों की जो जबरदस्त बिक्री में हुई है, वह त्योहारी सीजन के दौरान कश्मीर में पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण भी है। श्रीनगर के रहने वाले थोक ड्राई फ्रूट विक्रेता नूर दीन आजाद कहते थे कि वर्तमान में मांग उच्च स्तर पर है।

ड्राई फरूट विक्रेताओं के पास अच्छी संख्या में ग्राहक आ रहे हैं, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं, जो घर जाने से पहले ड्राई फरूट खरीदते हैं। वे कहते थे कि रोशनी के त्योहार तक शेष दिनों में मांग और भी अधिक हो सकती है। उनके बकौल, कश्मीर में आने वाला हर पर्यटक कम से कम 2-4 किलोग्राम सूखे मेवे खरीदता है। अभी कीमत भी बहुत अनुकूल है। यह पूरी तरह से सच है कि ड्राई



■ **कश्मीर में काफी संख्या में आ रहे पर्यटक**

फरूट विक्रेता कोविड-19 और अफगानिस्तान संघर्ष के दौरान प्रमुख पीड़ितों में से एक थे। और अब पिछले दो वर्षों से पर्यटकों की भीड़ बढ़ने के साथ ही उन्होंने भी वापसी की है।

श्रीनगर के एक अन्य ड्राई फरूट विक्रेता अमीन बिन खालिक का कहना था कि स्थानीय अखरोट के अलावा ड्राई फरूट की बिक्री संतोषजनक है। वे कहते थे कि बिक्री अच्छी है, खासकर दिवाली की पूर्व संध्या पर। लेकिन हम यह नहीं कह सकते कि कश्मीर में ड्राई फरूट उद्योग अभी फलफूल रहा है। दिवाली पर, विभिन्न प्रकार के सूखे मेवे बिकते हैं, जिनमें ज्यादातर बादाम और अखरोट शामिल हैं।

हालांकि, खलीक का कहना था कि कैलिफ़ोर्नियाई और चिली अखरोट के कश?मीर में प्रवेश के कारण स्थानीय अखरोट का बाज़ार लगभग कम हो गया है। खलीक कहते थे कि पहले हमारे अखरोट दिवाली के दौरान हॉट केक की तरह बिकते थे। अब, कैलिफ़ोर्नियाई और चिली अखरोट पूरे भारत में ग्राहकों द्वारा सबसे अधिक पसंद किए जाते हैं। इसका कारण यह है कि अगर कश्मीरी अखरोट की तुलना की जाए तो कैलिफोर्निया के अखरोट की गुणवत्ता बेहतर होती है।

## सुडोकू 6370


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 8 | 6 | | | | | |
| | | 9 | 2 | 1 | | | 6 | |
| 2 | | | | | 8 | | 4 | |
| | | | 9 | | | 8 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 4 | | | 2 | | | |
| | 7 | | 8 | | | | | 3 |
| | 3 | | | 7 | 5 | 9 | | |
| | | | | | 3 | 6 | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6370



**बायें से दायें:-**

१. तमिलनाडु में बहुचर्चित सांड को नियंत्रित करने का प्रदर्शन जिसे बाद में बंद कर दिया गया
३. पत्नी
५. विरोधी, दूसरे पक्ष का
६. कुल, वंश
७. कंगाल, खाली हाथ
९. स्वर्ग (उर्दू)
११. अपने श्रम का प्रतिफल लेने वाला, तनख्वाह लेने वाला
१२. प्रगति करना
१३. लिए, हेतु, कारम
१४. श्रीराम, सियाराम
१६. मैला, गंदा
१८. शरणागत
२०. बाइज्जत
२१. मुसलमानों का एक पवित्र महिना
२३. सुल्तान, सम्राट

**ऊपर से नीचे:-**

१. भीड़, मजमा
२. जिसकी कल्पना न की जा सके
३. लिखित, लिपिबद्ध
४. जेब, पॉकिट, गांठ
५. अलग-अलग खंडों में बांटने वाला विभक्त करने वाला
८. अनिमेष दृष्टि
१०. कानूनी तौर पर या नियमत:
११. प्रारब्ध, भाग्य
१२. बढ़िया, उम्दा, श्रेष्ठ
१३. दक्ष, कुशल
१४. भोलापन
१५. चरणरज
१७. अतएव (उर्दू)
१८. शौर्य, तेज
१९. भांति, भेद
२२. गगन

### वर्ग पहेली-6369

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ हु | न | २ र | मं | ३ द | ■ | ४ प | र | ५ च | म |
| क्म | ■ | ह | ■ | ६ र | फ्ता | र | ■ | प | ■ |
| ७ ना | का | म | ■ | मि | ■ | ८ वा | र्ता | ला | ९ प |
| मा | ■ | दि | ■ | १० या | च | ना | ■ | ■ | र्या |
| ■ | ११ उ | ल | १२ झ | न | ■ | ■ | १३ अ | न्या | य |
| ■ | द्यो | ■ | रो | ■ | १४ रो | मां | च | ■ | वा |
| १५ अं | ग | १६ र | खा | ■ | ध | ■ | १७ ला | १८ ल | ची |
| त | ■ | हा | ■ | १९ सं | क | २० ट | ■ | ल | ■ |
| २१ र | ई | स | ■ | ग्रा | ■ | २२ ख | ट | क | २३ ना |
| ण | ■ | २४ हा | थ | म | ल | ना | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6370 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 2 | 1 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 1 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 |

### दुनिया को जानें


## अमेरिकी खगोल वैज्ञानिकों ने सबसे पुराना ब्लैक होल खोजा

**लॉस एंजिल्स, 7 नवम्बर (एजेंसियां)।** अमेरिकी खगोलवैज्ञानिकों की एक टीम ने अंतरिक्ष में एक्स-रे के माध्यम से सबसे पुराना ब्लैक होल खोज निकाला है। नासा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह खोज उसके दूरबीन की मदद से की गयी है। उसने कहा है कि यह ब्लैक होल अपने विकासक्रम में प्रारंभिक चरण में है और इस तरह की खगोलीय घटना इससे पहले नहीं देखी गयी है। इसका द्रव्यमान उस आकाशगंगा के द्रव्यमान के बराबर है, जिसमें यह ब्लैक होल स्थित है। नासा ने कहा है कि खगोल अनुसंधान कर्ताओं के एक दल ने नासा की चंद्र एक्स-रे वेधशाला और जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (दूरबीन) से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण कर बिगबैंग (महाविस्फोट) से मात्र 47 करोड़ वर्ष बाद इस बनते ब्लैक होल के साक्ष्य एकत्रित किये हैं। नासा के बयान में कहा गया है कि इस अध्ययन से अंतरिक्ष में पहले-पहले बनने वाले बड़े ब्लैक होल की प्रक्रिया पर कुछ नए प्रकाश पड़ने की उम्मीद है। वैज्ञानिकों ने जिस ब्लैक होल की नयी खोज की है वह यूएचजेड1 आकाशगंगा शंकुल एबेल 2744 की दिशा में है।

# खेल जगत

## स्वीयाटेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता और फिर बनी नंबर एक

**मैक्सिको,** 7 नवंबर (एजेंसियां)। पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने सोमवार को संयुक्त राज्य अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया और अपनी विश्व नंबर 1 रैंकिंग फिर से हासिल कर ली। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वीयाटेक ने पेगुला की सर्विस पांच बार तोड़ी और 59 मिनट के संघर्ष में अंतिम 11 गेम जीते। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सीज़न में अपने करियर के कुल 17 खिताबों में से छह जीते और लगातार दूसरे साल विश्व नंबर 1 बनीं। स्वीयाटेक ने मैच के बाद कहा, जो टीम पूरे सीज़न मेरे साथ रही, उसमें हमारे साथ कई उतार-चढ़ाव आए। यह निश्चित रूप से एक उतार-चढ़ाव है। अगर हम इसी तरह काम करते रहे तो हमारे पास निश्चित रूप से और भी बहुत कुछ होगा। पेगुला ने कहा, वह स्पष्ट रूप से वास्तव में वह रैंकिंग चाहती थी। मेरा मतलब है, जिस तरह से वह यहां प्रतिस्पर्धा कर रही थी।



# जादरान के अविजित शतक और राशिद की तेज पारी से अफगानिस्तान ने बनाए 5 विकेट पर 291 रन

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 7 नवंबर (देशबन्धु)। सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के शानदार अविजित शतक की बदौलत अफगानिस्तान ने पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मंगलवार को 50 ओवर में पांच विकेट पर 291 रन का विशाल स्कोर बनाया। अफगानिस्तान ने बेहद गर्मी के बीच खेले गए मैच में आखिरी दस ओवर में 96 रन बनाए। जादरान वन डे विश्व कप के इतिहास में अफगानिस्तान के लिए शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज गई। इब्राहिम जादरान (अविजित 129 रन,143 गेंद, तीन छक्के,आठ चौके) ने राशिद खान (35 रन, 18 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) की मात्र 29 गेंदों में छठे विकेट की 58 रन की असमाप्त तथा रहमत शाह (30 रन, 44 गेंद, एक चौका) के साथ दूसरे विकेट की 83 की भागीदारी ने अफगानिस्तान को बेहद मजबूत स्थिति में अहम रोल अदा किया।

21 बरस के जादरान की तारीफ करनी होगी उन्होंने अपनी उम्र से कहीं अधिक परिपक्व खेली और वानखेड़े की पिच की थाह पाने के बाद उसी के मुताबिक अपने स्ट्रोक खेले। जादरान ने जोश हेजलवुड के आठवें और पारी के 44 वें ओवर की अंतिम की गेंद को मिडऑफ पर खेल कर दो रन दौड़ कर 131 गेंद खेल कर सात चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया। शतक बनाने के बाद जादरान ने अगली 12 गेंदों में तीन छक्के और एक चौके की मदद से 28 रन और बनाए। जादरान की धीमी बल्लेबाजी को लेकर उनकी आलोचना जरूर की जा सकती है लेकिन उन्होंने अकेले ही अफगानिस्तान को पारी को संभाले रखा। ऑस्ट्रेलिया ने बीच के ओवर में विकेट भले ही नहीं लिए लेकिन खासतौर पर जोश हेजलवुड और ऑफ स्पिनर ग्लेन मैक्सवेल ने सधी हुई गेंदबाज जरूर की लेकिन आखिर के पांच ओवर में मैक्सवेल की गजादरान ने पहले विकेट के लिए अपने सलाम जोड़ीदार रहमतुल्लाह गुरबाज (21 रन, 25 गेंद, दो चौके)के साथ 38 रन, रहमत शाह के दूसरे विकेट के साथ 83 ,कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (26 रन, 43 गेंद, दो चौके) के साथ तीसरे विकेट 52 तथा अजमतुल्लाह उमरजई(22 रन, 18 गेंद, दो छक्के) के साथ चौथे विकेट 27 तथा मोहम्मद नबी (12 रन, 10 गेंद, एक छक्का) के साथ 23 रन की छोटी पर बड़ी भागीदारी की। गुरबाज ने जोश हेजलवुड की कूल्हे तक आई गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में डीप बैकवर्ड स्कवॉयर पर मिचेल स्टार्क को कैच थमाया और अफगाानिस्तान ने पहला विकेट 38 रन पर खोया। रहमतशाह ने ऑफ स्पिनर ग्लेन मैक्सवेल की गेंद की पिच तक पहुंचे बिना उसे उड़ाने की कोशिश में लॉन्ग ऑफ पर हेजलवुड को कैच थमाया। गुरबाज और रहमतशाह थोड़ा धैर्य दिखाया होता तो अफगानिस्तान का स्कोर और बेहतर होता।

हशमतुल्लाह को तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने बेहतरीन यॉर्कर पर बोल्ड कर अफगानिस्तान का स्कोर जब 38 वें ओवर तीन विकेट 173 रन कर दिया। अजमतुल्लाह उमरजई तेज अंदाज में खेले और लेग स्पिनर एडम जम्पा की गेंद को उड़ाने के फेर में मैक्सवेल को कैच थमा बैठे। हेजलवुड (2/39) ने मोहम्मद नबी को बोल्ड कर अफगानिस्तान का स्कोर 46 वें ओवर में पांच विकेट पर 233 कर दिया। अगर अफगानिस्तान मुकाबला जीतने में कामयाब रहता है तो फिर उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बढ़ जाएंगी। जबकि ऑस्ट्रेलिया का इंतजार बढ़ जाएगा।



## वन डे विश्व कप में पहला शतक बनाना बेहतरीन अहसास : जादरान

अफगानिस्तान के लिए वन डे विश्व कप में पहला शतक जडऩा बेहतरीन अहसास है। मैंने इस टूर्नामेंट के लिए बेहद कड़ी मेहनत की। मैं पाकिस्तान के खिलाफ शतक पूरा करने से चूक गया थाा लेकिन मैंने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिर विश्व कप में शतक बनाने की मेरी हसरत पूरी हो गई। मैंने कोचिंग स्टाफ से बातचीत की और उनसे कहा कि मुझे लग रहा है कि मैं अगले दो तीन मैचों में अपना शतक पूरा कर लूंगा। पिच अच्छी रही और गेंद बल्ले पर आ रही थी। मैंने महसूस किया कि यदि हम अच्छी भागीदारियां करने के साथ विकेट बचा कर रखेंगे तो हम 330 रन तक बना सकते हैं लेकिन हमने कुछ विकेट गंवा दिए और जैसी बढिय़ा भागीदारियां चाहते थे वैसी नहीं कर पाए। पारी के आखिर में राशिद भई बहुत बढिय़ा खेले। हमारे पास हर प्रतिद्वंद्वी के लिए योजना है और हमारा लक्ष्य ऐसा बड़ा स्कोर बनाना था। मंगलवार के मैच से पहले मेरी सचिन तेंडुकर के साथ बढिय़ा बातचीत हुई और उन्होंने हमारे साथ अपना अनुभव साझा किया। मैंने मंगलवार के मैच से पहले कहा था कि मैं सचिन तेंडुलकर की तरह बल्लेबाजी करूंगा और इससे मुझे बहुत उर्जा और आत्मविश्वास मिला।

## भारत एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में अभियान द. कोरिया के खिलाफ मैच से शुरू करेगा



**नई दिल्ली,** 7 नवंबर (देशबन्धु)। भारत क्वालालंपुर (मलयेशिया) में 5 से 16 दिसंबर तक होने वाले 13 वें एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पूल सी में अपने अभियान का आगाज टूर्नामेंट के पहले दिन दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच से करेगा पहले दिन 12 टीमें खेलती दिखेंगी। भारत की टीम पिछले 2021 के संस्करण में अपने घर में भुवनेश्वर में फ्रांस से हार कर चौथे स्थान पर रही थी। जवाबी हमले में यकीन करने वाले भारत और कनाडा के सामने पूल सी में बेहद मजबूती से चौकसी करनी करने वाले स्पेन के साथ स्ट्रक्चर के साथ हमले बनाने वाली दक्षिण कोरिया की टीम होगी। जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने वाली कुल 16 टीमों को चार-चार टीमों के चार पूल ए, बी, सी, डी में बांटा गया है। मलयेशिया तीसरी बार एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। मलयेशिया ने पहली बार 1992 में क्वालालंपुर में, 1989 में इपोह में और 2009 में जोहोर में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व के क्रमश- दूसरे, चौथे और नौवें संस्करण की मेजबानी की थी।

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की टीम पूल ए में चिली, मलयेशिया और पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ है। कोरोना के चलते ऑस्ट्रेलिया ने पिछले भारत में हुए संस्करण में शिरकत नहीं की थी।

2021 के जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के संस्करण की उपविजेता जर्मनी, भारत को हरा कर कांस्य पदक जीतने वाली फ्रांस और मिस्त्र और दक्षिण अफ्रीकी जैसे अफ्रीकी टीम पूल बी में हैं।

पूल डी में यूरोप की बेल्जियम और नीदरलैंड जैसी मजबूत टीमों के साथ न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीमें है। पाकिस्तान को छोड़ पूल डी में कोई भी टीम अभी तक जूनियर विश्व कप अब तक जीत नहीं पाई है। पाकिस्तान की टीम 1979 में जूनियर एफआईएच पहले संस्करण को छोड़ कर कभी स्वर्ण पदक नहीं जीत पाई है। इस पूल की चारों टीमें ही इस बार अगले महीने क्वालालंपुर में होने वाले जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने में कोई कसर नहीं छोडऩा चाहेंगी।

# मुझे निर्णय लेना था कि मेरी टीम जीत जाए : शाकिब अल हसन



**नई दिल्ली,** 7 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने कहा कि सोमवार को श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मैच में एंजेलो मैथ्यूज के विवादास्पद टाइम-आउट के बाद उन्हें लगा कि वह युद्ध में हैं। हेलमेट की खराबी के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट दिए जाने वाले मैथ्यूज पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बने। शाकिब ने घटना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि बांग्लादेशी क्षेत्ररक्षकों में से एक ने उन्हें बताया कि मैथ्यूज को उनकी पहली गेंद का सामना करने में समय लग रहा है और वे अंपायर से इसकी अपील कर सकते हैं। हमारे क्षेत्ररक्षकों में से एक मेरे पास आया और कहा, यदि आप अभी अपील करते हैं, तो वह आउट हो जाएगा, यदि आप गंभीर हैं। फिर मैंने अपील की और अंपायर ने मुझसे पूछा कि क्या मैं गंभीर हूँ और क्या मैं इसे वापस लूंगा या नहीं। बांग्लादेश के चार विकेट से मैच जीतने के बाद शाकिब ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, मैंने कहा कि नहीं, अगर यह नियम में है, अगर यह बाहर है, तो मैं इसे वापस नहीं लूंगा। यह कानूनों में है। मुझे नहीं पता कि यह सही है या गलत। लेकिन मुझे लगा जैसे मैं युद्ध में हूं। मुझे यह सुनिश्चित करने के लिए निर्णय लेना था कि मेरी टीम जीत जाए और मुझे जो भी करना था, मुझे करना था उन्होंने कहा, सही या गलत - बहस होगी। लेकिन अगर यह नियमों में है, तो मुझे उन अवसरों को लेने में कोई आपत्ति नहीं है। यह घटना तब हुई जब सदीरा समरविक्रमा के आउट होने के बाद मैथ्यूज बल्लेबाजी करने आए और शाकिब की अपील के बाद अंपायर ने टाइम आउट का हवाला देते हुए उन्हें आउट दे दिया। शाकिब हालांकि पहली पारी में हुई घटना से उत्साहित थे। श्रीलंका के 279 रनों का पीछा करते हुए, ऑलराउंडर ने 65 गेंदों में 82 रन बनाए और अंततः मैथ्यूज की गेंद पर आउट हुए जिन्होंने उन्हें विदाई दी। शाकिब ने कहा, मैंने सोचा कि (घटना ने) मुझे प्रेरित रखने में मदद की। हम लड़ाई के बारे में बात करते हैं। मैं 36 साल का हूं, वह लड़ाई हर समय नहीं आती। लेकिन आज इसने एक तरह से मदद की, मैं इससे इनकार नहीं करूंगा। श्रीलंका के कप्तान कुसल मेंडिस अंपायरिंग के फैसलों से निराश दिखे और उन्होंने कहा कि अंपायरों को इस स्थिति में अधिक सामान्य ज्ञान का इस्तेमाल करना चाहिए था। मेंडिस ने मैच के बाद कहा, यह बहुत निराशाजनक है कि जब एंजेलो क्रीज में आए, तो कुछ सेकंड बचे थे, यानी उन्हें तैयार होने में पांच सेकंड बचे थे। उन्हें पता चला कि हेलमेट का पट्टा निकल गया है। यह एक उपकरण विफलता है . इसलिए मैं निराश हूं कि अंपायर उस पर प्रतिक्रिया नहीं दे सके और वहां सामान्य ज्ञान नहीं जोड़ सके। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह एक महत्वपूर्ण समय के दौरान हुआ जब विकेट गिरने के बाद एंजेलो क्रीज पर आये, हमें उम्मीद थी कि वह हमारे लिए कुछ रन बनाएगा, और यह निराशाजनक है कि अंपायर उस समय हस्तक्षेप नहीं कर सके और अच्छे निर्णय नहीं ले सके।

# शाकिब व बांग्लादेश का रवैया स्पष्ट रूप से अपमानजनक था : एंजेलो मैथ्यूज

नई दिल्ली, 7 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ टाइम-आउट दिए जाने के बाद शाकिब अल हसन और बांग्लादेश टीम की हरकतों को स्पष्ट रूप से अपमानजनक बताया। मैथ्यूज ने कहा, मैंने अपने 15 साल के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के दौरान कभी किसी टीम या खिलाड़ी को इतना नीचे गिरते हुए नहीं देखा। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि बांग्लादेश के खिलाफ मैच में उनके हेलमेट का पट्टा टूट गया क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि कोई अन्य टीम ऐसा करेगी। एंगल मैथ्यूज़ को टाइम-आउट का हवाला देते हुए गेंद का सामना किए बिना आउट दिए जाने के बाद शब्द-युद्ध की श्रृंखला शुरू हो गई। मैथ्यूज बल्लेबाजी क्रीज पर आ गए थे और शाकिब की गेंदबाजी का सामना करने की तैयारी कर रहे थे, जब उन्होंने हेलमेट को कसने का प्रयास किया तो उनके हेलमेट का पट्टा टूट गया, हेलमेट बदलने की मांग करते हुए, उन्हें बांग्लादेश की



अपील पर लगभग तीन मिनट और 20 सेकंड में आउट दे दिया गया। मैथ्यूज ने कहा, यह शाकिब और बांग्लादेश के लिए स्पष्ट रूप से अपमानजनक था। अगर वे इस तरह से विकेट लेना चाहते हैं और उस स्तर तक गिरना चाहते हैं, तो इसमें बहुत बड़ी गड़बड़ी है। बांग्लादेश ने जिस तरह से खेला वह बेहद निराशाजनक है। अगर यह मांकड़िंग या क्षेत्ररक्षण में बाधा डाल रहा था, तो कोई समस्या नहीं है। आईसीसी की खेलने की शर्तें यह निर्धारित करती हैं कि नए बल्लेबाज को आउट होने के दो मिनट के भीतर गेंद प्राप्त करने के लिए तैयार होना चाहिए, यदि नहीं तो उसे आउट दिया जा सकता है। हालाँकि, सोमवार की घटना में, समरविक्रमा का कैच पूरा होने के लगभग एक मिनट और 55 सेकंड बाद मैथ्यूज के हेलमेट का पट्टा टूट गया, जब मैथ्यूज शाकिब का सामना करने के लिए अपनी अंतिम तैयारी कर रहे थे - हालांकि उन्होंने अभी तक अपना बचाव नहीं किया था।

दो मिनट के भीतर मैं क्रीज पर था, और जब मैं क्रीज पर था तभी मेरा हेलमेट टूट गया। अंपायरों ने ये देख लिया. मेरे पास अभी भी पाँच सेकंड बचे थे। जब मैंने अपना हेलमेट दिखाया तो अंपायरों ने कहा कि (बांग्लादेश) ने अपील की है। तो मैंने पूछा कि सामान्य ज्ञान कहाँ था क्योंकि मेरे दो मिनट भी नहीं बीते थे। मेरे पास इसे समझाने के लिए शब्द नहीं हैं। अपने 15 साल के खेल में मैंने कभी किसी टीम या खिलाड़ी को इतना नीचे गिरते नहीं देखा। दुर्भाग्य से (पट्टा टूटना) बांग्लादेश के खिलाफ हुआ। मुझे नहीं लगता कि कोई अन्य टीम ऐसा करेगी। यह एक उपकरण की खराबी थी। यह एक सुरक्षा मुद्दा भी था। हम जानते हैं कि बिना हेलमेट के मैं गेंदबाजी का सामना नहीं कर सकता। लेकिन दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे को अंडर-19 दिनों से जानते हैं। मैथ्यूज से जब घटना के बाद शाकिब के बारे में उनके विचार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि विवाद के बाद यह बदल गया है। मैथ्यूज ने कहा, आज तक, मेरे मन में उनके और बांग्लादेश टीम के लिए अत्यंत सम्मान था। आप सभी जीतने के लिए खेलते हैं। यदि यह नियमों के भीतर है, तो यह स्पष्ट रूप से ठीक है। लेकिन आज की मेरी घटना में, दो मिनट के भीतर मैं स्पष्ट रूप से वहां था। हमारे पास वीडियो सबूत हैं और हम बाद में एक बयान देंगे - ऐसा नहीं है कि मैं बस यहां आया हूं और बातें कह रहा हूं। मैं सबूत के साथ बात कर रहा हूं। जिस समय कैच लिया गया था उस समय से लेकर जब तक मैं क्रीज में चला गया तब तक मेरे हेलमेट टूटने के बाद भी मेरे पास पांच सेकंड थे। मैथ्यूज द्वारा स्थिति स्पष्ट करने के बाद शाकिब को अपनी अपील वापस लेने का मौका दिया गया, जो शाकिब ने नहीं किया। हां, शाकिब के पास (अपील वापस लेने) का विकल्प था। वह जानता था कि यह समय बर्बाद नहीं कर रहा था और मैं अपने समय के भीतर वहां था। मैं समय बर्बाद करने या फायदा उठाने की कोशिश नहीं कर रहा था।

## आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | ` | ` | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 8 | 6 | 2 | ` | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 5 | 2 | ` | 1` |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | ` | 8 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | ` | 8 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | ` | 8 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | ` | 4 |
| श्रीलंका | 8 | 2 | 6 | ` | 4 |
| नीदरलैंड | 7 | 2 | 5 | ` | 4 |
| इंग्लैंड | 7 | 1 | 6 | ` | 2 |

## सार संक्षेप

### श्रीलंका की अदालत ने देश के क्रिकेट बोर्ड को किया बहाल

**कोलंबो।** श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे द्वारा बर्खास्त किये गये देश के क्रिकेट बोर्ड को वहां की अदालत ने मंगलवार को बहाल कर दिया है। अदालत ने बोर्ड अध्यक्ष शम्मी सिल्वा की खेल मंत्री रणसिंघे द्वारा क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त किये जाने के कदम को अदालत में चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका कोर्ट ऑफ अपील ने देश के क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त करने के खेल मंत्री के फैसले को रद्द करते हुए सुनवाई पूरी होने तक निष्कासित अधिकारियों को बहाल कर दिया। उल्लेखनीय है कि विश्व कप में भारत से शर्मनाक हार के बाद सोमवार को श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने देश के क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त कर दिया था।

### विराट की आलोचना पर हफीज को वॉन का करार जवाब

नई दिल्ली। भारतीय दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली को अपने जन्मदिन पर एकदिवसीय मुकाबले में सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी करने पर दुनियाभर से मिली बधाईयों के बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज इस महान खिलाड़ी की उपलब्धि पर तिलमिलाते हुए उन्हें स्वार्थी कहने पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने करारा जवाब दिया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर हफीज की इस आलोचना पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने करारा जवाब देते हुए कहा, कमऑन हफीज भारत ने आठ टीमों को पीटा है, उस मुश्किल पिच पर विराट की पारी शानदार थी, उनकी टीम 2` से अधिक रन से जीती, बेवकूफी वाली बातें मत करो। उल्लेखनीय है कि एक वायरल वीडियों में दिखा गया है कि मोहम्मद हफीज ने टॉप क्रिकेट एनेलिसिस के एक शो में कहा कि मैंने विराट कोहली की बल्लेबाजी में स्वार्थ की भावना देखी और इस विश्व कप में ऐसा तीसरी बार हुआ। 49वें ओवर में वह एक रन लेकर अपना शतक पूरा करना चाह रहे थे और उन्होंने टीम को पहले स्थान पर नहीं रखा। उन्होंने 97 रन तक पहुंचने तक अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने जो आखिरी एक-एक करके तीन रन लिये, मैं इरादे के बारे में बात कर रहा हूं। वह चौका या छक्का मारने के बजाय एक रन की तलाश में थे। अगर वह 97 या 99 पर आउट जाते तो कौन परवाह करता है।

# जम्पा संभवत: दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सफेद गेंद स्पिनर : आरोन फिंच

**नई दिल्ली,** 7 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर आरोन फिंच का मानना है कि मंगलवार को अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में अपनी ऊर्जा पा ली है, जिसकी उन्हें टूर्नामेंट की शुरुआत में कमी थी। पहले दो मैच हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लगातार पांच जीत के साथ वापसी की। वे अंक तालिका में दूसरे स्थान पर हैं और सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को और अधिक मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

आरोन फिंच ने आईसीसी कॉलम में लिखा, पिछले पांच मैचों में, विशेष रूप से, मैदान में बहुत अधिक ऊर्जा रही है और मेरे लिए यह हमेशा एक संकेत है कि एक टीम वास्तव में प्रतियोगिता के लिए तैयार है। किसी टीम की सफलता में ऊर्जा बहुत बड़ी भूमिका निभाती है और इसी ने ऑस्ट्रेलिया की सफलता में योगदान दिया है। वे एक बहुत अच्छी क्रिकेट टीम हैं और वे अपनी ऊर्जा के साथ जो लेकर आए हैं वह किसी से कम नहीं है। वे स्पष्ट रूप से एक अत्यधिक कुशल टीम हैं। वे शायद अभी भी अपने स्पिनरों पर काफी भरोसा करते हैं, लेकिन जो चीज मुझे अच्छी लगी वह यह है कि वे अपनी बल्लेबाजी में निरंतरता बनाए हुए हैं।

उन्होंने कहा, मेरे लिए एक सवालिया निशान यह था कि क्या उन्हें रनों का पीछा करना था। अतीत में, यह कभी-कभी थोड़ा अस्थिर हो जाता था और वे लड़खड़ा सकते थे, लेकिन इस विश्व कप में, वे लक्ष्य का पीछा करने में त्रुटिहीन रहे हैं। हालांकि, फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम अधिक रन बनाएगा और टीम में अपना योगदान देगा।



हाल के वर्षों में इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया पर हावी रहा है, लेकिन उनके प्रदर्शन में बदलाव आया है। इंग्लैंड के पास जोस बटलर सहित कुछ महान खिलाड़ी हैं, जो इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ में से एक होंगे। हालाँकि, विश्व कप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। फिंच ने कहा,मुझे नहीं लगता कि ऑस्ट्रेलिया को वास्तव में इसकी परवाह होगी कि उन्होंने इंग्लैंड को हरा दिया है, यह किसी भी अन्य चीज़ से अधिक प्रशंसकों के लिए है। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप जीतने के लक्ष्य के साथ यहां आया था और यह इस बारे में नहीं है कि आपने किन टीमों को हराया, यह पहली वास्तविक चुनौती के रूप में सेमीफाइनल में जगह बनाने के बारे में है। ऑस्ट्रेलिया सिर्फ एक कदम आगे रहकर संतुष्ट होगा। फिंच लेग स्पिनर एडम ज़म्पा से बेहद प्रभावित थे और विदेशी परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया की सफलता का श्रेय उन्हें देते हैं। फिंच ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए ज़म्पा फिर से उत्कृष्ट थे। फिंच ज़म्पा को पूरे प्रारूप में प्रमुख सफेद गेंद वाले स्पिनरों में से एक मानते हैं। स्पिन के साथ, यह जानना है कि बल्लेबाजों और परिस्थितियों को पढ़ने के आधार पर अपनी विविधताओं के साथ कब गेंदबाजी करनी है। वह इस समय बहुत सुंदर गेंदबाजी कर रहे हैं और उन्होंने कई महत्वपूर्ण विकेट लिए हैं। लगातार पांच मैचों में कम से कम तीन विकेट लेने से उनकी अविश्वसनीय निरंतरता चमक गई है। वह शायद पिछले कुछ वर्षों से दुनिया भर के दोनों सफेद गेंद प्रारूपों में प्रमुख सफेद गेंद के स्पिनर रहे हैं, इसलिए यह वास्तव में उनकी कला के कौशल की अच्छी पहचान है। ज़म्पा वनडे विश्व कप 2023 में सात मैचों में 19 विकेट के साथ दूसरे प्रमुख विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। फिंच ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच पर भी अपनी अंतर्दृष्टि साझा की और कहा, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज वानखेड़े पिच का कैसे फायदा उठाते हैं। मुझे लगता है कि तेज़ गेंदबाज़ों को ही ज़्यादा बोलने का मौक़ा मिलेगा। वे वानखेड़े में खेल रहे हैं, जो संभवत: ऑस्ट्रेलिया के हाथों में है। यह वास्तव में अच्छा क्रिकेट विकेट है; यह घूमने की तुलना में थोड़ी अधिक गति में मदद करता है। फिंच ने कहा, यह परंपरागत रूप से उछलता है जो एक बार अंदर आने के बाद इसे बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा बना सकता है, लेकिन यह आपकी पारी शुरू करने के लिए एक कठिन जगह हो सकती है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच महिला विश्व रैंकिंग में अपने सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर

नई दिल्ली, 7 नवंबर (देशबन्धु)। भारत की महिला हॉकी टीम रांची में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में जापान को फाइनल में 4-0 से हरा कर खिताब जीत एफआईएच महिला विश्व रैंकिंग में कुल 2368.83 रैंकिंग में अपने सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गई । इससे पहले भारत की महिला हॉकी टीम एफआईएच विश्व रैंकिग में आठवें स्थान पर थी। भारत की महिला हॉकी टीम हांगजू(चीन) में 19 वें एशियाई खेलों में कांसा जीता था। नीदरलैंड की महिला हॉकी टीम एफआईएच रैंकिंग में 3422.40 अंकों से शीर्ष पर बरकरार है जबकि ऑस्ट्रेलिया (2817.73 अंक) दूसरे और अर्जेंटीना (2766.90 अंक) तीसरे, बेल्जियम (2608.77 अंक) चौथे और जर्मनी (2573.82 अंक) पांचवें पर है।

भारत के लिए एफआईएच महिला विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचना उसके लिए 13 से 19 जनवरी तक , 2024 तक रांची में होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वॉलिफायर्स के लिए बड़ा हौसला मिलेगा। ओलंपिक क्वॉलिफायर्स में भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी, न्यूजीलैंड, जापान, चिली , अमेरिका, इटली और चेक रिपब्लिक के साथ 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने की होड़ में होगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने भारतीय महिला टीम की तारीफ करते हुए कहा, % मैं भारतीय महिला हॉकी टीम को उसकी सर्वश्रेष्ठ एफआईएच छठी रैंकिंग हासिल करने के लिए बधाई देता है और उनकी मेहनत और बलिदान बानगी है। भारतीय महिला हॉकी का लक्ष्य शीर्ष तीन में पहुंचा है।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 2.23 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.75 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.73 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.54 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.53 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 2.37 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.78 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.72 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.53 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.44 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली,** 7 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# 63,000 रुपए तक जा सकता है सोने का भाव: मोतीलाल ओसवाल

**मुंबई,** 7 नवम्बर (एजेंसियां)। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज को लगता है कि सोने की कीमतें आने वाले समय में 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच जाएंगी। इजराइल-हमास युद्ध के चलते अनिश्चितताओं के माहौल में सुरक्षित निवेश की मांग जोर पकड़ रही है। एक और कारण ये है कि दुनिया भर के बैंक ब्याज दरों को बरकरार रखे हुए हैं। 'इस साल, सोने के भाव में उतार-चढ़ाव देखा गया, जिससे तेजी और मंदी दोनों देखने को मिला। प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा आक्रामक दर बढ़ोतरी ने कुछ समय के लिए सर्राफा की चमक को फीका कर दिया था। मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल के भूराजनीतिक तनाव और मौजूदा मौद्रिक नीति ने सोने की कीमत को मजबूत समर्थन दिया है। निश्चित रूप से कीमती धातु के लिए कुछ विपरीत परिस्थितियां हैं जैसे सॉफ्ट लैंडिंग की उम्मीदें, दरों में आगे बढ़ोतरी, भू-राजनीतिक तनाव में कमी। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी से



- **इजराइल-हमास युद्ध के चलते अनिश्चितताओं के माहौल में सुरक्षित निवेश की मांग जोर पकड़ रही**
- **इस साल, सोने के भाव में उतार-चढ़ाव देखा गया**

लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध और अब इज़राइल-हमास संघर्ष तक जोखिम की कीमत सोने में लगाई जा रही है। मध्य पूर्व विवाद में नरमी और/या यूएस फेड के सख्त रुख जारी रहने से सोने की कीमत पर असर पड़ सकता है। हालांकि, ये कारक अपेक्षा से अधिक समय तक नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं जो सोने की कीमत में 63,000 रूपए प्रति 10 ग्राम के लिए प्रेरित कर सकते हैं।


केंद्रीय बैंक की नीतियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, हार्ड और सॉफ्ट लैंडिंग के बीच, जोखिम वाली संपत्तियों में अधिक खरीददारी और डॉलर इंडेक्स और यील्ड में अस्थिरता जैसे कुछ प्रमुख बुनियादी बदलावों के चलते, इस साल सोने और चांदी के भाव में तेज उतार-चढ़ाव देखा गया है। अब तक अस्थिरता कुछ ज्यादा ही रही है। रिपोर्ट बताती है कि इस साल की शुरुआत में सोना 2,070 डॉलर के लगभग सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था और फिर 1,800 डॉलर के करीब निचले स्तर पर आ गया, और अब वापस 2,000 डॉलर पर फिर से पहुंच गया है।

त्योहारी सीजन में सर्राफा की मांग बढ़ जाती है, लेकिन हाल ही में मांग के रुझान में तेज बदलाव देखा गया है, जहां बाजार किसी कारण का इंतजार नहीं करता, और निवेशक जहां भी उचित मौका देखते हैं. निवेश करते हैं। सोने में तेजी के कई कारण हैं जो बार-बार बदलते रहते हैं। लेकिन एक बात तय है - अगर आपने 2019 की दिवाली के दौरान सोने में निवेश किया होता, तो इस दिवाली तक आपको 60 प्रतिशत का रिटर्न मिलता। रिपोर्ट में कहा गया है, 5 और 1 वर्ष की अवधि में एसपीडीआर गोल्ड शेयरों ने क्रमश: 30 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है, जबकि समान समय में घरेलू गोल्ड ईटीएफ का औसत लाभ क्रमश: 55 प्रतिशत और 15 प्रतिशत है।

## लेनोवो और ईपीओएस ने बिजनेस प्रोफेशनल्स के लिए हाई-क्वालिटी ऑडियो सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए मिलाया हाथ

**नई दिल्ली,** 7 नवम्बर (एजेंसियां)। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख लेनोवो और ऑडियो सॉल्यूशन और टेक्नोलॉजी कंपनी ईपीओएस ने मंगलवार को बिजनेस प्रोफेशनल्स के लिए हाई-क्वालिटी ऑडियो सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए स्ट्रैटेजिक एग्रीमेंट की घोषणा की। पार्टनरशिप के जरिए, ईपीओएस पीसी ऑडियो एक्सेसरीज के लिए लेनोवो का ग्लोबल ऑडियो पार्टनर होगा। ईपीओएस पोर्टफोलियो को लेनोवो के थर्ड-पार्टी ऑफरिंग प्रोग्राम में शामिल किया जाएगा, जिससे कस्टमर्स को एक ही स्त्रोत से ऑडियो डिवाइस का व्यापक विकल्प मिलेगा।

एसवीपी वर्ल्डवाइड स्मॉल एंड मीडियम बिजनेस सेगमेंट एंड कमर्शियल प्रोडक्ट सेंटर के लेनोवो आईडीजी एरिक यू ने बयान में कहा, 'ऑडियो टेक्नोलॉजी में लेनोवो और ईपीओएस की विशेषज्ञता के साथ, हम हाई-क्वालिटी ऑडियो सोल्यूशन प्रदान कर सकते हैं जो प्रोफेशनल यूजर्स की जरूरतों को पूरा करते हैं जो कम्युनिकेशन, कोलैबोरेशन और ऑप्टीमल प्रोडक्टिविटी की मांग करते हैं।' पार्टनरशिप के तहत, शुरूआती फेज में कॉन्फ्रेंस कॉल की हाइब्रिड वर्ल्ड को बढ़ाने के लिए प्रोफेशनल्स यूजर्स के लिए डिजाइन किए गए चयनित हेडसेट




जारी करना शामिल होगा। कंपनी ने कहा कि लेनोवो ईपीओएसको-ब्रांडेड हेडसेट में से दो अब भी उपलब्ध हैं, जो टीम्स और जूम के लिए प्रमाणित हैं, और अन्य यूसी ऐप्लिकेशन के लिए अनुकूलित हैं और ईपीओएस की सिग्नेचर साउंड क्वालिटी और कंफर्ट फीचर देते हैं। ईपीओएस के अध्यक्ष जेप्पे डालबर्ग-लार्सन ने कहा, लेनोवो के साथ इस उद्यम को शुरू करने से हमें इस प्रतिबद्धता को जारी रखने, अपनी ऑफरिंग का विस्तार करने और कम्युनिकेशन और कोलैबोरेशन एक्सपीरियंस के लिए नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। मैं हमारी पार्टनरशिप के इस नए चैप्टर को लेकर बहुत उत्सुक हूं।'

## बी2बी खर्च में बढ़ोतरी के मामले में भारतीय व्यवसाय विश्व में अग्रणी : अमेरिकन एक्सप्रेस सर्वे

**नई दिल्ली,** 7 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकन एक्सप्रेस के सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च (सीईबीआर) के सहयोग से हाल में कराए गए एक सर्वे से पता चला है कि भारतीय बिजनेस वैश्विक लीडर्स के रूप में उभर रहे हैं, जिसमें 72 प्रतिशत लोगों को 2023 में बी2बी खर्च में बढ़ोतरी की उम्मीद है, जो वैश्विक औसत 49 प्रतिशत से अधिक है। बी2बी खर्च में इस उछाल के पीछे प्रेरक शक्ति मुख्य रूप से प्रौद्योगिकी निवेश है, उल्लेखनीय 88 प्रतिशत भारतीय व्यवसाय पहली छमाही की तुलना में 2023 की दूसरी छमाही में तकनीकी प्रगति के लिए अधिक धन आवंटित करने की योजना बना रहे हैं। यह कदम भुगतान की गति में सुधार, उत्पादकता बढ़ाने और अधिक डिजिटल उत्पादों के लिए ग्राहकों की मांगों को पूरा करने के उनके लक्ष्यों के अनुरूप है। बिजनेस ट्रेवल फिर वापसी करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि 72 प्रतिशत भारतीय बिजनेस यात्रा, मनोरंजन और खर्चों पर खर्च बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। यह नेटवर्किंग, उद्योग अंतर्दृष्टि प्राप्त करने और संभावित साझेदारियों की खोज पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का संकेत देता है।

इसके अलावा, 68 प्रतिशत भारतीय बिजनेस व्यवसाय और पेशेवर सेवाओं में अधिक निवेश करने का इरादा रखते हैं, जिनमें से एक अहम हिस्सा तकनीकी प्रगति का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए आईटी और प्रौद्योगिकी परामर्श सेवाओं पर अधिक खर्च की उम्मीद करता है।

## डीजीसीए ने यात्री-केंद्रित नियमों का अनुपालन न करने पर एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली,** 7 नवम्बर (एजेंसियां)। यात्री हितों की सुरक्षा के प्रति अपने अटूट समर्पण का संकेत देते हुए विमानन निगरानी संस्था डीजीसीए ने यात्री-केंद्रित नियमों का अनुपालन न करने पर एयर इंडिया को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'डीजीसीए ने उड़ान में व्यवधान के दौरान यात्री देखभाल के उच्च मानक प्रदान करने के महत्व पर लगातार जोर दिया है, जिसमें बोर्डिंग से इनकार, उड़ान रद्दीकरण और देरी भी शामिल है' अधिकारी ने कहा, 'इन नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए डीजीसीए ने 2010 में सीएआर सेक्शन-3, सीरीज एम भाग 4 शीर्षक से यात्रियों को बोर्डिंग से इनकार, उड़ान रद्द होने



और उड़ानों में देरी के कारण एयरलाइंस द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की घोषणा की थी। नियमों को समय-समय पर संशोधित किया जाता रहा है।' मई 2023 से नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) इन यात्री-केंद्रित नियमों के लिए एयरलाइनों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख हवाईअड्डों पर अनुसूचित घरेलू एयरलाइनों का निरीक्षण कर रहा है। अधिकारी ने कहा, 'इन निरीक्षणों के दौरान यह देखा गया कि एयर इंडिया सीएआर के प्रावधानों का पूरी तरह से अनुपालन नहीं कर रही थी। नतीजतन, एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उसे एयरलाइन को नियमों का अनुपालन न करने के बारे में स्पष्टीकरण देने और सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।'

इसी तरह के निरीक्षण पिछले साल भी प्रमुख हवाईअड्डों पर किए गए थे और नियमों के उल्लंघन पर एयर इंडिया को यात्रियों के अस्वीकृत बोर्डिंग पर सीएआर के प्रावधानों के साथ एयर इंडिया द्वारा इसी तरह के गैर-अनुपालन के आधार पर 10,00,000 रुपए (दस लाख रुपए) का जुर्माना लगाया गया था।

### सार संक्षेप

#### रुपया छह पैसे टूटा

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया छह पैसे टूटकर 83.27 रुपए प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.21 रुपए प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया चार पैसे गिरकर 83.25 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों और बैंकरों की लिवाली से 83.27 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.24 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 83.21 रुपए प्रति डॉलर के मुकाबले छह पैसे टूटकर 83.27 रुपए प्रति डॉलर रह गया।

#### फोनपे का डिजिटल गोल्ड पर ऑफर

नई दिल्ली। फोननपे ने धनतेरस और दिवाली के अवसर पर 24 कैरेट सोने पर कैशबैक ऑफर की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि उसके प्लेटफॉर्म से कम से कम 1` रुपये का डिजिटल सोना खरीदने वाले ग्राहक को 3` रुपए तक की कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। यह ऑफर 9 से 12 नवंबर 223 तक सभी एक बार लेनदेन (प्रति यूजर एक बार) के लिए मान्य है। भारत में 19, से अधिक पिन कोड के 1 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने फोनपे प्लेटफॉर्म पर 24 कैरेट सोना खरीदा है। ग्राहक शून्य मेकिंग शुल्क के साथ डिजिटल रूप से प्रमाणित 24 कैरेट सोना खरीद सकते हैं, और निःशुल्क स्टोरेज के लिए बीमाकृत बैंक-ग्रेड गोल्ड लॉकर का उपयोग करके लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक अपने स्टोर किये गए सोने को किसी भी समय बेचने का विकल्प चुन सकते हैं, और पैसा 48 घंटों के भीतर उनके बैंक खातों में जमा हो जाएगा। ग्राहकों के पास अपनी पसंद की किसी भी राशि के लिए डिजिटल गोल्ड में निवेश करने की सुविधा भी है।

#### धानुका एग्रीटेक का मुनाफा 39.4 प्रतिशत बढ़ा


नई दिल्ली। कृषि रसायन क्षेत्र की कंपनी धानुका एग्रीटेक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 11.77 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 73.2 करोड़ रुपए की तुलना में 39.4 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखा जोखा में कहा कि सितंबर 223 को समाप्त इस तिमाही में उसका कुल राजस्व 617.92 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 542.9 करोड़ रुपए की तुलना में 13.8 प्रतिशत अधिक है। दूसरी तिमाही के प्रदर्शन पर धानुका एग्रीटेक के प्रबंध निदेशक एम के धानुका ने कहा 'अनियमित बारिश, गिरती कीमतों और कमजोर निर्यात मांग के बीच चुनौतीपूर्ण समय में कंपनी ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। देश में असमान वर्षा ने भी हमारे राजस्व और आय पर असर डाला। हम अलनीनो स्थितियों और कृषि रसायनों में वैश्विक इन्वेंट्री के बीच वित्तीय वर्ष के शेष महीनों में मांग को लेकर आशावादी हैं।
वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कृषि रसायनों की मांग में सुधार होने की उम्मीद है। सरकार द्वारा रबी फसल के लिए घोषित उच्च एमएसपी और जलाशयों में जल स्तर में वृद्धि की पृष्ठभूमि में, घरेलू बाजार में कृषि रसायनों की मांग में सुधार होने की उम्मीद है।'

# सेंसेक्स और निफ्टी सपाट

**मुंबई,** 7 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, धातु, टेक और रियल्टी समूह में 1.21 प्रतिशत तक को बिकवाली होने से आज शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ सपाट बंद हुआ। बीएसई का तीस साल शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 16.29 अंक उतरकर 64942.40 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 5.05 अंक फिसलकर 19406.70 अंक पर सपाट रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.53 प्रतिशत उछलकर 32190.08 अंक और स्मॉलकैप 0.38 प्रतिशत चढ़कर 38107.62 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3813 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1994 में लिवाली जबकि 1684 में बिकवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां हरे जबकि शेष 20 लाल निशान पर बंद हुई। बीएसई में पांच समूहों में बिकवाली जबकि शेष 15 में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.12, सीडी 0.14, ऊर्जा 0.45, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.19, हेल्थकेयर 1.06, इंडस्ट्रियल्स 0.14, आईटी 0.04, यूटिलिटीज 0.51, बैंकिंग 0.49, तेल एवं गैस 1.11, पावर 0.23 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.22 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस




दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.09, जर्मनी का डैक्स 0.17, जापान का निक्केई 1.34, हांगकांग का हैंगसेंग 1.65 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत गिर गया।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 63 अंक बढ़कर 65,021.29 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर रहा। वहीं, बिकवाली होने से यह दोपहर तक 64,638.10 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद हुई लिवाली से इसने संभलने की कोशिश की लेकिन अंत में पिछले दिवस के 64,958.69 अंक के मुकाबले 0.03 प्रतिशत फिसलकर 64,942.40 अंक पर सपाट रहा।

वहीं, निफ्टी आठ अंक फिसलकर 19,404.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,423.50 अंक के उच्चतम जबकि 19,329.10 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,411.75 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत कमजोर होकर 19,406.70 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की 14 कंपनियों के शेयरों ने नुकसान उठाया। इनमें बजाज फाइनेंस 0.81, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.63, रिलायंस 0.63, आईटीसी 0.55, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.52, एलटी 0.50, टीसीएस 0.45, विप्रो 0.43, एचडीएफसी बैंक 0.37, भारती एयरटेल 0.21, मारुति 0.18, टाटा मोटर्स 0.12, पावरग्रिड 0.10 और हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.04 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 1.92, एनटीपीसी 1.38, एसबीआई 1.11, एक्सिस बैंक 1.06, टेक महिंद्रा 0.50, एशियन पेंट 0.40, आईसीआईसीआई बैंक 0.33, टाटा स्टील 0.29, नेस्ले इंडिया 0.24, एचसीएल टेक 0.18, टाइटन 0.15 और इंफोसिस के शेयरों ने 0.02 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## अमेजन ने 100 प्रतिशत ईवी के साथ भारत में शुरू किया लास्ट-मील फ्लीट प्रोग्राम

**बेंगलुरु,** 7 नवम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर पहली बार, अमेजन ने मंगलवार को 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के साथ भारत में लास्ट-मील फ्लीट प्रोग्राम लॉन्च किया, जो 300 से ज्यादा डिलीवरी सर्विस पार्टनर्स (डीएसपी) को जीरो टेलपाइप इमिशन के साथ कस्टमर डिलीवरी करने में मदद करेगा। नॉर्थ अमेरिका और यूरोप में प्रभावी ढंग से काम करने के बाद अमेजन का फ्लीट प्रोग्राम पहली बार भारत में पूरी तरह से कस्टम-डिजाइन किए गए ईवी के साथ लॉन्च हो रहा है, जिससे डीएसपी के लिए लास्ट मील डिलीवरी के लिए सेफ, हाई-क्वालिटी जीरो-इमिशन व्हीकल तक पहुंच सुविधाजनक हो जाएगी। लास्ट-मील फ्लीट प्रोग्राम 2040 तक रीच-जीरो कार्बन तक पहुंचने के अमेजन के वैश्विक लक्ष्य का हिस्सा है। अमेजन इंडिया के ऑपरेशंस के वीपी अभिनव सिंह ने कहा, 'हम 2040 तक नेट-जीरो कार्बन बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और हमारे डिलीवरी नेटवर्क को डीकार्बोनाइज करना हमें उस लक्ष्य तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण



हिस्सा है।'

सिंह ने कहा, 'भारत में लास्ट मील फ्लीट प्रोग्राम शुरू कर हम अपने डिलीवरी सर्विस पार्टनर्स को हमारे साथ डीकार्बोनाइज करने में मदद करते हैं और हमें खुशी है कि भारत पहला देश है जहां हम ऐसा करने में सक्षम हैं।' प्रोग्राम के शुरुआती चरण में कंपनी ने महिंद्रा ज़ोर ग्रैंड थ्री-व्हीलर ईवी पेश की है। इसका इलेक्ट्रिक पावरट्रेन कोई उत्सर्जन नहीं करता है, जो इसे खराब वायु गुणवत्ता वाले क्षेत्रों के लिए आदर्श बनाता है।

# जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 7 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट फिसलकर 3600 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.49 सेंट की गिरावट के साथ 50.31 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## इस्पात पर कार्बन उत्सर्जन संबंधी दंडात्मक कार्रवाई का विरोध करेगा भारत: गोयल

**नई दिल्ली,** 7 नवम्बर (एजेंसियां) केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत इस्पात उद्योग पर कार्बन उत्सर्जन सीमा को लेकर यूरोपीय या अन्य देशों की ओर से अतिरिक्त शुल्क आरोपित करने या इसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई का विरोध करेगा। राजधानी में इस्पात उद्योग द्वारा आयोजित सम्मेलन 'आईएसए स्टील कॉन्क्लेव 2023' को संबोधित करते श्री गोयल ने कहा कि अपनी बढ़ती आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर निवेश की ओर बढ़ रहा है और इस क्रम में इस्पात उद्योग का विशेष महत्व है। इस्पात उद्योग में कार्बन उत्सजन की सीमा के समायोजन तंत्र (सीबीएएम) से संबंधित चिंताओं पर श्री गोयल ने आश्वासन दिया कि भारत सरकार ने इस मुद्दे को यूरोपीय संघ और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में



उठाया है। उन्होंने भारतीय उत्पादकों और निर्यातकों के लिए उचित व्यवहार के महत्व पर जोर दिया और घरेलू इस्पात उद्योग को नुकसान पहुंचाने वाले अनुचित करों या लेवी का विरोध करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने विकसित देशों के बाजार में भारत के इस्पात उद्योग के लिए प्रवेश की अधिक अच्छी व्यवस्था के लिए मुक्त व्यापार समझौता वार्ताओं के अतंरर्गत इसका ध्यान रखने और इस तरह के किए जाने वाले प्रयासों पर प्रकाश डाला। वाणिज्य मंत्री ने इस्पात उद्योग को प्रभावित करने वाले सुरक्षा शुल्क और अन्य अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों से संबंधित चिंताओं को दूर करने का वादा किया।

श्री गोयल ने कहा कि भारत में इस्पात उद्योग वर्तमान में लगभग 20 लाख लोगों को रोजगार देता है, जो राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देता है। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस्पात उद्योग आत्मनिर्भरता में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकता है क्योंकि भारत इस क्षेत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने का प्रयास कर रहा है। श्री गोयल ने उद्योग से बौद्धिक संपदा और मूल्यवर्धन के महत्व को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास में इस्पात क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने इसी संदर्भ में कहा कि भारत ने 2030 तक अपनी इस्पात उत्पादन क्षमता ढाई गुना कर सालाना 30 करोड़ टन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। श्री गोयल के पास उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्रालय का भी दायित्व है। उन्होंने भारत में एमएसएमई क्षेत्र के लिए इस्पात उद्योग के सहयोग की जरूरत पर भी बल दिया इसके लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता का आग्रह किया। श्री गोयल ने गुणवत्ता मानकों के प्रति उद्योग की प्रतिबद्धता और उपभोक्ताओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पाद सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का विस्तार करने की आवश्यकता को भी रखांकित किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 और उद्योग के हालिया निवेश के साथ-साथ प्रचुर लौह अयस्क संसाधनों और बढ़ती घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग के साथ, भारत 30 करोड़ टन स्टील उत्पादन क्षमता के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए तैयार है।

# सिरगिट्टी के सोम डिस्लेरी में आयकर का छापा

## भोपाल में भी कार्रवाई आधा दर्जन अधिकारी कर रहे छानबीन

## 20 हजार करोड़ सम्पत्ति के मालिक हैं अरोरा



**बिलासपुर**,7 नवंबर ( देशबन्धु)। केन्द्रीय आयकर की टीम ने एक साथ मध्यप्रदेश के भोपाल और छत्तीसगढ़ में बिलासपुर स्थित सोम ग्रुप मेसर्स लीजेंड के ठिकानों पर धावा बोला है।

जानकारी देते चलें कि भोपाल बेस सोम ग्रुप का सिरगिट्टी स्थित डिस्लेरी पर आज सुबह छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया है। छापामार कार्रवाई में टीम को क्या कुछ हासिल हुआ मामले में अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं है। बहरहाल डिस्लेरी स्थित बन्द कार्यालय में अधिकारी फाइलों को जरूर खंगाल रहे हैं।

बताते चलें कि सोम ग्रुप का संचालन भोपाल से किया जाता है। मालिक किसी पार्टी विशेष के प्रभाव में है। ग्रुप के मालिक का हमेशा विदेश प्रवास रहता है। करीब 20 हजार करोड़ के सम्पत्ति के मालिक हैं।

सोम ग्रुप का बाटलिंग प्लान्ट बिलासपुर स्थित सिरगिट्टी में है। जानकारी के अनुसार आयकर की छापामार टीम में इन्दौर और मुम्बई के अधिकारी शामिल हैं।

सूत्र ने बताया कि सोम ग्रुप के सिरगिट्टी स्थित डिस्लेरी में इन्दौर और मुम्बई की संयुक्त आयकर टीम ने सुबह आठ बजकर सात मिन्ट के करीब कार्यालय में धावा बोला है। टीम में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल है। सभी लोग बन्द कमरे के अन्दर जांच पड़ताल कर रहे है। सोम ग्रुप मालिक का नाम जगदीश अरोरा है।

# कलेक्टर ने लोगों से मतदान करने किया मनुहार

## तेजानी परिवार से की मुलाकात, दिया नेवता

**बिलासपुर,** 7 नवंबर (देशबन्धु) ।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने शहर के टिकरापारा निवासी तेजानी परिवार को आज हल्दी सुपारी के साथ मतदान का नेवता दिया। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा तैयार किये गये मतदान मनुहार कार्ड के जरिए पूरे परिवार से मतदान की अपील की। उनके इस नेवते को तेजानी परिवार ने सहर्ष स्वीकार किया। जिले की सभी विधानसभाओं के मतदाता ज्यादा से ज्यादा मताधिकार का प्रयोग करे इसके लिये जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने अनूठी पहल की है। कलेक्टर ने सभी मतदाताओं को चुनई तिहार के लिए मतदाता मनुहार पत्र भेजकर शत-प्रतिशत मतदान की अपील की है। निमंत्रण पत्र में सभी मतदाताओं को 17 नवंबर की सुबह 8 बजे से मतदान केन्द्र में पहुँचकर मतदान का आग्रह किया गया है, साथ ही मतदाताओं से कहा है कि अपने साथ परिवार व ईष्टमित्रों को भी मतदान केन्द्र तक ले जाए। उन्होंने कहा है कि आपके हर एक वोट से लोकतंत्र मजबूत होगा। 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए मतदाता पर्ची वितरण का कार्य शुरू हो गया। कलेक्टर ने आज बीएलओ द्वारा बांटे जा रहे मतदाता पर्ची वितरण कार्य का भी जायजा लिया और लोगों को मतदान के लिए अपील करने कहा।



# सार-संक्षेप



## इंस्टाग्राम पर हुए प्यार के बाद युवती से मिलने दिल्ली से आया युवक पुल से कूद गया

**बिलासपुर**, 7 नवंबर (देशबन्धु)। इंस्टाग्राम के माध्यम से हुए प्यार के बाद दिल्ली में रहने वाला युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए शहर पहुंच गया। यहां युवती ने परिवार का हवाला देकर उससे मिलने से इन्कार कर दिया। इससे नाराज युवक ने इंदिरा सेतु से नदी में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह युवक को बचाकर पुलिस के हवाले कर दिया है। सरकंडा पुलिस ने घटना की जानकारी युवक के स्वजन को दी है।सरकंडा थाना प्रभारी जेपी गुप्ता ने बताया कि हरियाणा में रहने वाला हर्ष कुमार निजी सुरक्षा एजेंसी में काम करता है। कंपनी एयरपोर्ट में सुरक्षा मुहैया कराती है। हर्ष कुमार दिल्ली के एयरपोर्ट में काम करता है। युवक की कोरबा जिले में रहने वाली युवती से इंस्टाग्राम पर पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल पर भी बातचीत होने लगी। युवक ने बीते दिनों अपने प्यार का इजहार युवती से किया था।रविवार को वह अपनी प्रेमिका से मिलने बिलासपुर आ गया। इधर युवती ने अपने परिवार का हवाला देते हुए युवक से मिलने से इन्कार कर दिया। इससे युवक दुखी था। सोमवार की दोपहर उसने इंदिरा सेतु से नदी में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह युवक को बचा लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को थाने लेकर आ गई। पूछताछ के बाद घटना की जानकारी युवक के स्वजन को दी गई है। स्वजन की मौजूदगी में बयान के बाद युवक को उनके हवाले कर दिया जाएगा।

## छठ पूजा 17 से

**बिलासपुर**, 7 नवंबर (देशबन्धु)। छठ महापर्व, जिसे कभी बिहार और उत्तर भारत का पर्व माना जाता था, लेकिन बिलासपुर में विगत 23 वर्षों से इसे बिहार से भी बढ़कर मनाया जाता है। हर वर्ष छठ पूजा आयोजन को लेकर छठ पूजा समिति का गठन किया जाता है। इसी क्रम में छठघाट में पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच, भोजपुरी समाज, सहजानंद सरस्वती समाज और छठ माता के भक्तों की सामूहिक में - छठ पूजा के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। 17 से 20 तक छठ पर्व मनाया जाएगा। छठी मैया की आराधना के साथ प्रत्यक्ष देव सूर्य देव को अर्घ्य प्रदान करने के इस महापर्व का आरंभ 17 नवंबर को नहाय खाय के साथ होगा।

## प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों और चेकपोस्ट का निरीक्षण




**बिलासपुर**, 7 नवम्बर(देशबन्धु)। चुनाव आयोग के सामान्य प्रेक्षक उदयन मिश्रा ने आज बेलतरा और मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन से ज्यादा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न कमरों का अवलोकन कर आयोग द्वारा निर्देशित व्यवस्था की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने लगरा,बरेली, कौवाताल, झरमला आदि केंद्र पहुंचकर मौका मुआयना किया। मतदान के दिन 17 नवंबर को शाम तक अंधेरा होने की संभावना को देखते हुए प्रकाश की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने बहतराई चेक पोस्ट में स्थापित एसएसटी टीम के कामकाज की जानकारी ली। अब तक किए गए वाहनों की चेकिंग और बरामद नकदी व सामग्रियों की जानकारी ली। कोनी इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया का भी अवलोकन किया।

## तालाब में महिला की मिली लाश

**बिलासपुर**,7 नवंबर (देशबन्धु)। सीपत - थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कौड़िया निवासी दिवाकर पूरी गोस्वामी की पत्नी नीलम गोस्वामी बीती रात से लापता थी, जिसकी भनक पति को रात 1:30 बजे के आस पास लगी, पति दिवाकर द्वारा अपने अन्य परिवार जनों के साथ रात में ही खोजबीन शुरू कर दी गई थी।लेकिन सुबह गांव में हल्ला हुआ कि एक महिला की लाश गांव के तालाब में तैर रही है, मौके पर जाकर देखे तो लाश नीलम गोस्वामी उम्र 35 वर्ष की थी। मामले की सूचना सीपत थाने में दी गई जहाँ मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए भेज दिया।वही आस पास के लोगों से पूछताछ कर अपनी विवेचना में जुट गई है। महिला देर रात तालाब तक कैसे पहुँची।उसकी मौत के पीछे क्या वजह है इसका पता अभी नही चल पाया है, फ़िलहाल पुलिस तमाम पहलुओं पर जांच कर रही है।

# मतदान दलों के प्रशिक्षण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## कलेक्टर ने दलों को बीयू, सीयू और व्हीव्हीपेट की दी जानकारी



**बिलासपुर**, 7 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए गठित मतदान दलों के प्रशिक्षण का द्वितीय चरण आज बिलासपुर सहित सभी चारों ब्लॉक मुख्यालयों में एक साथ शुरू हुआ। कलेक्टर अवनीश शरण ने शहर के दो प्रशिक्षण स्थलों मल्टीपर्पस स्कूल दयालबंद एवं लालबहादुर शास्त्री स्कूल का निरीक्षण कर दलों को जरूरी टिप्स दिए।

कलेक्टर ने प्रशिक्षण में लगभग पौन घण्टे तक प्रशिक्षणार्थियों से लिए गए प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली और प्रशिक्षण से संबंधित रोचक सवाल भी पूछे। कलेक्टर ने मशीनों के क्रम से लेकर मॉकपोल, सीआरसी से संबंधित सवाल पूछे। उन्होंने बीयू, सीयू और व्हीव्हीपेट के मशीनों के क्रम निर्धारण जैसे प्रश्न पूछे और स्वयं मशीनों को क्रम से लगाकर दिखाया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के शंकाओं का समाधान भी किया। प्रशिक्षण में हैंडस ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को अभ्यास भी कराया गया।कलेक्टर ने कहा कि चुनाव आयोग के मंशानुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव करवाने पर जोर दिया। उन्होंने मतदान दलों के सदस्यों को एक साथ बैठने कहा और आपस में परिचित होने के निर्देश दिए ताकि चुनाव के दिन किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

प्रशिक्षणार्थियों को मतदान पूर्व की तैयारियां, ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट को सील करना, मतदान प्रारंभ करना, डाकमत पत्र, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, निशक्त: मतदाताओं द्वारा मंताकन, अमिट स्याही लगाना, मतदाता के हस्ताक्षर जैसी प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि व्हीव्हीपेट, कंट्रोल एवं ईव्हीएम के सभी तार स्पष्ट रूप से दिखने चाहिए इसमें पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। कहीं से भी छुपा होना नहीं चाहिए। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 के कर्तव्यों के बारे में भी प्रकाश डाला गया।

## सुविधा केन्द्र का लिया जायजा

मतदान ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के मताधिकार का उपयोग सुनिश्चित करने जिला कार्यालय सहित सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण स्थल पर बनाये गये सुविधा केन्द्रों का भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने जायजा लेकर जरूरी निर्देश दिए। इन केन्द्रों पर डाक मतपत्र से मतदान सहित संपूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर ने पोस्टल बैलेट पेपर प्रत्याशियों के समक्ष ही खोलने कहा और इसका रिकॉर्ड रखते हुए रजिस्टर में सभी के हस्ताक्षर भी लेने कहा। मतदान अधिकारी से वर्तमान में आयोग द्वारा किए गए प्रावधान भी पूछे।निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत, सीईओ जिला पंचायत अजय अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर शैलेष पाण्डेय, एमटी आलम मौजूद थे।

# हत्या का प्रयास करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर**,7 नवंबर (देशबन्धु)। गाली गलौच की बात को लेकर मारपीट कर हत्या का प्रयास करने वाले 5 आरोपियों को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

रतनपुर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी नीतेष कहरा निवासी कहरापारा रतनपुर का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनाँक 06/11/2023 को शाम लगभग 07:00 बजे प्रार्थी अपने दोस्त उद्धव बरिहा, संजय सिदार, उदित आर्मो के साथ दुलहरा तालाब पार्टी मना रहे थे। तथा आपस में मजाक-मजाक में गाली गलौच कर रहे थे, वहीं पास में कुछ और लोग पार्टी कर रहे थे उनको लगा कि प्रार्थी व उनके साथी उन लोग को गाली दे रहे हैं, तो वे लोग उत्तेजित होकर प्रार्थी व उसके दोस्त लोग के पास आये और हमे गाली क्यों दे रहे हो बोलते हुये, प्रार्थी व उनके साथियों को अश्लील गाली गलौच करने लगे, जिन्हे प्रार्थी के दोस्त उदित आर्मो उर्फ लाला पिता महेंद्र आर्मो उम्र 25 वर्ष ग्राम रतनपुर के द्वारा गाली देने से मना करने पर दुर्गेश साहू, राजू यादव व अन्य लोगों के द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का व लात से मारपीट कियें हैं तथा हत्या करने की नीयत से वहीं पास में रखे चाकू से उदित के पेट व सीने में जानलेवा हमला कर दिये, जिससे आहत उदित बेहोश होकर वहीं गिर गया। तब प्रार्थी के अन्य दोस्तों के द्वारा बीच बचाव करने पर दुर्गेश, राजू व उनके अन्य साथी वहाँ से फरार हो गये, आहत को रतनपुर अस्पताल लाया गया जहाँ से बेहतर उपचार के लिये बिलासपुर रिफर कर दिया, प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय बिलासपुर के दिशा निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं अनुविभागीय अधिकारी(पुलिस) कोटा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी रतनपुर द्वारा टीम गठित कर फरार आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी जो भागने के फिराक में थे। तकनीकी व मुखबिर सूचना के आधार उक्त आरोपी 1.दुर्गेश कुमार साहू पिता रामकुमार साहू उम्र 31 वर्ष, 2.लोकेष कुमार कोशले पिता स्व. रामपुरी कोशले उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी सिंघरी थाना रतनपुर जिला बिलासपुर,3.राजू यादव पिता स्व. बल्ला यादव उम्र 34 वर्ष निवासी बंगालीपारा सरकण्डा,4.अरविंद कौशिक पिता लखन कौशिक उम्र 28 वर्ष निवासी माता चौरा के पास सरकण्डा 5.पंकज साहू पिता संजीव साहू उम्र 32 वर्ष निवासी जोरापारा आरोपियों को उनके सकुनत स्थान पर दबिश देकर अभिरक्षा में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ किया गया जो उक्त आरोपियों द्वारा घटना कारीत करना स्वीकार करने से आरोपियों को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## पुलिस कर्मियों के लिए 10 से 14 नवम्बर तक डाक मतदान की व्यवस्था

**बिलासपुर** ,7 नवम्बर (देशबन्धु)। कानून व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों के लिए जिला कार्यालय परिसर में डाक एवं इडीसी के जरिए मतदान की व्यवस्था की गई है। मंथन सभागार के ऊपर बड़े हॉल में 10 से 14 नवम्बर तक कार्यालयीन समय में मतदान किया जा सकता है। पात्र मतदाता अपना कोई पहचान पत्र के साथ उपस्थित होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। फार्म 12 प्रस्तुत करने वाले सभी पुलिस कर्मियों को मतदान की सुविधा उपलब्ध होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी कर ड्यूटी में लगे सभी पुलिस कर्मियों को डाक मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं।

## चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस में मना फार्मेसी सप्ताह

**बिलासपुर**,7 नवंबर (देशबन्धु)। स्कूल आफ फार्मेसी, चौकसे इंजीनियरिंग कालेज, चौकसे कालेज आफ फार्मेसी, इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल स्टडीज, चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस ने संयुक्त रूप से फार्मेसी सप्ताह मनाया। इसका शुभारंभ दो नवंबर को हुआ। इसमें जिला एवं आस-पास के समस्त फार्मेसी कालेज के छात्र-छात्राओं ने %विभिन्न आयोजनों में शामिल हुए। इसका उद्घाटन पीसीआइ के सदस्य एवं ईआरसी चेयरमैन डा. दीपेंद्र सिंह के मुख्य में हुआ।

NECC

| 08.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 530 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 95 | 195 |

डिलीवरी 545 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

# सुआ नृत्य के जरिए दिया मतदाता जागरूकता संदेश

## कलेक्टर ने बिहान दीदीयों और बच्चों का बढ़ाया उत्साह

**बिलासपुर**, 7 नवंबर(देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के जरिए बिलासपुर का अभिमान बढ़ाने आज मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप सुआ एवं महारंगोली के कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुआ नृत्य का आयोजन बिल्हा के शासकीय कॉलेज एवं महारंगोली का आयोजन बिलासपुर के साईंस कॉलेज मैदान में हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने दोनों कार्यक्रम में शामिल बिहान दीदीयों और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस कार्यक्रम के गवाह हजारों लोग बने।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और स्वीप के नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल की मौजूदगी में बिल्हा के शासकीय कॉलेज में विशाल सामूहिक स्वीप सुआ नृत्य की प्रस्तुति से समूचा माहौल जीवंत एवं मतदाता जागरूकता अभियान से सराबोर हो गया। छत्तीसगढ़ के इस पारंपरिक नृत्य को दिवाली की खुशियों एवं समृद्धता को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। स्वीप सुआ कार्यक्रम में बिहान की दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूली छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

मतदाता जागरूकता अभियान का संदेश देने वाली सुमधुर संगीत की धुन पर सामूहिक स्वीप सुआ नृत्य किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं का आत्मविश्वास बढा है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी को मतदान करने और कराने के लिए प्रेरित किया। विधानसभा आम निर्वाचन में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।



समारोह में शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान के नारों से पूरा बिल्हा गूंज उठा। शहर के साईन्स कॉलेज मैदान में महारंगोली कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली, कॉलेज और वॉलिन्टियर्स ने मतदाता जागरूकता से संबंधित विशाल रंगोली बनाकर लोगों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188